मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार



# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

श्रावण, पक्ष - शुक्ल, तिथि - द्वितीया, संवत 2078 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-7, अंक-28, 8 सितम्बर - 14 सितम्बर, 2021 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-




## तालीबान का भारत के प्रति खतरनाक नजरिया!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा

@jagrukjanta.net

**जब** से अफगानिस्तान में तालीबान का कब्जा हुआ है अफगानी नागरिकों में देश छोड़ने के लिए भागमभाग मची हुई है। अब जबकि अमरीका अफगानिस्तान को अलविदा कह चुका है तालीबान बिना लगाम का घोड़ा हो गया है। कुछेक देशों को छोड़ दें तो दुनियाभर में तालीबान की नीतियों का विरोध हो रहा है। दुनिया के देश तालीबान को मान्यता देने और नहीं देने की उलझन में दिखाई दे रहे हैं। अमरीका के अफगानिस्तान से लौट जाने के बाद फिलहाल कोई इसका विकल्प नजर नहीं आ रहा है हालांकि पंजशीर घाटी में जरूर इसके विरोध में लड़ाई लड़ी जा रही है। पिछले दिनों तालीबानी प्रवक्ता ने अपने इंटरव्यू में कहा था कि दोहा में अमरीका और विभिन्न देशों के साथ हुए समझौते के अनुसार अफगानिस्तान की धरती से किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में दखल नहीं दिया जाएगा और न ही कहीं सैन्य कार्रवाई करेंगे। मगर अफगानिस्तान में एक गुरुद्वारे से तालीबानियों द्वारा झंडा उतार दिए जाने पर भारत ने अपना विरोध व्यक्त किया था जिसके बाद झंडा वापस लगा दिया गया। इसी प्रकार कश्मीर में मुसलमानों को सताया जा रहा है तो वहां हमें बोलना पड़ेगा। इसका सीधा-सीधा मतलब है कि तालीबान कश्मीर में किसी न किसी प्रकार आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देगा। आज तालीबान कश्मीरी मुसलमानों का हिमायती बन रहा है तो कल को वह कहेगा कि भारत में 20 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं और हम भारतीय मुसलमानों के लिए आवाज उठाएंगे। इसका मतलब साफ है। वह सोची-समझी रणनीति के तहत भारत के मुसलमानों को भड़का कर यहां अशांति पैदा करेगा। ऐसे में भारतीय मुसलमानों को सतर्क रहना होगा और किसी भी प्रकार कट्टरता को स्वीकार नहीं करेंगे। क्योंकि तालीबानी सोच मध्ययुगीन सोच है जिसका जीता-जागता उदाहरण अफगानिस्तान में 20 साल पहले देखा गया और वर्तमान में देखा जा रहा है। हालांकि भारत में तालीबानी प्रभाव दिवास्वप्न जैसा ही है।

shivdayalmishra@gmail.com

## तालिबान की नई सरकार का ऐलान, मुल्ला अखुंद बने प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर पूरी तरह कब्जा करने के तीन हफ्ते बाद तालिबान ने अपनी सरकार का ऐलान कर दिया है। मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद को मंत्रि परिषद का प्रमुख यानी नई सरकार का मुखिया बनाया गया है। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने इसकी जानकारी दी। तालिबान ने बताया है कि अभी एक केयरटेकर कैबिनेट सरकार की जिम्मेदारी संभालेगी। तालिबान ने बिना किसी समारोह के सरकार की घोषणा की है, समारोह बुधवार को हो सकता है। तालिबान की अंतरिम सरकार की लिस्ट इस तरह है..

**प्रधानमंत्री** - मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद, **डिप्टी PM 1** - मुल्ला बरादर, **डिप्टी PM 2** - अब्दुल सलाम हनाफी, **गृह मंत्री** - सिराजुद्दीन हक्कानी, **रक्षा मंत्री** - मोहम्मद याकूब मुजाहिद, **वित्त मंत्री** - मुल्ला हिदायतुल्ला बदरी, **विदेश मंत्री** - मौलवी आमिर खान मुतक्की, **शिक्षा मंत्री** - शेख मौलवी नूरुल्ला मुनीर, **शरणार्थी मामलों के मंत्री** - खलीलउर्रहमान हक्कनी, **उप विदेश मंत्री** - शेर मोहम्मद स्टेनेकजई




## जोधपुर में पूर्व विधायक का सिर फोड़ा

***वोटिंग के लिए पंचायत समिति सदस्यों को ले जा रहे थे गाड़ी से, अचानक पांच वाहनों में आए बदमाशों ने किया पथराव, एम्स में भर्ती***

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** लूणी के पूर्व भाजपा विधायक जोगाराम पटेल पर मंगलवार को हमला हो गया। पटेल धवा में उप प्रधान को लेकर जा रहे थे। लूणावास कला के निकट वाहनों में आए बदमाशों ने पथराव कर दिया। पत्थर जोगाराम के सिर पर आ लगा। घायल अवस्था में पटेल को धवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। वहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ। वहां से उनको एम्स लाया गया है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे लूणावास कला के निकट करीब पांच कार में आए 5-6 अज्ञात लोगों ने सड़क पर पत्थर रखकर पूर्व विधायक की गाड़ी रोकने का प्रयास किया। गाड़ी में मौजूद जीते हुए उम्मीदवारों को बाहर निकालने में नाकाम रहे तो पथराव कर दिया। इस हमले में गाड़ी में मौजूद पूर्व विधायक जोगाराम के सिर में गहरी चोट आई है। घायल पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि यह हमला सोची-समझी साजिश है।

## जागरूक खबरें

### ■ शास्त्री-कोहली भीड़भाड़ वाली इवेंट में गए, BCCI नाराज

**लंदन @ जागरूक जनता।** टीम इंडिया ने शानदार अंदाज में ओवल टेस्ट जीतकर देश को फख्र का मौका दिया है, पर बीसीसीआई टीम के कोच रवि शास्त्री और कैप्टन विराट कोहली से नाराज बताया जा रहा है। दरअसल, पिछले हफ्ते शास्त्री और विराट लंदन में एक भीड़भाड़ वाली इवेंट में शामिल हुए थे। इसके बाद रविवार को शास्त्री कोरोना संक्रमित हो गए।



**तापमान**

| | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 32°C | 26°C |
| जोधपुर | 33°C | 25°C |
| अजमेर | 34°C | 25°C |
| उदयपुर | 31°C | 24°C |

सूर्योदय ▸ प्रातः 06:07 बजे सूर्यास्त ▸ सांय : 06:33 बजे चन्द्रोदय ▸ 07:07 बजे चन्द्रास्त ▸ 07:44 बजे

## जागरूक खबरें

### आयुष शर्मा - यूथ आइकन अवॉर्ड से सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय संस्था "TGS- प्राण वायु" द्वारा शिक्षा, सामाजिक, उद्दमी व नवाचर शिक्षण तकनीक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती के प्रकाश संस्था प्रमुख के के भारद्वाज ने बताया कि सम्मान समारोह में जयपुर, राजस्थान से युवा शिक्षक, शिक्षाविद, नवाचर शिक्षण तकनीक व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आयुष कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। आयुष कुमार शर्मा का स्वयं का निजी विधालय है और वे स्वयं शिक्षक भी है। ये सामाजिक क्षेत्र में भी हमेशा अग्रणी रहते है। पूर्व में भी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आयुष कुमार शर्मा को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह, राजस्थान के पूर्व राज्य मंत्री अरुण चतुर्वेदी ने सम्मानित किया है। सीकर रोड स्थित एक निजी होटल में लगभग 75 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### ओम सेवा समिति ने गरीब महिलाओं को राशन वितरण किया



**जयपुर @ जागरूक जनता।** ओम सेवा समिति ने 101 गरीब महिलाओं को राशन वितरण किया। इस अवसर पर कुछ सम्मानीय अधिकारी भी मौजूद थे। जिसमें गणगौरी बाजार स्थित दीनदयाल अस्पताल के अधीक्षक राम बाबू शर्मा, प्लास्टिक एसोसिएशन के अध्यक्ष छबलदास नवलानी एवं नगेंद्र वशिष्ठ, मुखी लोकचन्द हरीरामानी, बाबूलाल रामचंदानी परमानंद तिलोकानी एवं मातृशक्ति अध्यक्ष भूमि कृपलानी, मीना तुलसियानी, कविता गंगवानी, रुचिका बुलानी, कोमल गुरनानी एवं धनवंतरी लालवानी ने अपनी सेवाओं दी। छबल दास नवलानी एवं डॉ राम बाबू शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए और कुछ नए टिप्स भी बताएं जो बहुत सराहनीय थे। अन्त में लोकचन्द हरिरामनी ने राम बाबू का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### आजादी अमृत महोत्सव व स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहीद हिम्मत सिंह शेखावत राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर में राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के दिशानिर्देशनुसार संस्था प्रधान सुआलाल शर्मा, प्रथम सहायक सीमा सोनी, प्रभारी अनिता सैनी व सरोज वर्मा के नेतृत्व में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ को आजादी अमृत महोत्सव के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष में कोविड प्रोटोकॉल के साथ बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स व प्रेरणादायक नारों के साथ प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता पखवाड़े की सफल क्रियान्वित के लिए निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान सुआलाल शर्मा ने निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संस्था प्रधान ने समस्त स्टॉफ के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर सभी का आभार व्यक्त किया।

### ग्रेटर नगर निगम : भूखंड के पट्टे, उपविभाजन-पुनर्गठन और निर्माण स्वीकृति अब मिलेगी ऑनलाइन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** ग्रेटर नगर निगम में भवन-निर्माण एवं संकर्म समिति की बैठक चेयरमैन जितेंद्र श्रीमाली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति सदस्यों सहित अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक राजेश तुलारा, उपायुक्त आयोजना महेश चंद्र मान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से भूखंड के पट्टे, उपविभाजन-पुनर्गठन, निर्माण स्वीकृति एवं नाम परिवर्तन संबंधी कार्य के लिए ऑनलाइन ही आवेदन करने का निर्णय लिया गया। श्रीमाली ने बताया कि लोगों को भूखंड का पट्टा लेने, उनका उपविभाजन और पुनर्गठन के लिए नगर निगम मुख्यालय में बेवजह चक्कर काटने पड़ते हैं। लोगों को यह सुविधा घर बैठे मुहैया करवाने के लिए अधिकारियों को आदेश दे दिए हैं।

# भिक्षावृत्ति से मुक्त होगा जयपुर

## शहर में 3000 हजार भिखारियों के सर्वे के बाद शुरु हुआ अभियान

## 16 पुलिसकर्मियों की चार टीमें करेंगी भीख मांगने वालों को हटाने का काम

**जयपुर शहर को 'भिक्षावृति मुक्त शहर' बनाने के लिए मंगलवार को अभियान के पहले दिन बड़ी चौपड़, रामबाग चौराहा, गोपालपुरा पुलिया, 200 फिट बाईपास से अभियान का आगाज हुआ**



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर को भिक्षावृति मुक्त शहर बनाने के लिए मंगलवार से पुलिस कमिश्नरेट ने समाज कल्याण विभाग के सहयोग से एक अभियान की शुरुआत की। जिसमें शहर के विभिन्न चौराहों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंडों एवं सार्वजनिक स्थानों पर भिक्षावृति में लिप्त व्यक्तियों को रेस्क्यू कर समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हित दो केंद्रों राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, जालूपुरा और सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम, सामुदायिक भवन, थड़ी मार्केट शिप्रापथ पर भेजा गया। अभियान के संचालन के लिए एसीपी नरेन्द्र दायमा के नेतृत्व में चार पुलिस निरीक्षकों एवं 16 कांस्टेबलों की चार टीमों का गठन किया गया है। जयपुर शहर को भिक्षावृति मुक्त शहर बनाने के लिए मंगलवार को अभियान के पहले दिन सुबह 10 बजे से बड़ी चौपड़, रामबाग चौराहा, गोपालपुरा पुलिया, 200 फिट बाईपास से अभियान का आगाज हुआ। जिसमें समाज कल्याण विभाग के निदेशक ओ.पी. बुनकर, अतिरिक्त निदेशक एस.एल. पहाड़िया, सहायक परीविक्षा अधिकारी रमेश दहमीवाल एवं उप निदेशक (पालनहार) मनोज शर्मा भी मौजूद रहे।

### काउंसलिंग के बाद राजकीय वृद्धाश्रम, महिला सदन व निःशक्तकेंद्र भेजा जाएगा

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजयपाल लांबा ने बताया कि इन दोनों केंद्रों पर भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों की काउंसलिंग के बाद राज्य सरकार द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, महिला सेवा सदन, निःशक्तजन केन्द्रों में भेजा जाएगा। वहीं रोजगार करने के इच्छुक भिक्षारियों को प्रशिक्षण दिलवाकर समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित करने का प्रयास किया जायेगा। पुलिस कमिश्नरेट जयपुर के द्वारा दोनों केन्द्रों पर 24 घंटे पुलिस टीम तैनात रहेंगी, ताकि कोई भिखारी वहां से भाग नहीं सकें। टीम के प्रभारी एसीपी नरेंद्र दायमा ने बताया कि पिछले दो महीनों में शहर में करीब 3000 भिखारियों का सर्वे कर चिन्हित किया गया था। इसके बाद उनकी जानकारी जुटाकर समाज कल्याण विभाग को जानकारी दी गई। अब इन भिखारियों को शहर में विभिन्न स्थानों से हटाकर रेस्क्यू केंद्र भेजा जा रहा है।

# 62 साल बाद आज से 13 दिन का भाद्रपद शुक्ल पक्ष

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**1959 में आया था भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 दिन का**

**2021 के 11 वर्ष पहले भी 2010 में वैशाख शुक्ल पक्ष था 13 दिन का**

**जयपुर।** इस बार 62 साल बाद भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15 दिन के बजाय 13 दिन का आएगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष 8 सितंबर को शुरू होगा, जो पूर्णिमा 20 सितंबर तक रहेगा। इससे पहले भाद्रपक्ष शुक्ल पक्ष साल 1959 में 13 दिन का आया था। हालांकि 13 दिन का पक्ष इस बार 11 साल बाद ही आ रहा है, इससे पहले वर्ष 2010 में वैशाख शुक्ल पक्ष 13 दिन का आया था। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि सामान्यतः एक पक्ष 14 या 15 दिन का होता है, लेकिन इस बार यह भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 दिन आ रहा है, संस्कृत में इसे क्षयपक्ष कहते है। महाभारत काल में भी ऐसा ही दुर्योग बना था, इस बार भी सितंबर माह में यह 13 दिन का पक्ष पड़ रहा है। ऐसे में इसे कष्टप्रद माना जाता है।

### 13 माह पहले और 13 माह बाद तक प्रभाव...

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 दिन का होना अशुभ फल दायक है। ऐसा माना जाता है कि जिस संवत में तेरह दिन का पक्ष आता है वह वर्ष शुभ नहीं होता है। इस प्रकार का पक्ष असाध्य रोगों का उत्पादक होता है। युद्ध की स्थितियां भी पैदा करता है। जिस माह में तेरह दिन का पक्ष होता है, उसका प्रभाव 13 महीने पहले और 13 महीने बाद तक रहता है। ज्योतिषाचार्य शर्मा का कहना है कि वर्तमान में जो महामारी फैली हुई है, उसका प्रभाव अगले साल सितंबर तक रहने की संभावना है।

### प्रतिपदा और त्रयोदशी का क्षय

पं. जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस बार भाद्रपद शुक्ल पक्ष की शुरुआत द्वितीया से हो रही है, यह 13 दिन का रहेगा, शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा और त्रयोदशी का क्षय हो रहा है। पक्ष का क्षय होना शास्त्र में श्रेष्ठ नहीं माना गया है। इसके चलते प्रकृति प्रकोप आदि देखने को मिलते है।

# हेरिटेज नगर निगम 2 अक्टूबर को बांटेगा 2500 पट्टे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश की जनता को राहत प्रदान करने के लिए 2 अक्टूबर से शुरू हो रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान में हेरिटेज नगर निगम पहले दिन 2500 पट्टे बांटेगा।

अभियान की तैयारी को लेकर हेरिटेज निगम मुख्यालय में मंगलवार को महापौर मुनेश गुर्जर ने निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें अभियान की तैयारी को लेकर सभी जोन उपायुक्तों के साथ आयोजना शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए। महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में हेरिटेज नगर निगम पहले दिन 2500 पट्टे देगा, इसकी पूरी तैयारी कर ली है। अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर रहे हैं। इसके अलावा सिटी सर्वे रिकार्ड को डिजीटलाइजेशन करवाने, हेरिटेज की समस्त स्वीकृत योजनाओं के स्वीकृत स्कीम प्लान वेबसाइट पर अपलोड करने, राज्य सरकार की ओर से निर्धारित संख्या के पट्टों का वितरण सुनिश्चित करने के लिए डोर-टू-डोर सर्वे के निर्देश दिए है। सभी जोन उपायुक्त 7 दिन में डोर-टू-डोर सर्वे कर लेंगे।

**एनआईए में अमृत महोत्सव का शुभारम्भ**

# आयुर्वेद और योग को बढ़ाने की जरूरत - सोनोवाल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** केन्द्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान डीम्ड विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश में भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष में आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ 60 वर्ष पार आयु के वरिष्ठ स्त्री-पुरुषों और फ्रंट लाइन कोरोना वारियर्स को 'गुडुची धनवटी' आयुर्वेद औषधि एवं गिलोय के पौधों का वितरण कर किया। केन्द्रीय मंत्री ने संस्थान परिसर की स्वच्छता के लिए संस्थान कुलपति और स्टाफ को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। इस असर पर सोनवाल ने संस्थान चिकित्सक प्राध्यापकों, छात्रों और कर्मचारियों से भी विशेष रूप से मुलाकात की। संस्थान प्रमुख प्रो. संजीव शर्मा, उपनिदेशक प्रो. आर.के.जोशी ने केन्द्रीय उयुष मंत्री को राजस्थानी साफे, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति नेकेन्द्रीय मंत्री का आयुर्वेद छात्रो को एम्स नई दिल्ली के मेडिकल छात्रों के बराबर इंटर्नशिप भत्ता देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे छात्रों में उत्साह के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

**क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में इम्युनिटी बढ़ाने के लिए निःशुल्क औषधि वितरण**

# आयुष-64 के देशभर में सकारात्मक परिणाम

**नगर निगम हेरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर ने किया शुभारम्भ**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आयुष मंत्रालय भारत सरकारने कोविड-19 महामारी में अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं (फ्रंट लाइन वर्कर) तथा वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों के लिए इम्युनिटी बढ़ाने वाली आयुर्वेदीय औषधि संशमनी वटी तथा अश्वगंधा के व्यापक वितरण का बनीपार्क स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम (हेरिटेज) महापौर मुनेश गुर्जर ने शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. बी.आर. मीणा ने कहा कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत देशभर में आयुर्वेद द्वारा महामारी के दौरान आम आदमी तथा फ्रंट लाइन वर्कर को जागरूक किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत कोविड-19 के दौर में पहले भी मंत्रालय द्वारा आयुष-64 टेबलेट का देशव्यापी वितरण किया जा चुका है। जिससे औषधि के सकारात्मक परिणाम सामने आए। उन्होंने बताया कि आयु संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गग देशभर में बड़ी संख्या में व्याख्यानों के जरिए एक करोड़ से अधिक लोगों को आयुर्वेद से कोविड के बचाव की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. डी.एन. पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजस्थान सरकार ने इस समारोह में आयुर्वेद के सटीक पौराणिक वैज्ञानिक देकर लोगों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुनेश गुर्जर महापौर नगर निगम जयपुर हेरिटेज ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैं इस कार्यक्रम में आकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। कोरोना महामारी के दौरान इम्युनिटी बढ़ाने में आयुर्वेद ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुकेश मीणा अध्यक्ष पिंकसिटी प्रेस क्लब ने आयुष मंत्रालय द्वारा कोविड-19 महामारी में किए जा रहे प्रबंधन और बचाव कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. वीबी कुमावत, अनुसंधान अधिकारी (आयु.) ने सभी को औपचारिक धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में उपस्थित हुए आम एवं वरिष्ठ नागरिकों को संशमनी वटी एवं अश्वगंधा चूर्ण, तुलसी, गिलोय, मीठा नीम आदि औषधीय पौधों का वितरण किया गया।

ANCHOR | रीट परीक्षा

# चेन, अंगूठी, घड़ी, कान के टॉप्स, लॉकेट पहन कर नहीं आ सकेंगे परीक्षार्थी

**इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स पर भी रहेगा प्रतिबंध**

**रीट परीक्षा केंद्र पर इंटरनेट सेवा रहेगी बंद**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट रीट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में घड़ी, चेन, अंगूठी, कान के टॉप्स, लॉकेट या किसी भी प्रकार के आभूषण पहन कर नहीं आ सकेंगे। पर्स, हैंडबैग या डायरी लाने पर भी रोक रहेगी। यदि वह इनमें से कुछ भी अपने साथ लाते हैं तो उन्हें इसे परीक्षा केंद्र के बाहर रखना होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी भी परीक्षार्थी की ही होगी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से रीट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों पर यह नियम लागू करेगा। बोर्ड ने परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा केंद्र पर भी किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यानी मोबाइल, ब्लूटूथ, केलकुलेटर आदि लाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। अगर परीक्षार्थी के पास इनमें से कोई भी वस्तु पाई जाती है तो उस पर अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम 1992 के तहत कार्यवाही की जाएगी। परीक्षार्थी अपने साथ पानी की पारदर्शी बोतल लेकर आ सकेगा।

### इंटरनेट सेवा रहेगी बंद

**बोर्ड** की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक ऐसे परीक्षा केंद्र जहां पर इंटरनेट की सुविधा है उन परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र पहुंचने से कम से कम दो घंटे पहले ही इंटरनेट सुविधा को बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र पर कक्षाओं कोचिंग अथवा हॉस्टल का संचालन नहीं होगा।

### 20 सितंबर से शुरू होगा कंट्रोल रूम

**बोर्ड** कार्यालय में 20 सितंबर से केंद्रीय कंट्रोल रूम प्रारंभ होगा, जो 22 सितंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक और 23 सितंबर से 27 सितंबर तक सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक कार्यरत रहेगा। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0145-263436 और 2630437 है। इसके साथ ही जिला कंट्रोल रूम की भी स्थापना की जाएगी। सभी जिला कलेक्टर कार्यालयों और जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कार्यालय में 25 सितंबर सुबह छह बजे से 26 सितंबर को परीक्षा समाप्ति तक और परीक्षा सामग्री, संबंधित जिले से अजमेर कार्यालय के लिए रवाना होने तक कार्यरत रहेंगे। परीक्षा के एडमिट कार्ड परीक्षा तिथि से 10 से 12 दिन पूर्व जारी किए जाएंगे।

### आधा घंटे पहले पहुंचना होगा जरूरी

**परीक्षा** का आयोजन दो पारियों में होगा, जिसमें तकरीबन 26 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पारी में कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए करवाई जाएगी। पहली रीट लेवल टू (कक्षा6 से 8) पहली पारी में सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक और लेवल वन यानी (पहली से 5वीं) तक की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से शाम छह बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा, अन्यथा उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### की जाएगी वीडियोग्राफी

**ऐसे** परीक्षा केंद्र जो संवेदनशील और अति संवेदनशील हैं उनकी वीडियोग्राफी की जाएगी। ऐसे परीक्षा केंद्र जो निजी स्कूलों में बनाया जाएगाए वहां आधे वीक्षक सरकारी होंगे और सुपरवाइजर का काम भी सरकारी अधिकारी और कर्मचारी करेंगे। जिससे परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे और परीक्षा भयमुक्त वातावरण में परीक्षा दे सकें।

### कोविड प्रोटोकॉल की पालना पर फोकस

**बोर्ड** और विभाग का प्रयास रहेगा कि जिन कर्मचारियों और शिक्षकों की ड्यूटी रीट परीक्षा में लगाई जानी है उन्होंने वैक्सीन की डबल डोज लगवा रखी हो। परीक्षार्थियों के लिए ऐसी कोई बाध्यता नहीं रखी गई है। परीक्षा केंद्रों पर कोविड प्रोटोकॉल के सभी नियमों का पालन किया जाएगा।



## मुख्यमंत्री गहलोत का बीजेपी पर खुला आरोप, कहा...

### जिन लोगों का है हाथ, वो पहले भी कर चुके राजस्थान सरकार गिराने का प्रयास

# हॉर्स ट्रेडिंग से बीजेपी ने बनाया ज़िला प्रमुख

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गहलोत ने कहा है कि बीजेपी कल तक सरकार पर सत्ता का दुरुपयोग करने के आरोप लगा रही थी, लेकिन बीजेपी ने जयपुर जिला परिषद में हॉर्स ट्रेडिंग का सहारा लेकर अपना जिला प्रमुख बनाया है। अगर कांग्रेस सरकार पिछली बीजेपी सरकार की तरह सत्ता का दुरुपयोग करती, तो ऐसा संभव ही नहीं होता। गहलोत ने यह भी आरोप लगाया है कि इस हॉर्स ट्रेडिंग के खेल में वही लोग शामिल हैं, जो पहले भी राजस्थान में सरकार गिराने की गलत कोशिश कर चुके हैं। गहलोत ने इस बयान के ज़रिए सीधे सीधे बीजेपी के साथ ही बिना नाम लिए सचिन पायलट गुट पर निशाना साध दिया है। कांग्रेस आलाकमान को भी इसके ज़रिए बड़ा संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि गहलोत के आरोपों को इस घटना से और मजबूती मिल सके।

### भाजपा के मुख्यमंत्री पद के 6 दावेदारों ने मेरे खिलाफ की बयानबाजी

**गहलोत** ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले एक साल से भाजपा के केन्द्रीय मंत्री और स्थानीय नेता लगातार मेरे खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। भाजपा के मुख्यमंत्री पद के 6 दावेदारों ने बिना तर्कों और फैक्ट्स के मेरे और प्रदेश सरकार के खिलाफ बयानबाजी की। मैंने कभी इनका जवाब नहीं दिया। लेकिन राजस्थान के 6 जिलों में हुए पंचायतीराज चुनावों में जनता ने मुंहतोड़ जवाब देकर उनका मुंह बन्द कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के अहंकार और गलत प्रचार के खिलाफ जनता ने पंचायतीराज चुनावों में मुंहतोड़ जवाब दिया है।

#### गहलोत बोले, जनता बड़ा जनोदश दिया

## गांवों से भाजपा का सफाया, 2023 में फिर से सरकार बनाएंगे



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा के केन्द्रीय मंत्री एवं स्थानीय नेता लगातार मेरे खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। भाजपा के मुख्यमंत्री पद के छह दावेदारों ने बिना तर्कों एवं तथ्यों के मेरे एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ बयानबाजी की। मैंने कभी इनका जवाब नहीं दिया, लेकिन जनता ने मुंहतोड़ जवाब देकर इनका मुंह बन्द कर दिया है। जनता ने कांग्रेस को आशीर्वाद देकर बड़ा जनादेश दिया है और गांवों की सरकार से भाजपा का सफाया कर दिया है। इन चुनाव परिणामों में किसानों और ग्रामीण जनता का भाजपा के प्रति गुस्सा स्पष्ट तौर पर दिखाई दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे सुशासन पर जनता ने मुहर लगाई है और 2023 में कांग्रेस की सरकार बनाने का रास्ता भी जनता ने तय कर दिया है।

## जयपुर में कांग्रेस का उपजिला प्रमुख बना, मोहन डागर जीते



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर में आज फिर खेला हुआ। कांग्रेस के मोहन डागर ने एक वोट से जयपुर जिला उप प्रमुख का चुनाव जीत लिया है। 51 में से कांग्रेस के मोहन डागर को 26 और भाजपा की राजकंवर को 25 वोट मिले। सोमवार को भी क्रॉस वोटिंग की वजह से जिला प्रमुख भाजपा की रमा देवी चुनी गई थी। आज फिर क्रॉस वोटिंग हुई, जिसमें कांग्रेस का उप जिला प्रमुख बना। उप जिला प्रमुख मोहन डागर ने भाजपा की राज कंवर को हराया है। मोहन डागर की जीत पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि लोकतंत्र में बिके हुए लोग कहां टिकते हैं। हम हर उधार का हिसाब बराबर रखते हैं।

### जनता ने खारिज की नैगेटिव राजनीति

**उन्होंने** कहा कि भाजपा के नेता जन कल्याण की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की बजाय उल जलूल बयानबाजी करते हैं। भाजपा के नेता समझ नहीं रहे हैं कि उनकी नैगेटिव राजनीति को जनता ने खारिज कर दिया है। प्रदेश सरकार के कोविड प्रबंधन, जनकल्याण की योजनाओं और गुड गवर्नेंस का जनता ने स्वागत किया है। जनता ने कांग्रेस को आशीर्वाद देकर बड़ा जनादेश दिया है और गांवों की सरकार से बीजेपी का सफाया कर दिया है। इन चुनाव परिणामों में किसानों और गांवों की जनता का भाजपा के लिए गुस्सा स्पष्ट तौर पर दिखाई दिया है। इन चुनावों में भाजपा के केन्द्रीय मंत्रियों तक ने प्रचार किया, लेकिन जनता उनके झूठ और गलत प्रचार में नहीं आई। प्रदेश सरकार के गुड गवर्नेंस पर जनता ने मुहर लगाई है और 2023 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का रास्ता भी जनता ने तय कर दिया है।

### राजस्थान में सत्ता विरोधी लहर को नकारा

गहलोत ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को 32 महीने हो गए हैं। लेकिन यहां कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है। यहां हुए हर चुनाव में जनता ने कांग्रेस का साथ दिया है। विधानसभा उपचुनाव, शहरी निकायों और पंचायत राज के चुनावों में जनता ने कांग्रेस को भरपूर आशीर्वाद दिया है। भाजपा को भी स्पष्ट संदेश दिया है कि वो राजस्थान में सरकार में आने के सपने देखना छोड़ दे। राजस्थान की जनता ने प्रदेश सरकार की सभी जनहित की योजनाओं को अपना समर्थन दिया है। भाजपा को अहंकार के कारण मुंह की खानी पड़ी है। गहलोत ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि अब आने वाले हर चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी।

### आंकड़ों के आधार पर बीजेपी पर बताई बढ़त

मुख्यमंत्री ने आंकड़े बताते हुए कहा कि 4 सितंबर को आए नतीजों में 1564 वॉर्ड्स में से 670 वॉर्ड्स यानी 42.77% में कांग्रेस, 551 वॉर्ड्स यानी 35.17% में भाजपा और 371 वॉर्ड्स में निर्दलीयों ने जीत दर्ज की। ज़्यादातर निर्दलीय भी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार ही हैं। 78 पंचायत समितियों में से 50 पंचायत समितियों में कांग्रेस के प्रधान बने हैं। भाजपा तो कांग्रेस के आधे 25 प्रधान ही बना सकी है। इनमें से भी 10 प्रधान महज 1 वोट के अंतर से ही जीते हैं। इसी तरह जिला परिषद के 200 वॉर्ड्स में भी कांग्रेस 99 वॉर्ड्स, भाजपा 90 वॉर्ड्स और 11 वॉर्ड्स अन्य ने जीते। 6 में से 4 जिला परिषदों में कांग्रेस को बहुमत मिला। कांग्रेस ने 3 जगहों पर अपने जिला प्रमुख बनाए हैं।

### होम डिस्ट्रिक्ट की जनता का कांग्रेस ज़िला प्रमुख और 12 प्रधान जिताने के लिए जताया आभार

गहलोत ने अपने बयान में होम डिस्ट्रिक्ट जोधपुर की जनता का विशेष आभार जताते हुए कहा कि पोस्ट कोविड समस्याओं के कारण लम्बे समय से मैं जोधपुर नहीं जा पाया। लेकिन जोधपुर की जनता ने अपना पूरा समर्थन कांग्रेस पार्टी को दिया है। जिसके कारण जोधपुर में कांग्रेस के जिला प्रमुख और 12 पंचायत समितियों में प्रधान बने हैं। उन्होंने चुनाव जीतने वाले सभी विजयी प्रत्याशियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

## जयपुर पंचायत चुनाव में फिर उलटफेर

# कांग्रेस से छीनी दूदू, कोटपूतली की सीट

### विधायक बाबूलाल नागर बहुमत के बाद भी नहीं बनवा पाए उप प्रधान; 22 में से 11 में कांग्रेस और 10 में बीजेपी ने बनाए उप प्रधान

### मौजमाबाद समय पर कोई भी आवेदन नहीं आने से सीट रह गई खाली



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर पंचायत चुनावों में दूसरे दिन भी बड़ा उलटफेर देखने को मिला। एक दिन पहले जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को पटखनी दी थी, लेकिन उप जिला प्रमुख के चुनाव में कांग्रेस ने अपनी हार का बदला ले लिया। 22 पंचायत समितियों में से सबसे दिलचस्प चुनाव दूदू, पावटा और कोटपूतली का रहा। इन तीनों पर भाजपा ने बाजी मारी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थित निर्दलीय विधायक बाबूलाल नागर दूदू में बहुमत के बावजूद उप प्रधान नहीं बनवा सके, जबकि एक दिन पहले यहां कांग्रेस का प्रधान बना था।

राज्य निर्वाचन आयोग से जारी रिपोर्ट को देखे तो 22 पंचायत समितियों में से 11 पर कांग्रेस और 10 पर भाजपा ने अपना उप प्रधान बनाया है। वहीं मौजूमाबाद पंचायत समिति ऐसी रही, जहां समय पर कोई भी उम्मीदवार नामांकन करने नहीं पहुंच सका, जिसके कारण यह सीट खाली रह गई। हालांकि वहां 11.09 बजे भाजपा उम्मीदवार सुवालाल पहुंचे, लेकिन रिटर्निंग अधिकारी भूपेन्द्र यादव ने आवेदन लेने से मना कर दिया। अपनी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को भेज दी। आवेदन नहीं लेने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विरोध भी किया। प्रधान चुनाव में स्थिति देखे तो 22 में से 13 में कांग्रेस ने, जबकि 9 में भाजपा ने प्रधान बनाया था।

#### पावटा में देखने को मिला दिलचस्प मुकाबला

पावटा पंचायत समिति में भी उप प्रधान का चुनाव दिलचस्प देखने को मिला। यहां भाजपा ने एक दिन पहले आरएलपी के सहयोग से अपना प्रधान बनाया था। आज जब उप प्रधान का चुनाव हुआ, तब आरएलपी सदस्य को उम्मीदवार न बनाकर भाजपा ने राजेन्द्र सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। इससे नाराज होकर आरएलपी सदस्य सुमन देवी ने निर्दलीय ताल ठोक दी। यहां उन्हें कांग्रेस से सपोर्ट मिलने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन यहां भी कांग्रेस के कुछ जयचंदों ने धोखा दे दिया और क्रॉस वोटिंग करते हुए राजेन्द्र सिंह को 12 वोटों के अंतर से जीता दिया। इन चुनाव में राजेन्द्र सिंह को 17 वोट मिले, जबकि सुमन देवी को केवल 5 वोट, एक उम्मीदवार वोटिंग के लिए पहुंचा ही नहीं।

#### कोटपूतली में निर्दलीय को उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने जीती बाजी

कोटपूतली पंचायत समिति की बात करें तो यहां 27 सीट में से यहां भाजपा के 9, कांग्रेस के 8, निर्दलीय 7 और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी 3 उम्मीदवार जीते है। प्रधान का चुनाव हारने के बाद आज उप प्रधान में भाजपा ने निर्दलयी उम्मीदवार मंजू देवी पर दाव खेला। वहीं कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवार की जगह निर्दलीय पर ही दाव खेलना बेहतर समझा, लेकिन कांग्रेस का ये दाव कांग्रेस पर भारी पड़ गया। कांग्रेस की बीना देवी ने यहां बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ा और कांग्रेस की हार में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा दो अन्य निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में रहे। लेकिन यहां भाजपा प्रत्याशी मंजू देवी को 27 में से 13 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी माया को 9 वोट मिले।

# पायलट के जन्मदिन पर शक्ति प्रदर्शन

### प्रदेश भर में सचिन पायलट के बैनर-पोस्टर लगे, बड़ी संख्या में समर्थक जुटे, पायलट के सपनों का राजस्थान वीडियो चर्चा में



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का 44 वां जन्मदिन प्रदेश में पायलट समर्थकों ने धूमधाम से मनाया। प्रदेश भर में पायलट समर्थकों ने कई कार्यक्रम आयोजित किए। जिलों में सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई देने वाले पोस्टर लगाए गए। जयपुर में भी बैनर पोस्टरों की भरमार देखी गई। पायलट के जन्मदिन पर उनके समर्थक पिछले दो दिन से प्रदेशभर में कार्यक्रम कर रहे हैं। इससे पहले पायलट से मिलने के लिए सुबह से समर्थक जयपुर पहुंच रहे हैं। सिविल लाइंस में पालयट के बंगले की रोड पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। पायलट ने जन्मदिन पर राजधानी के कई मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। सबसे पहले सुबह जयपुर के खोले के खोले के हनुमानजी मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। इसके बाद शिव मंदिर और अन्य मंदिरों में जाकर दर्शन किए, पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। पुष्कर के सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने सैंड आर्ट बनाकर सचिन पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। आज से प्रदेश भर में समर्थक वृक्षारोपण अभियान चला रहे हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार पौधों के हिसाब से पूरे प्रदेश में 10 लाख पौधे लगाने का टारगेट दिया गया है। कई जगहों पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जा रहे हैं। पायलट समर्थक विधायकों और नेताओं के क्षेत्रों में भी कार्यक्रम रखे गए हैं।

### पायलट समर्थकों का शक्ति प्रदर्शन चर्चा में

सचिन पायलट के जन्मदिन से पहले ही उनके समर्थकों ने जिलों में बैनर पोस्टर लगा दिए। जिला मुख्यालय से लेकर कस्बों तक पायलट के बैनर पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर पॉलिटिक्स में भी कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति के कई मैसेज दिख रहे हैं।

### पायलट के सपनों का राजस्थान वीडियो चर्चा में

सचिन पायलट के सपनों का राजस्थान वीडियो दो दिन से सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रहा है। इस वीडियो की सियासी हलकों में भी खूब चर्चा हो रही है। इसी तरह का वीडियो कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में जारी किया था। सचिन पायलट फैन क्लब ने यह वीडियो तैयार किया है। 57 सेकंड के इस वीडियो में विकसित राजस्थान की तस्वीर दिखाते हुए इसे पायलट के सपनों से जोड़ा गया है।

### पायलट खेमे के मुद्दे अब भी अनसुलझे

सचिन पायलट के जन्मदिन पर उनके खेमे की अधूरी मांगों पर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। पिछले साल बगावत के बाद हुई सुलह को एक साल से ज्यादा हो चुका है, लेकिन पायलट खेमे की मांगें अब भी अनसुलझी हैं। सचिन पायलट समर्थक अब जन्मदिन पर सियासी ताकत दिखाने की तैयारी में है। लंबित मुद्दों को लेकर सचिन पायलट कुछ दिन पहले ही बयान दे चुके हैं कि सब कुछ हाईकमान के स्तर पर तय होना है। वे अजय माकन सहित प्रमुख नेताओं से इस मुद्दे पर संपर्क में हैं।

## रीको को मिला श्रेष्ठ एसआईआईडीसी का राष्ट्रीय

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के औद्योगिक विकास में अद्वितीय योगदान कर राज्य को देश के औद्योगिक नक्शे में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड 'रीको' को देश का श्रेष्ठ राज्य औद्योगिक विकास निगम (एसआईआईडीसी) के राष्ट्रीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। ष्थ्द्यद्वस्द्वष्द्ध द्वारा इस समारोह का आयोजन किया गया जो राज्य औद्योगिक विकास निगमो, राज्य वित्तीय निगमों एवं राज्य आधारभूत संरचना विकास निगमों की अपेक्स बॉडी है। पुडुचेरी में बीते दिनों आयोजित समारोह में रीको की कार्यकारी निदेशक रूकमणी रियार सिहाग ने गृहमंत्री नमस्सिवयम के हाथों राज्य की ओर से यह प्रतिष्ठित पुरुस्कार ग्रहण किया।

# बियानी कॉलेज में फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय फेकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। 'टीचिंग स्किल एन हेंसमेंट एण्ड रिसर्च ओरिंएटेशन' विषय पर आयोजित सेमीनार में विभिन्न शिक्षाविदों ने शिक्षकों को टीचिंग मैथड्स और रिसर्च के बारे में जानकारी दी।

कॉलेज के एकेडमिक निदेशक डॉ. संजय बियानी ने 'सकारात्मक सोच और उत्साह' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्म ही ईष्वर की सबसे बडी प्रार्थना है। कर्म करने के बाद सब कुछ ईश्वर के भरोसे छोडकर अपने आपको चिंता मुक्त कर लेना चाहिए। विश्वास ही हम सभी लोगों का मूल है। यही हमारी जड हैं, हम लोगों ने जिस तरह के विश्वास हमारे दिलों में रखें हैं हम वही बन गए। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ नेहा पांडे ने इस अवसर पर कहा कि टीचर बनने पर अपने आपको भाग्यशाली मानना चाहिये कि हम एक ऐसे पेशे से जुडे है जो लोगो के विचारों को बदलकर दुनिया बदलने की ताकत रखते है। उन्होंने लेसन प्लान, और बोर्ड राइटिंग के टिप्स दिए।

कॉलेज के डीन डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ सिर्फ ये पता लगाना नहीं है कि हमें क्या करना चाहिए, बल्कि ये पता लगाना है भी कि हमें क्या नहीं करना चाहिए।

इसी के साथ सेमिनार में जयपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के डॉ. सतीश हाडा और सीडीएआरटी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के सांख्यिकी और डेटा विषलेषक डॉ. दीपक गुप्ता ने भी शिक्षकों को शिक्षा और शोध के विभिन्न आयामों के बारे में बताया।

# प्रदेश में मिले 12 नए कोरोना पॉजिटिव

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में फिर कोरोना के नए मरीजों की संख्या 10 पार पहुंच गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार को प्रदेश में 12 नए कोरोना पॉजिटिव दर्ज किए गए हैं। पांच जिलों में यह मरीज मिले हैं। इससे पहले 28 अगस्त को 10 से ज्यादा कोरोना के नए मरीज मिले थे। तब 11 संक्रमित दर्ज किए गए थे। इसी बीच 4 सितंबर को 10 मरीज मिले। अब एक बार फिर 10 से ज्यादा मरीज मिलने से कोरोना संक्रमण को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि 24 घंटों में 18 मरीज रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 80 रह गए हैं।

**यह रहा कोरोना का गणित :** कोरोना के जयपुर में 3, श्रीगंगानगर 3, अजमेर 3, पाली 2, उदयपुर में एक नया कोरोना पॉजिटिव दर्ज किया गया है।

**जिले के 3 क्षेत्रों में दर्ज हुआ संक्रमण :** जयपुर जिले में हर दिन नए इलाके से नए संक्रमित मिल रहे हैं। इससे इलाकेवार संक्रमण बढ़ने की संभावना बढ़ रही है। मंगलवार को जिले के 3 क्षेत्रों में 3 नए कोरोना पॉजिटिव दर्ज किए गए। इस दिन गोविंदगढ़, वैशाली नगर और विद्याधर नगर से एक-एक नया मरीज दर्ज किया गया है।

## कार्यालय नगरपालिका-पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर (राजस्थान)

क्रमांक : न.पा.पी./पीएसकेएस/2021-22/5538 दिनांक 27/08/2021

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021, 2 अक्टूबर 2021 से प्रस्तावित है इस संबंध में पालिका द्वारा पट्टे की पत्रावलियाँ प्रस्तुत करने हेतु पालिका क्षेत्र में शिविर का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है। अतः शहरवासियों से अनुरोध है कि पट्टे हेतु तैयार पत्रावलियां निम्मानुसार स्थान व दिनांक को प्रस्तुत करें। जिससे की आगामी प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 में पत्रावलियों का निस्तारण समय पर किया जा सके।

| क्र. सं. | शिविर दिनांक | वार्ड संख्या | शिविर स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | 15 व 17 सितम्बर 2021 | 1,2,34,35 | आश्रय स्थल न्यू बस स्टैण्ड |
| 2. | 18 व 20 सितम्बर 2021 | 4,5,6,7,8,9,14,15 | श्रीमती सुमनी देवी पुखराज मुणोत रा.उ.मा.वि.नं.2 परिसर |
| 3. | 21 व 22 सितम्बर 2021 | 16,17,18,26,27,28, 29,30,31,32,33 | आश्रय स्थल पुराना बस स्टैण्ड |
| 4. | 23 सितम्बर 2021 | 3,19,20,21,22,23,24,25 | नगर पालिका परिसर |
| 5. | 24 व 25 सितम्बर 2021 | 10,11,12,13 | अस्तल के पास |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, पीपाड़ शहर






**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# तालिबानी सरकार का स्वरूप

**अफगानिस्तान** में तालिबानी हुकूमत का एक शुरुआती स्वरूप सामने आ गया है। तालिबान ने दुनिया को एक तरह से बता दिया कि उनकी सरकार का नेतृत्व तालिबान के सह-संस्थापक मुल्ला अब्दुल गनी बरादर करेंगे। पहले यह माना जा रहा था कि नेतृत्व अखुंदजादा के हाथों में होगा। संभावना है, अखुंदजादा के पास तालिबान सरकार के सुप्रीम लीडर या संरक्षक या राष्ट्रपति जैसा कोई पद होगा, जबकि अब्दुल गनी बरादर रोजमर्रा के मामलों के लिए ठीक उसी तरह जिम्मेदार होंगे, जैसे कोई प्रधानमंत्री होता है। बरादर की भूमिका बाहर से तालिबान को मजबूत करने में ज्यादा रही है। वह लंबे समय से तालिबान के राजनीतिक मामलों को देख रहे हैं और इसी का उन्हें फायदा मिला है। अमेरिका की वापसी में भी बरादर का बड़ा हाथ है। बरादर को अमेरिका ने ही पाकिस्तान की जेल से छुड़ाया था। अतः हम कह सकते हैं कि जिन तालिबानी नेताओं को अमेरिका ने आगे बढ़ाया, नेतृत्व उन्हीं के पास है। यह बात अमेरिका के पक्ष में होगी, लेकिन इससे खुद तालिबान या अफगानिस्तान को क्या फायदा होगा, यह देखने वाली बात होगी।

तालिबानी सरकार के चेहरे एक-एक कर सामने आने चाहिए। तालिबान अगर हमारे समय की एक हकीकत है, तो उससे निपटने की व्यावहारिकता भी भारत या दुनिया के अन्य देशों में होनी चाहिए। लेकिन यहां जिम्मेदारी खुद तालिबान पर ज्यादा है, उन्हें अगर वैध रूप से सरकार का नेतृत्व करना है, तो उस सभ्यता का परिचय देना पड़ेगा, जिसकी दुहाई रूसी राष्ट्रपति पुतिन दे रहे हैं। पुतिन ने कहा है कि तालिबान जितनी जल्दी सभ्य तरीके से लोगों से जुड़ेगा, उससे संवाद करना, संपर्क करना और सवाल पूछना उतना ही आसान होगा। हालांकि, तालिबान का एक हिस्सा है, जो मुंह छिपाए सत्ता में आ बैठा है। मुंह छिपाए किसी का सिर कलम किया जा सकता है, लेकिन अपनी हुकूमत के वास्ते वैधता हासिल करने के लिए बे-नकाब आना होगा। क्या तालिबान या उसके तमाम सहयोगी (आईएस और अल-कायदा भी) परदा उठाकर सामने आ सकेंगे? मजहब का काम हो या मुल्क का, नकाब लगाकर कौन करता है? पुतिन अगर सभ्यता की याद दिला रहे हैं और तालिबान के आर्थिक मददगार चीन को भी कमोबेश बदनामी की चिंता है, तो तालिबान को सुधरे रूप में सामने आना चाहिए। शायद भारत को भी इसी दिशा में विचार-व्यवहार करना चाहिए।

पुतिन ने उचित ही कहा था कि अमेरिकी सेना अफगानिस्तान में 20 साल रही, वहां लोगों को अमेरिकी सभ्यता सिखाने की नाकाम कोशिश की। कोई आश्चर्य नहीं, आज अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन की लोकप्रियता अपने सबसे निचले पायदान पर है। मतलब, जिन अमेरिकियों के हित में फौज वापसी हुई, वे भी बाइडन से खुश नहीं हैं। बहरहाल, तालिबान अगर सभ्य ढंग से सरकार चलाने में कामयाब होते हैं, तो इससे जो बाइडन को भले राजनीतिक लाभ हो, मगर अमेरिका के रसूख पर गहरा असर तो पड़ चुका है। अब भी जहां अमेरिका को मुंह चुराने से बचना चाहिए, वहीं तालिबान के नए नेतृत्वकर्ता अब्दुल गनी बरादर के कंधे पर सबसे ज्यादा जिम्मेदारी है। दुनिया देखना चाहेगी कि उन्होंने उन अमेरिकियों के साथ बैठकर क्या सीखा है, जो कम से कम अपने देश में सुशासन और लोकतंत्र के लिए पहचाने जाते हैं।

## सम्पादकीय

# गौ रक्षा का स्वागत

**गौ** रक्षा के संबंध में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला बेहद महत्वपूर्ण और विचारणीय है। हमारे समाज में गाय न केवल आर्थिक, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से भी व्यापक महत्व रखती है। यदि उच्च न्यायालय ने गाय के संपूर्ण महत्व को देखते हुए इसे राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव दिया है, तो यह भारत में एक पारंपरिक आस्था को पुष्ट करने वाला कदम है। भारतीय समाज में अनेक समूह और लोग गो मांस का उपयोग करते हैं, लेकिन उच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि गो मांस खाना किसी का मौलिक अधिकार नहीं है। जीभ के स्वाद के लिए किसी से जीवन का अधिकार नहीं छीना जा सकता। बूढ़ी, बीमार गाय भी खेती के लिए उपयोगी होती है। गाय की हत्या की इजाजत किसी को देना ठीक नहीं है। वास्तव में आज गाय भारतीय कृषि की रीढ़ नहीं है और समय के साथ उसका सम्मान कम भी हुआ है, लेकिन अदालत के फैसले से गाय को नए सिरे से न केवल संरक्षण, बल्कि संवर्द्धन मिलने की संभावना बनेगी। अदालत ने इस बात को भी विशेष रूप से रेखांकित किया है कि भारत में सभी संप्रदाय के लोग रहते हैं और सभी को एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करना चाहिए। उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने गाय की हत्या करने वाले एक आरोपी की जमानत याचिका को साक्ष्यों के आधार पर खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया है। किसी भी समाज में किसी पशु को चोरी करके काटने या मारने की इजाजत नहीं दी जा सकती। भारतीय समाज पशुओं के प्रति कुछ ज्यादा ही संवेदना की मांग करता है और महात्मा गांधी ने कभी कहा था कि आपकी पहचान इस बात से होगी कि आप अपने पशुओं के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। खास तौर पर गाय के प्रति भारतीय समाज का मोह सुस्थापित है, इसीलिए देश के 24 राज्यों में गोवध पर रोक है। गाय की उपयोगिता निर्विवाद है। यह माना जाता है कि एक गाय अपने जीवन काल में 410 से 440 लोगों का पेट भरती है, जबकि एक गाय के मांस से महज 80 लोगों का पेट भरता है। मतलब मानवीयता के लिहाज से भी गाय का पालन-पोषण अर्थपूर्ण है। इसमें कोई दोराय नहीं कि मुस्लिम शासकों ने भी इस देश में कभी गो हत्या पर रोक लगाई थी और गाय को हर लिहाज से गुणकारी माना था। कोई आश्चर्य नहीं कि हमारे संविधान में भी गो संरक्षण पर बल दिया गया है। उच्च न्यायालय ने लगे हाथ यह भी कहा है कि सरकार को भी एक विधेयक लाना होगा और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करना होगा और गायों को नुकसान पहुंचाने की बात करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाना होगा। संभव है, इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट भी ले जाया जाए। तब विशेष रूप से सोचना होगा कि बैल, सांड इत्यादि की बढ़ती संख्या का क्या किया जाएगा? क्या भारतीय समाज बैल, सांड को गायों के समान ही महत्व देता है? जब गोवंश हत्या पर रोक लग चुकी है, तब आवारा पशुओं से खेतिहर समाज पहले ही परेशान है। गौ रक्षा के लिए कड़े कानून बनाने से पहले पूरे गोवंश को भारतीय समाज के लिए लाभप्रद बनाना होगा? केवल भावना या आस्था के आधार पर गोवंश की रक्षा का सपना साकार नहीं हो सकता, इसलिए गौ सेवा के तमाम व्यावहारिक पहलुओं को परख लेना चाहिए।

**निरंतर चुनौतियों के कारण हम सब एक अंधी दौड़ का हिस्सा बन गए हैं और बस, दौड़ते चले जा रहे हैं। न रास्ते की कोई खबर है और न मंजिल की कोई खबर। बेतहाशा दौड़ते-दौड़ते हम एक ऐसी अंधेरी सुरंग की ओर चले जाते हैं, जहां से निकलने का कोई रास्ता हमें नजर नहीं आता।**

# आगे निकलने की होड़ और दांव पर जिंदगी



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**अहम सवाल यह है कि क्या हम तनाव को अपने जीवन से दूर भगा सकते हैं? शायद यह मुमकिन नहीं है। बेहद गहराई के साथ तनाव हमारे जीवन से जुड़ गया है और चाहते हुए भी हम उससे मुक्ति नहीं पा सकते। लेकिन हां, उसका ठीक तरीके से सामना जरूर कर सकते हैं।**

**सिर्फ** चालीस साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने के बाद अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया और अपने पीछे छोड़ गए अनेक ऐसे सवाल जिनके जवाब का अगर गहराई से विश्लेषण किया जाए, तो निश्चित तौर पर एक ऐसी तस्वीर सामने आएगी, जो हमें बुरी तरह डराती है। इस तस्वीर में बेशुमार रंग हैं, लेकिन हर रंग खौफ और बेबसी की एक ऐसी दुनिया हमारे सामने पेश करता है, जिसमें नकली कहकहे हैं, दिखावटी भरोसा है, पाखंड और झूठ से भरपूर जिंदगी है और दूसरे तमाम लोगों से आगे निकलने की एक बनावटी और खोखली जंग है।

दरअसल यह तस्वीर आज हम में से हरेक की जिंदगी का आईना बन चुकी है। निरंतर चुनौतियों के कारण हम सब एक अंधी दौड़ का हिस्सा बन गए हैं और बस, दौड़ते चले जा रहे हैं। न रास्ते की कोई खबर है और न मंजिल की कोई खबर। हालांकि तनाव की थोड़ी मात्रा अच्छी हो सकती है, जिससे आप बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। लेकिन अत्यधिक तनाव आपको इससे निपटने की क्षमता को क्षीण कर सकता है और आपको एक ऐसे अंधे कुए में धकेल सकता है, जिससे बाहर निकलने का कोई रास्ता आपको नजर नहीं आता।

कोई शख्स वित्तीय मामलों को लेकर, कोई बीमारी, तो कोई भावनात्मक रूप से विनाशकारी घटना जैसे कई कारणों से तनाव का अनुभव कर सकता है, जैसे जीवनसाथी की मृत्यु या काम से निकाल दिया जाना। हालांकि हमारा अधिकांश तनाव रोजमर्रा की छोटी-छोटी जिम्मेदारियों से आता है। हम सब जानते हैं कि लंबे समय तक तनाव न केवल मानसिक स्वास्थ्य बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है। तनावों के कारण हमारा शरीर मांसपेशियों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है। तनाव से स्ट्रोक, दिल का दौरा, पेप्टिक अल्सर और अवसाद जैसी मानसिक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। और इन सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे जीवन में तेजी से पसरते तनाव से लड़ने के



लिए हम जरा भी कोशिश नहीं कर रहे। अहम सवाल यह है कि क्या हम तनाव को अपने जीवन से दूर भगा सकते हैं? शायद यह मुमकिन नहीं है। बेहद गहराई के साथ तनाव हमारे जीवन से जुड़ गया है और चाहते हुए भी हम उससे मुक्ति नहीं पा सकते। लेकिन हां, उसका ठीक तरीके से सामना जरूर कर सकते हैं। इस दिशा में पहला कदम यह है कि हम तनाव के मूल कारण का पता लगाएं, क्योंकि तनाव से निपटने के तरीके तब तक प्रभावी नहीं होंगे जब तक वे मूल कारण को दूर नहीं करते हैं। कभी-कभी व्यक्ति महसूस कर सकता है कि वह एक निश्चित स्थिति के कारण तनावग्रस्त है लेकिन अंतर्निहित तनाव स्थिति के प्रति उसका दृष्टिकोण हो सकता है। दूसरा कदम तनाव को खत्म करना या तनाव की तीव्रता को कम करने की कोशिश करना है। और तीसरा कदम अपने व्यवहार में बदलाव लाना और कुछ आसान तकनीकों को अपनाना है।

जीवन में यथार्थवादी बनें- अवास्तविक लक्ष्य निर्धारित न करें और ध्यान रखें कि यदि आप हमेशा हर चीज में पूर्णता पाना चाहते हैं, तो आप कभी भी संतुष्ट नहीं होंगे। आज प्रत्येक व्यक्ति चाहता है कि वह भी दूसरे लोगों की तरह सुखी और संपन्न जीवन जिए तथा इसके लिए वह अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के फेर में तनाव का शिकार होता जा रहा है।

दूसरों की मदद लें- सुपरमैन बनने की कोशिश ना करें। अपने आप से पूछें, ''मैं कितना कर सकता हूँ? क्या समय सीमा यथार्थवादी है? क्या मैं इसे अपने दम पर कर सकता हूं?'' और अगर आपको मदद की जरूरत है तो इसके बारे में पूछने में संकोच ना करें।

'नहीं' कहना सीखें-नहीं, हमेशा नकारात्मक नहीं होता है। लोगों को प्रसन्न करने वाला रवैया अपनाना छोड़ें और हमेशा कोई प्रतिबद्धता बनाने या पक्ष देने से पहले इस बात पर विचार करें कि क्या यह आपके लिए सहज होगा। समय प्रबंधन को जानें- एक ही समय में सब कुछ करने की कोशिश करने से खुद को अभिभूत न करें। अपनी गतिविधियों को प्राथमिकता दें और उन्हें हटा दें जो आवश्यक नहीं हैं।

अपने दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएं। परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ गुणवत्ता का समय बिताने से बंधन मजबूत होता है और सुरक्षा और अपनेपन की भावना पैदा होती है। यह आपको तनावों से लड़ने में मदद कर सकता है।

अपने अहंकार को खत्म करें। अहंकार के स्थान पर अपने जीवन को आरामदायक बनाएं। आप जितने कम अहंकारी होंगे, उतने ही आसानी से आप विफलताओं को झेल सकेंगे। ध्यान लगाएं और व्यायाम करें। ध्यान के दौरान, आप अपना ध्यान केंद्रित करते हैं और ऐसे उलझे विचारों को समाप्त करते हैं जो आपके दिमाग को उलझा सकते हैं और तनाव पैदा कर सकते हैं। शारीरिक व्यायाम मस्तिष्क में एंडोर्फिन को बढ़ावा देता है। ये एंडोर्फिन तनाव को कम करते हैं। इसी तरह पर्याप्त नींद लेना हर किसी के लिए महत्वपूर्ण होता है। अच्छी और गहरी नींद आपके मस्तिष्क को नए सिरे से कामकाज शुरू करने में मदद करती है और आपको केंद्रित रहने में मदद करती है। अपने लिए कुछ समय निकालें। हर दिन कम से कम आधा घंटा अपने लिए आरक्षित रखें। इस समय का उपयोग रचनात्मक होने के लिए और बाहरी प्रभावों के बिना अपने विचारों और भावनाओं को और बेहतर बनाने के लिए करें।

*(यह लेखक के अपने विचार है)*

## कविता

# याद इलाहाबाद की



राजेश्वर सिंह
@jagrukjanta.net

अठारह सौ सतासी में बना
वह विश्व विद्यालय,
महत्तर ज्ञान का दाता, वृहद
विज्ञान का आलय,
घने वटवृक्ष की छाया में, ले
ली थी शरण हमने,
भगवती शारदा अम्बा के
पकडे थे चरण हमने।
***********
सुखद परिवेश था सुन्दर,
मनोरम, रम्य था परिसर,
भवन थे भव्य और सुदृढ़
सघन छाया, सबल तरूवर।
***********
बड़े विद्वान थे गुरूजन,
नगर की शान थे गुरूजन,
पढ़ाते थे लगाकर मन
हमारा मान थे गुरूजन।
***********
बड़ा गाम्भीर्य था मन में,
बड़ी गरिमा भरी तन में,
सरल, सामान्य जीवन था
सहजता थी बड़प्पन में।
***********
धनिक समृद्ध घर से जो,
प्रतिष्ठित और प्रवर से जो,
बने श्रीमान आते थे
सुवासित और सुघड़ से जो।
***********
थे अग्रिम पंक्ति के नायक,
वही काबिल, वही लायक,
प्रदर्शक वंश वैभव के
कथा कुल कीर्ति के
गायक।
***********
बचाकर अन्न खेती का,
उसे जो बेचकर आया,
अमर आशालता मां बाप
की
जो सींच कर आया।
***********
उसे चिन्ता थी पढ़ने की,
उसे चिन्ता थी घर भर की,
लहू में जोश भर देती
मगर प्रतिमा पद्मधर की।
***********
विषमता व्याप्त क्यों जग में,
श्रमिक ताजिन्दगी तप में,
नहीं गौरव गरीबी में
बड़ा अभिशाप है जग में।
***********
मगर फिर स्वार्थ हावी था,
पृथक चिन्तन प्रभावी था,
प्रबन्धन रोजी रोटी का
करो, इंगित था भावी का।
***********
हुआ फिर वह जो होना था,
फंसे इस तन्त्र में आकर,
बने इक कील छोटी सी
वृहत्तर यन्त्र में आकर।
***********
मगर जो बोध था अपना,
गहनतम शोध था अपना,
जगत में सब सुखी हो जीव
जागृत है वही सपना ।।

## ओपिनियन

# पहले छोटे बच्चे क्यों जाएं स्कूल

चन्द्रकांत लहारिया
जन नीति और स्वास्थ्य तंत्र विशेषज्ञ
@jagrukjanta.net

**भारत** दुनिया के उन चंद देशों में शुमार है, जहां कोविड-19 महामारी के दौरान सबसे लंबे समय के लिए स्कूल-कॉलेज बंद रहे हैं और सबसे अंत में स्कूलों को खोलने की कवायद की जा रही है। हालांकि, काफी जद्दोजहद के बाद बेशक कुछ राज्यों ने स्कूल खोलने की शुरुआत की है, लेकिन यह प्रक्रिया काफी धीमी नजर आ रही है और इसमें कई किंतु-परंतु हैं। राज्यों के स्कूल खोलने संबंधी फैसले महामारी विज्ञान से मिली सीख के बजाय, व्यक्तिगत राय और 'व्यावहारिक बुद्धि' से कहीं अधिक प्रभावित नजर आते हैं। मसलन, वैज्ञानिक साक्ष्य बता रहे हैं कि प्राथमिक विद्यालय सबसे पहले खोले जाने चाहिए, जबकि अपने यहां कमोबेश सभी राज्य इसके उलट रास्ते पर चल रहे हैं। वे बड़ी कक्षाओं को पहले शुरू कर रहे हैं, और प्राथमिक कक्षाएं सबसे अंत में। आइए समझते हैं कि आखिर क्यों प्राइमरी स्कूलों को सबसे पहले खोलना चाहिए?दुनिया भर से उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि सभी आयु समूहों के लिए स्कूल खोल देने चाहिए, क्योंकि बच्चों में कोरोना का जोखिम भले ही वयस्कों के समान होता है, लेकिन वयस्कों की तुलना में उनमें मध्यम से गंभीर बीमारी का खतरा नगण्य होता है। इसकी वैज्ञानिक वजह यह है कि बच्चों में एसीई-2 रिसेप्टर्स (कोरोना वायरस के फेफड़ों में प्रवेश करने में मददगार) पूरी तरह से विकसित नहीं होता। अतः बच्चे संक्रमित होने के बावजूद गंभीर रूप से बीमार नहीं पड़ते। इसके अलावा, तमाम तरह के ऐसे सुबूत भी मौजूद हैं, जो बताते हैं कि स्कूलों के खुलने से बच्चों में संक्रमण का खतरा नहीं बढ़ता। स्कूल 'सुपर-स्प्रेडिंग' (जहां से अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक आबादी के संक्रमित होने का खतरा हो) नहीं होते, और व्यक्तिगत रूप से सीखने के लाभ भी कहीं अधिक हैं, इसीलिए जुलाई 2021 तक दुनिया के 175 से भी अधिक देशों में स्कूल खुल गए थे। और, ये स्कूल तब खुले, जब 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए दुनिया में कहीं भी टीकाकरण की शुरुआत नहीं हुई है।

इसके उलट, अपने यहां कई लोग यह तर्क दे रहे हैं कि बच्चों को स्कूल तभी भेजना चाहिए, जब उनको टीका लग जाए। जबकि विश्व के तमाम विशेषज्ञ यही बताते हैं कि स्कूल खोलने के लिए टीकाकरण कोई शर्त नहीं होनी चाहिए। 12 से 17 वर्ष के बच्चों को अगर कुछ देशों में टीके दिए भी जा रहे हैं, तो उनके जोखिम और दूसरी अन्य बीमारियों से उनके ग्रसित होनेके कारण।वास्तव में, बच्चों में कोरोना का खतरा स्वाभाविक रूप से कम होता है। वैश्विक आयुवार डाटा के मुताबिक, मध्यम से गंभीर बीमारी की आशंका और मृत्यु दर अंग्रेजी वर्णमाला के 'जे' जैसा घुमावदार होती है। इस वक्र में जन्म से 18 वर्ष के सभी बच्चों में वयस्कों की तुलना में काफी कम खतरा होता है। साथ ही, 10 साल के बच्चे 'जे' का सबसे निचला हिस्सा बनाते हैं, जिन पर खतरा सभी आयु समूहों में सबसे कम होता है। इसके बाद, हर बदलते साल में जोखिम दोनों दिशाओं में बढ़ती जाती है- नौ साल से नीचे नवजात तक, साथ-साथ 11 साल से ऊपर जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है। इस तरह, जो बच्चे प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में हैं, यानी छह से 14 आयु वर्ग के बच्चे 'जे' वक्र के आधार के आसपास के हैं, उन्हें कोरोना का खतरा सबसे कम है।फिर, हमें बच्चों की पठन-पाठन की जरूरतों का भी ख्याल रखना चाहिए। जो बच्चे प्राथमिक स्कूलों, खासतौर से पहली या दूसरी कक्षा में हैं, अभी-अभी स्कूली शिक्षा में शामिल हुए हैं और वर्णमाला या अंक सीख रहे हैं, उन्हें कहीं अधिक व्यक्तिगत मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। इन बच्चों को बहुत सीमित समय तक कंप्यूटर अथवा मोबाइल स्क्रीन पर काम करने की सलाह भी विशेषज्ञ देते हैं। हां, सीनियर क्लास के बच्चों में पढ़ने-सीखने की क्षमता इतनी होती है कि वे खुद से अध्ययन कर सकें और उनका 'स्क्रीन टाइम' भी ज्यादा रखा जा सकता है।हमें समझना होगा कि शुरुआती वर्षों में ही यदि शिक्षा में कोई रुकावट आ जाए, तो उसका असर लंबे समय तक बना रहता है। इन वर्षों में 'लॉस ऑफ लर्निंग' यानी सीखने के नुकसान का मतलब है, बाद की कक्षाओं में बच्चों में उस स्तर की समझ का न बनना, जितनी उन्हें जरूरत होती है। नतीजतन, वे समझ के स्तर पर पिछड़ सकते हैं और पढ़ाई-लिखाई से तौबा कर सकते हैं। इसलिए आरंभिक कक्षाओं के बच्चों की स्कूल में वापसी को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। अगर इस पर अब भी ध्यान नहीं दिया गया, तो जेंडर, सामाजिक-आर्थिक हैसियत और भौगोलिक क्षेत्रों के कारण पहले से मौजूद शैक्षणिक असमानता इस 'लर्निंग लॉस' से कहीं अधिक गहरी हो जाएगी। शिक्षा के निजी और सामाजिक, दोनों तरह के फायदे हैं। अच्छी नौकरी और पारिवारिक आय में वृद्धि जैसे इसके निजी लाभ हैं, तो कार्य-कुशल श्रम-बल, कार्य उत्पादकता में वृद्धि और राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में योगदान जैसे इसके सामाजिक लाभ भी हैं। महामारी के दौरान स्कूलों के बंद होने का असर तो आने वाले वर्षों में पता चलेगा, लेकिन यदि इस पर तुरंत ध्यान नहीं दिया गया, तो लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और जीडीपी विकास में तेजी लाने के भारत के प्रयासों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**उ**पनिषदों में कहा है- प्रणव ही ब्रह्म है तथा यही ब्रह्म प्राप्ति का साधन है। प्रणव ही नाम रूपात्मक जगत का प्रणेता है, उसी से अखिल ब्रह्माण्ड ओतप्रोत है। सारा दृश्य उसी में स्थित है। ओम ही ब्रह्म है, वही आत्मा है, वही ज्योति है, वही आदित्य है। समस्त चेतन रूप ओम ही है। ओम अन्य स्वरों के समान स्वर है, किंतु अमृत और अभय रूप ओम ही है। ओम अन्य स्वरों के समान स्वर है, किंतु अमृत और अभय रूप है। उपनिषदों में बार-बार ओम् नाम से आत्मा ब्रह्म का ध्यान करने के लिए कहा गया है। कहा है-सब वेद जिस पद का मनन करते हैं, सब तपस्वी जिसकी इच्छा करके ब्रह्मचर्य आदि का आचरण करते हैं, वह ब्रह्म पद ओंकार है। यह सब कुछ ओम है, तीनों काल, भूत, वर्तमान और भविष्य सब ओम्कार है और तीनों कालों से परे भी जो कुछ है, वह भी ओंकार है। संत महात्माओं ने ओम्कार की अनेक प्रकार की उपासनाएं बताई हैं। सोहं, हंसः, ओम् नाम के मंत्रों का जप तथा ध्यान, नादानुसंधान, समाधि, सूरत शब्द योग, अजपा जप आदि सभी ओंकार की ही साधनाएं हैं। प्रणव रहस्य का अनेक तंत्र एवं योग ग्रंथों में तथा उपनिषदों में विस्तार से वर्णन हैं।

**नादब्रह्म की उपासना:** ओंकार में तीनों मात्राओं (अ, उ, म) से पृथक जो चतुर्थ अमात्र नाद है, उसी की उपासना अधिक महत्वपूर्ण है। तीनों मात्राओं के समाप्त होने पर एक झीना दिव्य नाद शेष रह जाता है। उसका उच्चारण नहीं किया जा सकता, उसका अनुभव ही हो सकता है। उसे न तो वाणी से व्यक्त कर सकते हैं, न लिखकर उसका संकेत कर सकते हैं।

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद सन



देवांश पुत्र यशोदा-डिम्पल शर्मा, जयपुर

## हमे लिखे

**आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।**

**jagrukjantanews@gmail.com**

सम्पर्क करें : **9829329070, 9928022718**

# वह जाति भेद मिटने का सपना

बद्री नारायण
निदेशक, जीबी पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान
@jagrukjanta.net

**भारतीय** जनतंत्र एवं जाति के संबंध लगातार बदलते रहे हैं, किंतु इन बदलावों को समग्रता में समझने में हम कई बार सफल होते हैं, तो कई बार असफल भी हो जाते हैं। जब भारतीय संविधान के माध्यम से भारतीय जनतंत्र का नक्शा गढ़ा गया था, तब यह परिकल्पना की गई थी कि जातिगत असमानता से जूझ रहे समाज की असमानता जनतांत्रिक अवसरों व लाभों के बंटवारे से कम होगी और धीरे-धीरे भारतीय समाज जाति मुक्त समरस समाज में बदल जाएगा। शायद इसीलिए भारत में जाति व्यवस्था की आलोचना के एक महत्वपूर्ण सिद्धांतकार बाबा साहेब आंबेडकर ने 'जाति के निर्मूलन' का सिद्धांत व आकांक्षा विकसित की थी। हालांकि, भारतीय जनतंत्र के विकास के कुछ दिनों बाद ही यह लगने लगा था कि इसकी चुनावी व्यवस्था के अंतर्निहित अंतर्विरोधों के कारण 'पारंपरिक जातिबोध' नए-नए ढंग से अविष्कृत एवं अवतरित हो समाज में नए-नए रूपों में व नए-नए अवसरों पर प्रकट होने लगा है। भारतीय समाज में जनतंत्र और विकास के बढ़ते अवसरों के कारण 'गतिशीलता' की जो प्रक्रिया 'संस्कृतिकरण' के रूप में देखी गई थी, वह 'विसंस्कृतिकरण' के रूप में आने लगी। भारतीय जनतंत्र में जातियां मुखरित ही नहीं हुई, बल्कि वे सरकारी खाद-पानी पा पलने-बढ़ने लगीं। भारतीय जन में एक ऐसा सत्ता प्रेरित आत्मबोध पैदा हुआ, जिसमें नागरिक बोध व जाति बोध साथ-साथ विकसित होने लगे। ऐसे में, भारतीय जनतंत्र एवं जाति के संबंधों में एक नया मोड़ आया, जहां जनतांत्रिक लाभों में हिस्सेदारी संख्या बल के आधार पर मांगी जाने लगी। राममनोहर लोहिया और कांशीराम इस विचार के प्रखर सिद्धांतकार बन कर उभरे। पिछड़ा मांगे सौ में साठ का जो दर्शन राम मनोहर लोहिया ने प्रस्तुत किया, कांशीराम ने उसे जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के नारे से आगे बढ़ाया। ये प्रयोग सन 1960 के आस-पास शुरू हुए और लगभग अभी तक चल रहे हैं। इन प्रयोगों ने यह दिखाया कि जाति भाव एक तरफ सीमांत के समूहों के लिए क्षणिक मुक्तिदायी तो प्रतीत होता है, किंतु अपने दीर्घकालीन प्रभाव में जातिभाव आधारित सशक्तीकरण अपने भीतर एक 'नव-आधिपत्य' का सृजन भी करता है। समानता की चाह एवं नव-आधिपत्य के कारण सतत उत्पादित हो रही असमानता एक-दूसरे के साथ अंतर्विरोधी संबंध रचते हुए भारतीय जनतंत्र में एक बड़ा विरोधाभास पैदा कर रहे हैं। पिछड़े एवं बहुजन आंदोलन से जो जनतांत्रिक राजसत्ता उभरी, उसमें भी हम सबने महसूस किया कि इन सामाजिक समूहों के कुछ खास वर्ग जो संख्या में बड़े थे, जिनके पास आकांक्षा की चाह उन्हीं समूहों की अन्य जातियों से पहले आ गई थी, उन्हीं को जनतांत्रिक अवसरों का 'यादा लाभ मिल पाया। इन्हीं सामाजिक समूहों की 'यादातर जातियां जिनका संख्या बल कम है, अपने ही समूह की कुछ प्रभावी जातियों से आकांक्षा और प्रतिनिधित्व की चाह को मुखरित करने में पीछे रह गई, उन तक सामाजिक न्याय की परियोजना पहुंच ही नहीं पा रही है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 08/09/2021**

**सूर्योदय :** 06:07 **सूर्यास्त :** 18:33 **चन्द्रोदय :** 07:07 **चन्द्रास्त :** 19:44 **शक सम्वत :** 1943 पलवा **अमान्ता महीना :** श्रावण **पूर्णिमांत :** श्रावण **सूर्य राशि :** सिंह **चन्द्र राशि :** कन्या **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** द्वितिया, 26:32 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1943 प्लव **विक्रम सम्वत :** 2078 आनन्द **गुजराती सम्वत :** 2077 परिधावी **द्रिक ऋतु :** शरद **द्रिक अयन :** दक्षिणायण **वैदिक अयन :** दक्षिणायण

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** उत्तर फाल्गुनी, 15:49 तक **प्रथम करण :** बालवा, 15:35 तक
**योग :** शुभा, 23:26 तक **द्वितिय करण :** कौवाला, 26:32 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | : 04:31 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | : 04:54 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | : कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | : 02:24 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | : 06:22 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | : 06:34 पी एम से |
| अमृत काल | : 09:05 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | : 11:56 पी एम से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | : 03:56 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में

राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में

चन्द्रवास : दक्षिण में

होमाहुति : सूर्य

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | : 06:06 - 07:39 | उद्वेग | : 06:32 - 07:59 |
| अमृत | : 07:39- 09:13 | शुभ | : 07:59 - 09:26 |
| काल काल वेला | : 09:13 - 10:46 | अमृत | : 09:26 - 10:53 |
| शुभ | : 10:46 - 12:19 | चार | : 10:53 - 12:20 |
| रोग वार वेला | : 12:19 - 01:53 | रोग | : 12:20 - 01:46 |
| उद्वेग | : 01:53 - 03:26 | काल | : 01:46 - 03:13 |
| चार | : 03:26 - 04:59 | लाभ | : 03:13 - 04:40 |
| लाभ | : 04:59- 06:32 | उद्वेग | : 04:40 - 06:07 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज द्वितीया

**आज कौन सा कार्य करें**

द्वितीया को राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

श्रावण, शुक्ल, द्वादशी, 2078 बुधवार, 8 सितम्बर - 14 सितम्बर, 2021

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
**किसी** वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**आत्मसम्मान** बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
**स्थायी** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**व्यापार-व्यवसाय** से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
**स्वास्थ्य** का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
**घर-बाहर** प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**यात्रा** मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**स्वादिष्ट** व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**कार्यप्रणाली** में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**फालतू** खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**बनते** कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर





### श्याम धनी इण्डस्ट्रीज ने की डीलर्स मीट में पॉइंट कार्ड स्कीम जारी

# श्याम मसाले के 21 नए प्रॉडक्ट लाँच





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्याम धनी इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राजस्थान के खुदरा व्यापारियो के लिए पॉइन्ट कार्ड स्कीम लॉन्च की गई। स्कीम लॉन्च कार्यक्रम में राजस्थान से 150 डीलर उपस्थित हुए। कार्यक्रमके मुख्य अतिथि राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के अध्यक्ष बाबू लाल गुप्ता ने व्यापार को कोरोनाकाल के बाद आगे बढाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि इम्युनिटी बढान के लिए भारतीय व्यंजन एवं मसालों का बड़ा योगदान रहता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजस्थान पुलिस के डीआईजी



अशोक गुप्ता ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में श्यामधनी के संस्थापक गिरधारी लाल अग्रवाल ने कंपनी के बढ़ते व्यापार के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में श्यामधनी इंडस्ट्रीज के निदेशक रामावतार अग्रवाल ने कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी ने 21 नये उत्पाद लॉन्च किए है, जिनमें पेरीपेरी मसाला, तवाफ्राई, सब्जी मसाला, चस्का मसाला प्रमुख है। कार्यक्रम के दौरान ख्यातनाम हास्य कलाकार ख्यालीराम ने आगंतुकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। इस अवसर पर डीलर्स के लिए आकर्षक लक्की ड्रा भी निकाला गया। ड्रा में विजेताओं को ढाई ग्राम, दो ग्राम सोने के सिक्के तथा 50 ग्राम चांदी के सिक्के दिए गए। कार्यक्रम के अंत में श्याम धनी के संस्थापक गिरधारी लाल अग्रवाल ने संस्था निदेशक राम अवतार अग्रवाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 21 नवंबर को एक यज्ञ के आयोजन की घोषणा की, जिसमें सभी आगंतुकों से शामिल होने का आग्रह किया।

### किसान न्याय सभा 26 को, सांसद संजय सिंह करेंगे संबोधित

# महंगी बिजली के खिलाफ प्रदर्शन करेगी आज



## कर्मचारी नेता रहे गिरिराज किशोर शर्मा आप में शामिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों ही जनता को राहत देने की बजाय लूटने में लगी है। आज किसान सड़कों पर बैठा है उसे न्याय नहीं मिल रहा है। आराजकता का माहौल बना हुआ है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी मोर्चा खोलने जा रही है। इस कड़ी में 26 सितंबर को श्रीगंगानगर जिले में किसान न्याय सभा का आयोजन होगा। किसान न्याय सभा को राजस्थान प्रभारी सांसद संजय सिंह सहित प्रदेश के किसान व पार्टी नेता संबोधित करेंगे। राजस्थान आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी खेमचंद जागीरदार ने प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए बताया कि किसान विरोधी कृषि बिलों के खिलाफ देश का किसान लगातार आंदोलन कर रहा है और केंद्र सरकार उसकी कोई सुध नहीं ले रही है। बल्कि उन पर लाठीचार्ज कर रही है। आम आदमी पार्टी हमेशा किसानों के साथ है और रहेगी। उन्होंने बिजली, पानी, गैस, डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त की। प्रदेश सचिव देवेन्द्र शास्त्री ने भी अपने उद्बोधन में जनता के प्रति बरती जा रही सरकारी लापरवाही की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर गिरिराज किशोर शर्मा ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## नगर निगम ग्रेटर वार्ड 23 में किया पौधारोपण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नगर निगम ग्रेटर वार्ड 23 विद्याधर नगर स्थित महाराणा प्रताप एवं विद्याधेश्वर महादेव पार्क में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी कांग्रेस के सीताराम अग्रवाल, महेश अग्रवाल पार्षद, जितेन्द्र टांक, डॉ. पुष्पा खंडेलवाल, नाथूराम गुर्जर, मीठालाल सामोता, कमला वल्लभ शर्मा एडवोकेट, आचार्य शर्मा, रामेश्वर सिंह महात्मा, रमेश पारीक, रफीक भाई, आरपी गुप्ता, रामअवतार, रामकिशन शर्मा, रामअवतार गुप्ता, पुजारी पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पौधारोपण किया। पौधारोपण के बाद पार्क को विकसित करने के लिए एक ज्ञापन सीताराम अग्रवाल को सौंपा गया।

## भगवा रक्षा दल की जयपुर से सालासर तक वाहन रैली 10 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के तत्वावधान में जयपुर से सालासर बालाजी तक एक वाहन रैली निकाली जाएगी। भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि रैली 10 सितम्बर को दोपहर 12 बजे जयपुर से रवाना होकर शाम 6 बजे सालासर बालाजी पहुंचेगी। वहां बालाजी दर्शन के पश्चात लक्ष्मण रोड स्थित मित्तल धर्मशाला में रात्रि विश्राम किया जाएगा। अगले दिन दल की मीटिंग रखी गई है, जिसमें आगामी कार्यक्रमों के बारे में रूपरेखा तैयारी की जाएगी।

### दो हजार परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

# पीटीईटी आज : डेढ़ लाख सीट, छह लाख अभ्यार्थी देंगे परीक्षा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य के करीब छह लाख अभ्यार्थी बुधवार को प्री टीचर्स एजुकेशन टेस्ट (पीटीईटी) देंगे। राज्य के सभी 33 जिलों में दो हजार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा होगी। इसमें राजधानी जयपुर के 181 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। जयपुर के परीक्षा केंद्रों पर दो वर्षीय परीक्षा के लिए 66838 व चार वर्षीय परीक्षा के लिए 18213 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा एक पारी में सुबह 11 बजे से दो बजे तक होगी। 1445 बीएड कॉलेजों की डेढ़ लाख सीटों पर एडमिशन के लिए यह परीक्षा हो रही है। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र पीटीईटी की अधिकृत वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यार्थियों को अपने साथ अपना फोटो पहचान पत्र, आवेदन की प्रति और फीस चालान की प्रति भी साथ लानी होगी। साथ ही एक नवीनतम रंगीन फोटो भी साथ लाना आवश्यक होगी।

**पुलिस बल तैनात रहेगा**

एग्जाम सेंटर्स पर पुलिस की तैनातगी की जा रही है। इसके लिए सभी थानों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। हर परीक्षा केंद्र पर संबंधित थानाधिकारी की ओर से कांस्टेबल तैनात किए जाएंगे। नकल की शिकायत मिलने पर पुलिस वहीं से गिरफ्तार कर सकेगी।

**कोविड प्रोटोकॉल पर फोकस**

कोविड प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी परीक्षार्थियों को मास्क पहन कर परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्रों पर सेनेटाइजर की व्यवस्था की गई है। हर परीक्षार्थी का हाथ सेनेटाइज करने के बाद ही उसे अंदर प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में भी सामाजिक दूरी के नियम की पालना पर फोकस किया जाएगा।

## संकल्प दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राजस्थान रावत राजपूत महासभा के तत्वाधान में मातृकुंडिया मंदिर निर्माण हेतु मातृशक्ति शक्ति संकल्प दिवस व मातृशक्तियों मनोबल बढ़ाने हेतु मैराथन, निबंध व रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मांदलदा गांव में राजस्थान रावत राजपूत महासभा ब्यावर के तत्वाधान में संभाग सभा में मातृकुंडिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलवंत सिंह जेतपुरा, युवा अध्यक्ष कालू सिंह बराड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमना सिंह रायथलियास, उपाध्यक्ष लाल सिंह खेरोदा, लक्ष्मण सिंह उदयपुर और उनकी पूरी कार्यकारिणी की तरफ से मातृकुंडिया मंदिर निर्माण हेतु संकल्प दिवस एवं मात्रशक्तियों को समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु एवं महिला सशक्तिकरण के लिए मैराथन दौड़, निबंध प्रतियोगिता, रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। यह आयोजन संभागीय महिला मंत्री दुर्गा कंवर के सानिध्य में आयोजित किया गया। संभागीय महिला संगठन मंत्री लीला कंवर रूपपुरा, संभागीय ऑडिटर सुमन कंवर, संभागीय सह ऑडिटर पायल कंवर का भी पूरा सहयोग रहा। संभाग सभा मातृकुंडिया की पूरी युवा शक्ति, मातृशक्ति इस भव्य आयोजन में उत्साह पूर्वक हिस्सा

# प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह सम्पन्न

### बिरला व्हाइट सी एस आर विभाग द्वारा बांटे टेबलेट



**तालनपुर @ जागरूक जनता।** ग्राम तालनपुर स्थित राजकीय मध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वी व 10वी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह विधालय प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत बिड़ला व्हाइट की सुरभि महिला मंडल की शिखा शर्मा एवं सरपंच तालनपुर भाकर राम के मुख्य आतिथ्य के शुभ हाथों से सम्मानित किया गया। जिसमें विधालय के होनहार विद्यार्थी सीमा, शोभा सुतार,सुशीला कुमारी, सजना बनो, रामचंद्र को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को टेबलेट एवं द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को टाइटन की घड़ी देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिखा शर्मा में अपने उद्बोधन में संबोधित करते हुए कहा कि ने बच्चों से लक्ष्य बनाकर सही दिशा में प्रयास करने व साथ ही कहा शिक्षा व बच्चों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा के विभिन्न क्षेत्र में विकास के लिए बिरला व्हाइट हर संभव प्रयास करेगा। कार्यक्रम का संचालन बिरला व्हाइट सीएसआर के विपिन सक्सेना ने किया। विभाग के उप महाप्रबंधक एस चंदा ने बिरला व्हाइट की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और कहा कि कहा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले छात्र-छात्राओं को मेहनत व लगन से पढाई करके अपने परिवारों का सहारा बनना चाहिए। उन्होंने कहा योग्यता किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होती है। अनेकों ऐसे उदहारण देखने को मिल जाते हैं जिनमें ग्रामीण परिवेश व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे उच्च नौकरियों के लिए बनने वाली मैरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा सभी छात्र-छात्राओं को मेहनत व लगन से अपना बेहतर प्रदर्शन देना चाहिए। इस अवसर पर बिरला व्हाइट से जालम सिंह भाटी, सी एस आर के रामकुमार सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे। इस मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक दिनेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जागरूक खबरें

### निर्भया स्क्वायड व सुरक्षा सखी ने मनाया टीचर्स डे



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सेक्टर 26 प्रतापनगर सांगानेर जयपुर माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में निर्भया स्क्रायड सुरक्षा सखी की एडिशनल सुनीता मीणा कमीशनरेट के निर्देश अनुसार टीचर्स डे मनाया। जिसमे निर्भया स्क्रायड की महिला कांस्टेबल रीना जागा व संतोष ने सुरक्षा सखी के महत्व के बारे मैं बताया। इनके साथ इनकी सुरक्षा सखियो मैं समाज सेवी पुनीता शर्मा, रंजू जैन (प्रिंसिपल), अंशु बिमलेश, द्रोपदी, सुनीता, अनिता, ममता, लक्ष्मी, मधु, संतोष, संतोष, मंजू ने निर्भया स्क्रायड की कार्य शैली के बारे मैं बताया। इनमे हमारे समाज सेवी हेमंत शर्मा ने भी सहयोग किया व निर्भया स्क्रायड सुरक्षा सखियो की भी सहराना की।

### बाइक टैक्सी ड्राइवर यूनियन ऑफ राजस्थान ने ड्राइवर दिवस मनाया



**जयपुर @ जागरूक जनता।** महेश नगर, करतारपुरा स्थित पूजा मैरिज गार्डन में बाइक टैक्सी ड्राइवर यूनियन ऑफ राजस्थान ने ड्राइवर दिवस पर ड्राइवर्स का सम्मान समारोह एवं समस्याओं पर चर्चा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान आये हुए सभी ड्राइवर साथियों को सुना गया। यूनियन के द्वारा सभी की समस्याओं को सुनकर जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान पर कार्य किया जाएगा। सभी साथी कॉमर्शियल वाहन ही कंपनियों द्वारा जोड़ा जाए और प्राइवेट वाहनों को भी कॉमर्शियल किया जाए इसके लिए एक मत हुए। ड्राइविंग के दौरान अपनी ईमानदारी एवं सेवा का परिचय देने वाले नवीन वर्मा, जयप्रकाश बुनकर, मुकेश चंद गुप्ता, अमर सिंह मीणा, अमित कुमार शेरसिया को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा,सचिव मन्दिप कुमार मीणा, संगठन मंत्री योगेश कुमार मीणा, उपसंघटन मंत्री धर्मसिंह योगी, कार्यालय मंत्री सन्दीप वर्मा प्रसार प्रचार मंत्री विष्णु कुमार धूत, कार्यकारी उपाध्यक्ष भागचन्द रेगर, संरक्षक पुष्पेन्द्र कुमार सैनी, सक्रिय सदस्य शौकीन लाल सैनी, रविन्द्र सैन, भानू प्रकाश शर्मा, हरीश शर्मा, धर्म सिंह मीणा, धारा सिंह योगी एवं समस्त बाइक ड्राइवर्स मौजूद रहे।





### ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष, रजनी प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विश्वकर्मा निवासी गोविन्द ठाकुर को भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने प्रदेस अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया ये जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने दी। उधर, भगवा रक्षा दल राजस्थान (महिला मोर्चा) में कोटा निवासी रजनी शक्तावत को प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया गया है। इनको यह जिम्मेदारी प्रतिभा चुंडावत (प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, राजस्थान) की अनुशंषा पर सौंपी गई है।

### श्रीराम सेवा समिति ने मनाया नंदोत्सव



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री राम सेवा समिति बैंक कॉवलोनी जमनपुरी में नंदोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों के खिलौने, कपड़े, फल और टाफियां उछाली गई। जिसे बच्चों सहित महिलाओं ने लूटा और खूब नृत्य किया। उत्सव में मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संयोजक अनीता पारीक, गीतांजलि खेमका वीरा अग्रवाल परमिता खेमका, कुसुम केडिया, सरिता केडिया, ममता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, निशा अग्रवाल, प्रियंका पारीक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## कार्यालय नगरपालिका-पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर (राजस्थान)

**क्रमांक : न.पा.पी./भू.रू./2020-21/5680** **दिनांक 03/09/2021**

### लोक सूचना

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित व्यक्तियों द्वारा अपनी खरीद सुदा भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थातः-

| क्र. सं. | नाम व पता | मौजा | खसरा नंबर | बीघा/वर्ग गज में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती इन्द्रादेवी पत्नी श्री अमराराम माली, निवासी-सोलकियों का बैरा पीपाड़ शहर | सिन्धीपुरा | 1464 | 26.66 वर्ग गज (वाणिज्यिक) |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जाएगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03/09/2021 को जारी की गई।

**(सुरेशचंद शर्मा)**
प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका, पीपाड़ शहर

## कार्यालय नगरपालिका-पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर (राजस्थान)

**क्रमांक : न.पा.पी./भू.रू./2020-21/5682** **दिनांक 03/09/2021**

### लोक सूचना

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित व्यक्तियों द्वारा अपनी खरीद सुदा भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थातः-

| क्र. सं. | नाम व पता | मौजा | खसरा नंबर | बीघा/वर्ग गज में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री अमराराम पुत्र श्री हीराराम सोलंकी (माली), निवासी-सोलकियों का बैरा पीपाड़ शहर | पीपाड़ शहर | 1491 | 465.83 वर्ग गज (आवासीय) |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जाएगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 03/09/2021 को जारी की गई।

**(सुरेशचंद शर्मा)**
प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका, पीपाड़ शहर

## जागरूक खबरें

### संघर्ष समिति ने कि सिद्धार्थ महाजन से मुलाकात



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नर्सेज संघर्ष समिति के नेतृत्व में सैकड़ों नवनियुक्त नर्सेज कर्मचारी स्वास्थ भवन पर एकत्रित होकर पिछले 1 माह से कार्य मुक्त होकर निदेशालय के अधीन चल रहे नर्सेज की ज्वाइनिंग की मांग को लेकर सिद्धार्थ महाजन शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से मुलाकात की। इसके बाद पीएस महेंद्र शर्मा चिकित्सा मंत्री से मुलाकात की। शर्मा ने जल्द ज्वाइनिंग का आश्वासन दिया। अध्यक्ष सोम सिंह मीणा ने बताया कि लगभग 340 नर्सेज जॉइनिंग के इंतजार में मानसिक रूप से परेशान है। जल्द जोइनिंग की मांग रखी। मुलाकात में संघर्ष समिति संयोजक पवन कुमार पंडित जितेंद्र कटारा आशीष भारद्वाज कमलेश गुर्जर एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### वैक्सीन शिविर आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री अग्रवाल सेवा समिति,विद्याधर नगर के तत्वावधान में समिति कार्यालय में वैक्सीन शिविर लगाया गया जहां करीब 400 लोगों को कोवीशिल्ड वैक्सीन लगाई गई। समिति अध्यक्ष उमेश गोयल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल और महासचिव मनिष कुमार जालान के नेतृत्व में यह शिविर लगाया गया जिसमें समिति के अशोक सहरिया, सांवरमल अग्रवाल, मनीष झुंझुनुवाला, विनय अग्रवाल, संजय गोयल, घनश्याम अग्रवाल, किशन अग्रवाल, स्वतंत्र कामदार, आशा अग्रवाल व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने शिविर की व्यवस्था संभाली।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट के जन्मदिन पर गांधी नगर में किया पौधारोपण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** चित्तौड़गढ़ में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश भर में पौधारोपण किया जा रहा है इसी क्रम में चित्तौड़गढ़ में महिला कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पार्षद नीतु कँवर भाटी के नेतृत्व में गांधी नगर राजीव नगर स्थित पार्क में पौधारोपण किया गया। चितौड़गढ़ में पौधारोपण के तहत सैंकड़ो पौधे लगाए गए, जिसमें नेतवाल गढ़ पाछली, गढ़वाल, घटियावाली, बस्सी, गोपाल नगर, गांधी नगर, सेन्थी, सुखवाड़ा आदि क्षेत्रों में पौधारोपण किया गया। गांधी नगर में पौधारोपण के अवसर पर कानसिंह भाटी, जिनेश शर्मा, यमराज,अकरम अली,मोनू सुखवाल, पुष्पा प्रजापत, खन्ना, मधु जीजा, गोलू सिंह, बबलू सिंह, शरीफ खान, गुलशेर, मुर्तजा आदि वार्डवासी उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र, चित्तौड़गढ़ ने किया शिक्षकों का सम्मान




**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** दिवाकर पब्लिक स्कूल गांधीनगर में महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा कें पदाधिकारियों और सदस्यों ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों का माला एवं ऊपरना पहनाकर कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष वीरा सुनीता सिसोदिया ने विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक के महत्व को बताया एवम कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो हमारे अंदर प्रकाश भर देता है। जीवन में सफलता एवं ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए शिक्षा का होना अति आवश्यक है और यह शिक्षा गुरु से ही संभव है। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रियंका पुरोहित ने सभी का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक प्रियंका पुरोहित, कविता शर्मा, सीमा जैन,वर्षा शर्मा, माधुरी आगाल,ज्योति चावला, दीपमाला लोढ़ा एवं सीमा कुमावत का अभिनंदन अध्यक्ष वीरा सुनीता सिसोदिया, सचिन विनीता जैन, डिप्टी डायरेक्टर विमला सेठिया, डायरेक्टर स्वाति छाजेड़, अंजू कोठारी, अनीता भड़कतीया, दिलखुश मेहता, पदमा पगारिया, सीमा भड़कतीया, प्रियंका जैन, ज्योति चोपड़ा ने किया। आभार सचिव विनीता जैन ने व्यक्त किया।

### निर्धन एवं विधवा महिलाओं को मासिक राशन वितरण



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान के मानव मंदिर परिसर में सोमवार को समाज की गरीब, असहाय और विधवा महिलाओं को राशन वितरण किया गया। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि हर माह की तरह सितंबर माह का राशन मदद शिविर निदेशक वंदना अग्रवाल के नेतृत्व में कोविड गाइडलाइंस के अनुसार रखा गया। इस शिविर में 54 महिलाएं मासिक राशन किट से लाभान्वित हुई। संस्थान के 10 सेवाभावी साधकों की टीम जरूरतमंद जनों तक पहुंचने के लिए ततपर खड़ी है।

### परमार सफाई मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बने



**पिंडवाड़ा @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय सफाई मजदुर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष किशनलाल जैदिया ने दिनेश कुमार परमार पिण्डवाडा को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष परमार को संघ के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष किशनलाल जैदिया, प्रदेश महामंत्री रामपाल व रविन्द्र वाल्मीकी सहित अन्य लोगों ने फुल-मालाएं पहनाकर बधाई दी। साथ ही जल्द से जिला कार्यकारणी बनाकर पेश करने के निर्देश दिये।

# इंटर ज़िंक चेम्पियनशिप सीजन टू शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** इंटर जिंक चैम्पियनशिप सीजन टू टूर्नामेंट का शुभारम्भ जिंक नगर एक्जिक्यूटिव क्लब के सभागार में प्रारम्भ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के लोकेशन हेड एंव उप मुख्य प्रचालन अधिकारी स्मेल्टर्स सी चंद्रू, अध्यक्षता यूनियन के महामंत्री घनश्याम सिंह राणावत, विशिष्ठ अतिथि यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके मोड़, पायरों ईकाई प्रधान कमोद सिंह थे। इस अवसर पर लोकेशन हेड चंद्रू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमें स्फुर्ति एवं दूगुने उत्साह से कार्य हेतु प्रेरित करते है।

चार दिवसीय इस आयोजन के लिये खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करते हुए उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेल कर अपने उच्च खेल का प्रदर्शन करें। कोविड के बाद निश्चित रूप से यह आयोजन खिलाड़ियों के लिये उत्साहवर्धक होगा। राणावत ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक के टीमों के बीच इस प्रकार के आयोजन कार्यक्षेत्र में प्रेरणा के लिये महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट में हिन्दुस्तान जिंक की सभी ईकाईयों के खिलाड़ी भाग ले रहे है, जिसमें 44 टीटी पुरूष व 8 महिला, बैडमिंटन में 64 पुरूष व 18 महिला सहित कुछ 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है। टेनिस का उद्घाटन मैच कनिष्का कोठारी एवं अक्षिता के बीच खेला गया जिसमें 11-2 , 11-2 से कनिष्का विजेता रही। पुरूषों में बैडमिंटन उद्घाटन मैच योगेश शर्मा एवं केसी दाधीच के बीच खेला गया जिसमें योगेश शर्मा 15-8,15-8 से विजयी रहे। पायरो एच आर हेड श्याम सुंदर सोनी, हाइड्रो इकाई प्रमुख सुब्रतो मंडल, योगेश शर्मा ने सभी खिलाड़ियों एंव अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जीएसएस चौहान ने किया। धन्यवाद प्रतियोगिता संयोजक इंद्रजीत सिंह भाटी ने दिया। ज़िंक के वरिष्ठ अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# संत आगमन खुशी का कारण होता है-डॉ समकित मुनि




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** जय जय जयकार पर्यूषण, स्वागत स्वागत पर्व तुम्हारा, लो अभिनंदन आज हमारा वंदन सौ सौ बार -डॉक्टर समकित मुनि के मुखारविंद से पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन खातर महल में आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन प्रारम्भ करते हुए डॉ समकित मुनि ने कहा कि पर्यूषण पर्व नब्बे आत्माओं के सिद्ध होने का अष्ट दिवसीय महोत्सव है जिसे हम भक्ति और आनंद के साथ मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक युद्ध स्वयं के साथ करो, दूसरों के साथ संघर्ष करके कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। शाश्वत समाधान स्वयं के साथ संघर्ष करना है। सुसंस्कारों से जब हम स्वयं संस्कारित रहते हैं तो बच्चों को भी संस्कार देना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि संत का आगमन खुशी का कारण होता है। बगीचे में फूल खिलते हैं तो वह भंवरों के लिए नहीं खिलते हैं उनका स्वभाव ही खिलने का होता है। उन्होंने बताया कि 23 से 27 सितंबर को पंच दिवसीय श्रवण कुमार की कथा का वाचन होगा। श्री संघ प्रचार मंत्री सुधीर जैन ने बताया कि इससे पूर्व साध्वी विशुद्धि म सा ने अनगड़ सूत्र का मूल वाचन किया व तत्पश्चात साध्वी विशाखा म सा ने पर्यूषण पर्व आया है, यह खुशियां लाया है की सुमधुर गीतिका प्रस्तुत की।

## राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गोपालकृष्ण कल सिरोही में

**सिरोही @ जागरूक जनता।** राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गोपालकृष्ण व्यास 9 सितम्बर को सिरोही में जन सुनवाई करेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर कालूराम खौड ने बताया कि राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गोपालकृष्ण व्यास आज अपरान्ह 3 बजे जोधपुर से रवाना होकर सांय 6 बजे सिरोही पहुचेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। 9 सितम्बर को सर्किट हाउस में प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई एवं आयोग में लम्बित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। दोपहर 12 बजे सिरोही के राजकीय चिकित्सालय, एक बजे राजकीय उम्बेडकर छात्रावास एवं दोपहर 2 बजे सिरोही कोतवाली थाना का निरीक्षण करेंगे। 10 सितम्बर को 10.15 बजे सिरोही से रवाना होकर दोपहर 1.15 बजे जोधपुर पहुचेंगे।

### आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फ्रीडम रन कार्यक्रम 11 को

**सिरोही @ जागरूक जनता।** युवा कार्यक्र एवं खेल मंत्रालय एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फ्रीडम रन कार्यक्रम 11 सितम्बर को रखा गया है। जिला युवा अधिकारी मोहित कुमार ने बताया कि 11 सितम्बर को प्रातः 08.30 बजे फ्रीडम रन अंहिसा सर्कल से सर.के.एम. स्कूल से होते हुए सरजावाव गेट, बस स्टेण्ड, जेल रोड होते हुए गांधी पार्क परिसर में पूर्ण होगी।

# अल्ट्राटेक नाथद्वार सीमेंट लिमिटेड एवं सी.एम. एफ. की सहभागी से कुण्डाल गॉव के घर-घर तक पहुंचा पानी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिंडवाड़ा।** समीपवर्ती अल्ट्राटेक कम्युनिटी वैलफेयर फाउंडेशन, अल्ट्राटेक नाथद्वार सीमेंट लिमिटेड, आदित्यनगर पिंडवाड़ा एवं सी.एम. एफ. की सहभागीदारी से प्रोजेक्ट जल आपूर्ति के तहत गॉव में लोगो के घर-घर तक पेयजल पहुंचाया।

इस वर्ष वरली पंचायत के कुंडाल गॉव में 21 घरो के आँगन तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया गया। इस जल आपूर्ति योजना में सार्वजनिक कुंए से 21 घरो तक पानी की पाइपलाइन लाइन की सुविधा प्रदान की गयी। मौजूदा कुंए की चुनाई एवं उसके ऊपर की सुरक्षा जाली की सुविधा की गयी। प्रत्येक घर में 500 लीटर की पानी की टंकी उपलब्ध करवाने के साथ ही टंकी रखने के लिए स्टैंड पोस्ट करवाए गए है। इनके अलावा सोलर पेनल की सुविधा करवाई गयी।

सोलर सिस्टम का उपयोग करके कुंए से पानी घर तक पहुंच रहा है। यह सुविधा से गॉव के लोगो को विशेषरूप से महिलाओं को बहुत मिला है। पहले दूर तक पानी भरने जाते थे अब खुद के आँगन में ही पानी उप्बब्ध है। 21 घरो का भी इस में योगदान रहा है। जिस से 2 सौ 25 लोगो को लाभ मिल रहा है। आबू-पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, अल्ट्राटेक नाथद्वारा सीमेंट लिमिटेड से संस्थान प्रमुख चंद्रपाल सिंह चौहान, करुणेश पांडे और उनके मार्गदर्शन के तहत उनकी सी.एस.आर टीम, सी.एम्.एफ. संस्था एवं वरली सरपंच बाबुलाल गरासिया के संयुक्त प्रयास से यह कार्य सफल रूप से हो पाया है।

**पांच पंचायत समितियों में से चार में भाजपा के प्रधान बने**

# सिरोही में अर्जुन पुरोहित बने जिला प्रमुख

### पिंडवाड़ा में नितिन बने प्रधान

तुषार पुरोहित @ जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सिरोही।** जिला परिषद प्रमुख पद पर भारतीय जनता पार्टी के अर्जुनराम निर्वाचन घोषित किए गए । इसी प्रकार पंचायत समिति सिरोही प्रधान पद पर भारतीय जनता पार्टी के हसमुख कुमार, पंचायत समिति शिवगंज प्रधान पद पर भारतीय जनता पार्टी की ललिता कंवर, पिंडवाडा पंचायत समिति प्रधान पद पर भारतीय जनता पार्टी के नितिन कुमार, रेवदर पंचायत समिति प्रधान पद पर भारतीय जनता पार्टी की राधिका बेन एंव आबूरोड पंचायत समिति के प्रधान पद पर इंण्डियन नेशनल कांग्रेस के लीलाराम निर्वाचित घोषित हुए। जिला परिषद के सभागार में हुए हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सिरोही जिला परिषद के प्रमुख पद निर्वाचन के लिए भारतीय जनता पार्टी के अर्जुनराम को 17 मत एवं कांग्रेस के हरीश चैधरी को 4 मत मिले। इसी प्रकार सिरोही पंचायत समिति के प्रधान पद के निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी के हसमुख कुमार को 14 एवं इण्डियन नेशनल कांग्रेस की सीता को 3 मत मिले। शिवगंज पंचायत समिति प्रधान के निर्वाचन लिए भाजपा की ललिता कंवर को 08 एवं इंण्डियन नेशनल कांग्रेस के कैलाश कुंवर को 07 मत मिले। पिंडवाडा पंचायत समिति के प्रधान निर्वाचन के लिए भारतीय जनता पार्टी के नितिन कुमार को 15 मत एवं इंण्डियन नेशनल कांग्रेस की सुनीता देवी को 6 मत तथा रेवदर पंचायत समिति प्रधान पद के लिए भारतीय जनता पार्टी की राधिका बेन को 14 एवं इंण्डियन नेशनल कांग्रेस की दानू देवी को 7 मत मिले।आबूरोड पंचायत समिति के प्रधान पद के लिए इंण्डियन नेशनल कांग्रेस के लीलाराम को 9 को मत एवं भाजपा के रामलाल को 6 मिले।

**बजाज मोटरसाइकिल के शोरूम पर माइलेज मुकाबला 2021 का हुआ आयोजन**

# पेट्रोल कीमतों को मुंहतोड़ जवाब देती है बजाज की गाड़ियां

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमू @ सुशील अग्रवाल।** शहर के मोरिजा रोड स्थित लक्ष्मी ऑटो एजेंसी पर बजाज प्लेटिना 100 सीसी का माइलेज 113 किलोमीटर प्रति लीटर व बजाज CT 100cc का 105 किमी प्रति लीटर का माइलेज नापा गया। बजाज शोरूम पर सुबह से ही लोगों की भीड जमा होने लगी सभी ने अपनी अपनी मोटरसाइकिल का माइलेज चेक कराने की होड़ लगी कंपनी के स्टाफ ने बारी-बारी से सभी मोटरसाइकिल का माइलेज चेक किया माइलेज मुकाबला 2021 में लोगों ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

डीलर ऑनर कमलेश अग्रवाल ने बताया कि पेट्रोल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए ग्राहक बजाज की गाड़ियां को काफी पसंद कर रहे हैं। माइलेज में प्रथम तीन विजेता को पुरस्कार दिया गया। कैंप में उपस्थित सभी ग्राहकों को भी उपहार दिया गया।

## जागरूक जनता पुलिस डायरी

# बिखरते परिवार को मिलाना ही सच्चा कर्तव्य-एकता

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कहते है जिस राह जाना नहीं उस राह का रास्ता क्यों पूछना, लेकिन किस्मत को क्या मंजूर हो, यह किसे पता। सरल और हंसमुख स्वभाव की धनी एकता राज, सी.आई., गांधीनगर महिला थाना (पूर्व) जिनका जन्म सांगानेर,जयपुर के एक सामान्य परिवार में हुआ, इनके पिता पेंट-कारीगर थे और इनकी माता एक सामान्य गृहिनी । चार भाई- बहनो में दूसरे नंबर की एकता राज अपने बचपन से एक होनहार छात्रा रही, उनकी प्रारंभिक शिक्षा सांगानेर के एक सरकारी विद्यालय और उच्च शिक्षा जयपुर के ही महारानी कॉलेज में हुई। माता-पिता के साये में पल रही एकता राज को पता नहीं था की उनके उच्च शिक्षा तक पहुंचते-पहुंचते इनके पिता का साया इनके सर से उठ जायेगा। एकता जी बताती है की पिताजी के चले जाने के बाद हम लोगो की जिंदगी थम सी गई थी, परिवार को अपनी मेहनत - मजदूरी से पालने वाले उनके पिताजी का अचानक चले जाने से उनका परिवार पूरी तरह टूट चूका था। उनसे बड़ी बहन की शादी की भी जिम्मेदारी उनकी माँ और उनके ऊपर आ चुकी थी, समझ नहीं आ रहा था की कैसे पैसो की व्यवस्था होगी और किस तरह घर चलेगा। घर को चलाने के लिए जहाँ उनकी माँ ने सिलाई का काम शुरू किया वही एकता ने स्कूल के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर घर - खर्च में अपनी माँ का हाथ बंटाया। इसके साथ- साथ अपनी और अपने दोनों भाइयो की भी शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी अपने नाजुक कंधो पर उठाते हुए लगातार संघर्षो का सामना करते हुए पूरी की।

एकता आगे बताती है की उन्हें पुलिस की नौकरी में जाना था लेकिन उन्हें इसके लिए कभी कोई पूर्व तैयारी नहीं की क्योंकि परिवार की जिम्मेदारियों के बीच पता ही नहीं चला की कब मैने अपना ग्रेजुएशन पूरा कर लिया। फिर एक दिन अख़बार के माध्यम से पता चला की सब- इंस्पेक्टर के लिए भर्ती निकली है लेकिन मैंने इसे भी गंभीरता से न लेते हुए अपने जीवन को आगे बढ़ाने में और परिवार को सँभालने में ही अपने आपको व्यस्त कर दिया। लेकिन फिर उस विज्ञप्ति के पांच दिन बाद खाना बनाने के बाद रोटियां रखने के लिए काम लिए जाने वाले पुराने अख़बार के लिए ज़ब मैने अख़बार उठाया तब वही विज्ञप्ति फिर से उनकी आँखों के सामने दिखाई दी, इसे भगवान की मर्जी और अपने सपनो तक पहुंचने वाली सीढ़ी समझते हुए उसी दिन इस विज्ञप्ति को भरने के लिए अपने साथ की लड़कियों से पूछा और इस का फार्म भरकर सम्बंधित विभाग तक पहुंचाया भी। परीक्षा की तैयारी के दौरान अभाव के चलते अपने साथियों से किताबे लेकर और फिर उनमे से खुद के लिए अलग से नोट्स बनाते हुए अपनी तैयारी जारी रखी और परीक्षा को उत्तीर्ण भी किया। जहाँ एकता अपनी परीक्षा की तैयारी में जुटी थी वही इनकी माताजी और अन्य रिश्तेदार इनकी शादी की तैयारी में जुटे थे लेकिन उन्होने अपने परिवार से इस परीक्षा की तैयारी के लिए समय माँगा और परिवार वालो ने भी इनकी परीक्षा के लिए जूनून और मेहनत को देखते हुए परीक्षा के बाद ही इनकी शादी करने का निर्णय लिया।

परीक्षा अपने तय समय पर हुई और फिर शादी

अपने उन दिनों को याद करते हुए वें बताती है की परीक्षा की तैयारी तो उनके हाथ में थी लेकिन शादी के बाद अपने ससुराल और वहाँ के ग्रामीण माहौल के चलते वो एकता जो कभी अपने आप को एक जोशीली-जूनूनी लड़की मानते हुए अपने फैसले खुद करती थी वहाँ शादी के बाद और रीति-रिवाजों और पारम्परिक पोषाक के साथ एक महिला बन चुकी थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही उस परीक्षा का परिणाम एकता के पक्ष में आया और वें उत्तीर्ण हों गई। एकता के अनुसार असल संघर्ष मेरी जिंदगी में अब शुरू हुआ था, मै अब खुद के फैसले खुद नहीं लें पा रही थी मेरे ऊपर अब अपने ससुराल की एक बहु की भी जिम्मेदारीया थी। लेकिन मेरे पति राजेश, जो की स्वयं भी पुलिस विभाग में कार्यरत थे ज़ब उन्होंने मुझे उधेड़-बुन में पाया तो मेरा हौंसला बढ़ाया। अभी समस्या खत्म नहीं हुई थी मुझे अब परीक्षा के दूसरे चरण यानि की शारीरिक -दक्षता के लिए भी तैयारी करनी थी जिसके लिए मै कभी तैयारी ही नहीं थी और यही मेरा सबसे कमजोर पक्ष भी था। वहाँ मेरे पति ने मुझे पहले मोटिवेट किया और फिर मैदान में जाकर तैयारी करने के लिए भी प्रेरित किया और एक कोच बनकर सुबह जल्दी उठाने से लेकर, दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद और भी अन्य तरह की तैयारी कराने में मेरे साथ लगातार मेहनत की और मेरी परीक्षा के अगले चरण को भी सफल बनाया। एकता का कहना है की आज मै जो भी हूँ, उसमें मेरे जीवनसाथी का बहुत बड़ा हाथ है।

जागरूक जता के पत्रकार पंकज शर्मा से पुलिस की नौकरी का अनुभव साझा करते हुए एकता ने बताया कि वे जहाँ भी, जिस भी थाने में कार्यरत रही और जितने भी परिवाद उनके पास आये उनमे से 95 प्रतिशत परिवादो का निस्तान्तरण उन्होंने अपने थाने स्तर पर ही किया यही उनके लिए बड़ी खुशी की बात है। ज़ब किसी बिखरते परिवार को वें मिलाने में और सही रास्ता दिखाने में कामयाब होती है तो वें इसे ही एक पुलिस अधिकारी का सच्चा कृतव्य मानती है। जय हिन्द!

आपके पास भी अगर कोई ऐसी शख्सियत है तो
हमें मेल करें... jagrukjantanews@gmail.com

**अरबन बैंक चन्देरिया शाखा का 12वां स्थापना दिवस**

# ग्रुप फाईनेन्स योजना से जोड़ेंगे श्रमिक वर्ग को - सेठिया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चितौड़गढ़।** चितौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. की चन्देरिया शाखा 12वीं स्थापना वर्षगांठ उत्साह के माहौल में समारोह पूर्वक मनाई गई। स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए बैंक की चेयरपर्सन विमला सेठिया ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही बैंक का पहला लक्ष्य है। उन्होनें कहा कि चन्देरिया शाखा में आने वाले किसी भी ग्राहक को कोई परेषानी नहीं हो इसके लिए बैंक प्रबन्धन सुविधाओं की विस्तार सहित हर संभव प्रयास करेगा। बैंक शाखा में ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरन्तर प्रयास चल रहे है। बैंक चन्देरिया ओद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों को भी ग्रुप फाईनेन्स की सुविधा उपलब्ध कराएगा। श्रीमती सेठिया ने सभी ग्राहकों से अपील की कि वे अपने परिचितों व मित्रों को बैंक से जोडे और बैंक के ग्राहको की संख्या बढ़ाने में सहयोग करे।

समारोह के मुख्य अतिथी सर्वोदय साधना संघ के अध्यक्ष नवरतन पटवारी ने इस बात पर खुषी जताई कि चितौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक चन्देरिया क्षेत्र में आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने में लगा है। उन्होनें कहा कि उन्हें अहसास है कि इस क्षेत्र में जमीनों के पट्टे नहीं होने जैसी समस्याएं है इसके बावजूद बैंक ग्राहकों को आसानी से ऋण कैसे मिल सके इसके लिए प्रयास करता है। समारोह में विषिष्ट अतिथि बैंक के निदेषक रणजीत सिंह नाहर ने कहा कि ग्राहकों की सुविधा के लिए आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं शाखा में मिले इसके लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। उन्होनें कहा कि ग्राहकों के सहयोग से ही कोई भी संस्था प्रगति कर सकती है ऐसे में सभी ग्राहक इस शाखा को आदर्ष शाखा के रूप में विकसित करने में सहयोग प्रदान करे। कार्यक्रम में विषिष्ट अतिथि बैंक के बोर्ड ऑफ मेनेजमेन्ट के अध्यक्ष हेमन्त शर्मा ने कहा कि ग्राहकों को किसी भी तरह की परेषानी या असुविधा होने पर बैंक प्रबन्धन से सम्पर्क कर सकता है। उन्होनें कहा कि ग्राहकों की समस्याओं को हल करने के लिए बैंक निरन्तर प्रयास कर रहा है।

समारोह में बैंक की प्रबन्ध निदेषक वन्दना वजीरानी ने बैंक की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में ग्राहकों से जो समस्याएं सामने आई उनमे से जिनका समाधान तुरन्त हो सकता था उनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया है। बैंक कडी प्रतिस्पर्धा के बावजूद सावधि जमा योजना में अन्य बैंकों की तुलना में ग्राहकों को अधिक ब्याज उपलब्ध करा रहा है। उन्होने कहा कि बैंक ग्राहकों को आसानी से सभी तरह के ऋण उपलब्ध हो सके इसके लिए भी निरन्तर व्यवस्थाओं को सरल एवं आसान बना रहा है।

## जागरूक खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने गरीब परिवारों को राशन सामग्री बांटी



**भीनमाल @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 किलो मुक्त खाद्य उपलब्ध कराया जाता है । इस योजना का लाभ देश के 80 करोड लोगों को देने का लक्ष्य है। राशन कार्ड पर मिलने वाले तय कोटे के अतिरिक्त यह 5 किलो अनाज निःशुल्क दिया जाता है । कोरोना संकट के चलते सरकार ने इस योजना की शुरुआत की इस योजना के तहत भाजपा नगर मंडल भीनमाल के वार्ड संख्या 11,12 में गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन किट वितरण किए गए । भाजपा भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी ने कहां की देश में कोरोना काल में उपजे संकट में गरीबों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा । इसलिए प्रधानमंत्री ने यह योजना को प्रारम्भ किया है। जिससे गरीबों का कल्याण हो सके। भाजपा जिला उपाध्यक्ष भैरुदान चारण ने कहां की भाजपा सरकार समाज के हर उस व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अग्रसर है । जो कि आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। नगर अध्यक्ष महेंद्र सोलंकी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण योजना चला कर गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो की बहुत नेक कार्य है । महामंत्री एवं पार्षद प्रवीण एम दवे ने कहां कि केंद्र सरकार जन कल्याण हेतु बहुत योजनाएं चलाती है। जिसमें से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना भी है। इस योजना से आज देश में लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं । पूर्व नगर अध्यक्ष भरतसिंह भोजाणी ने कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रथम कोरोना काल में भी देश के गरीब परिवारों को भूखे नही सोने दिया उस समय भी गेहूँ, चावल, दाल, तेल सहित खाद्यपदार्थ उपलब्ध कराए थे। प्रधान किरण भारतीय ने सभी अतिथियों व वार्ड वासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, जुंजाणी मंडल अध्यक्ष टिकमसिंह राणावत, पार्षद शंकरलाल महेश्वरी, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश देवासी,युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रकाश जांगु, जिला मंत्री विकास सोलंकी, वरिष्ठ बद्रीनारायण गौड़, कुलदीप याज्ञी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मंत्री अल्ताफ हुसैन, सुरेश माली, सुरेश वोरा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय मानवधिकार के कार्यकर्ता ने किया 126 यूनिट रक्तदान किया



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज प्रसाद गुप्ता के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने आज A.K.j रिसोर्ट में चित्तौड़गढ़ के विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के जन्मदिन पर रक्तदान का शिविर में 126 यूनिट का लक्ष्य पूरा किया। पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी अशोक नवलखा चंद्रभान सिंह आक्या ने रक्तदान शिविर में रक्तदाता को प्रमाण पत्र व सांवलिया सेठ की तस्वीर दे कर सम्मानित किया। चित्तौड़ जिलाध्यक्ष राजू अग्रवाल शंभूपुरा ने बताया की प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र वैष्णव प्रदेश मंत्री महेंद्र सिंह सुरजनियास उदयपुर संभाग प्रभारी रेनू मिश्रा जिलाध्यक्ष राजू अग्रवाल शंभूपुरा उपाध्यक्ष जवान सिंह लाकनोत, जिला महामंत्री किशनसिंह, सोलंकी कीर्ति ध्वज सिंह मानियास नारायण सिंह जी चुंडावत, राजू नायक रतन जी गुर्जर सामरी निंबाहेड़ा तहसील अध्यक्ष सुनील शर्मा महामंत्री रामेश्वर मीणा भूरा लाल डांगी मनोज कोठारी मनोज वैष्णव पेंटर घनश्याम सोनी मुकेश चाहर, संजय सोनी प्रभु लाल कुमार तहसील प्रभारी विद्या अग्रवाल संगीता सूरनियास मधु पारीक अनुसुइया चुंडावत मधु खंडेलवाल, लॉर्ड कवर कोटा, निकिता मीणा, कमला देवी सोनी रेणु सोनी योगेश अग्रवाल व कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

### भारत का बेहतर भविष्य शिक्षकों के हाथ- 'मानव'



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** शिक्षक दिवस के अवसर पर नारायण सेवा संस्थान में नारायण चिल्ड्रन एकेडमी, आवासीय विद्यालय व बालगृह के गुरूजनों को सम्बोधित करते हुए संस्थापक चेयरमैन कैलाश 'मानव' ने कहा 'भारत के भविष्य को बेहतर बनाने में शिक्षकों की भूमिका अग्रणी है। हमें पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कार्य, समर्पण, लगन, मेहनत और योगदान को याद रखते हुए कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए।' संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने कहा संस्थान की शिक्षा ईकाइयों के शिक्षकों का सम्मान मेवाड़ी पगड़ी, दुपट्टे और अभिनन्दन पत्र भेंट कर किया गया। निदेशक वंदना अग्रवाल ने दिव्यांग, प्रज्ञाचक्षु और प्रशिक्षणार्थी बच्चों को अच्छे शिष्य के गुण बताए। कार्यक्रम संचालन महिम जैन ने किया।

### जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 12 से

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** 12 से 16 सितम्बर तक जिला स्तरीय सीनियर एवं जिला स्तरीय अंडर 16 वर्षीय प्रतियोगिताऐं निम्बाहेड़ा में आयोजित की जावेगी। जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन किया जाएगा। सभी क्लब इस प्रतियोगिता के लिए अपनी अपनी टीमों की प्रविष्टि प्रवेश शुल्क मात्र 100 रुपये सहित अंतिम दिनांक 7 सितम्बर 2021 मंगलवार को साय 5 बजे से पहले अनिवार्य रूप से जिला फुटबाल संघ कोषाध्यक्ष श्री शैलेष जी चौबीसा ( मोबाइल न. 7568718171) को जमा करवा देवें। अंतिम तिथि के पश्चात कोई भी प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जावेगी। इस सम्बंध में जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान ने बताया कि प्रतियोगिता कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### भाजपा से बंसल प्रधान बनें, मिली बधाईयां



**पिण्डवाडा @ जागरूक जनता।** पंचायत समिति पिण्डवाडा में भाजपा की ओर से नितिन बंसल प्रधान बने। भाजपा को 12, कांग्रेस को 5 तो निर्दलीय 4 विजय हुये थे। आज सुबह भाजपा की ओर से नितिन बंसल को प्रत्याशी बना गया, तो कांग्रेस की ओर से सुनीता कुमारी को प्रत्याशी बनाया गया था। जिसमें मतदान के दौरान भाजपा प्रत्याशी बंसल को 15 तो कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता कुमारी को 6 मत हासिल किये। भाजपा प्रत्याशी बंसल 9 मतो से विजय रहे। भाजपा प्रत्याशी बंसल प्रधान की घोषणा होने पर विधायक समाराम गरासिया, चैयरमैंन जितेन्द्र कुमार प्रजापत, पूर्व सरपंच रतन गरासिया, पूर्व प्रधान भंवरलाल परमार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरपत सिंह राणावत, पूर्व प्रधान कालुराम जणवा, रमेश भाटीया, पार्षद कैलाश रावल, पूर्व उप उसरपं नरेन्द्र सिंह राव सहित अन्य सैकडो भाजपाईयों ने बधाईयां दी।

परीक्षा केंद्रों पर कोविड पॉजिटिव परीक्षार्थी के लिए होगी अलग व्यवस्था

# पीटीईटी : कोविड पॉजिटिव भी दे सकेगा परीक्षा

### परीक्षा केंद्र पर तैनात होंगे चिकित्साकर्मी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पीटीईटी के लिए आवेदन करने वाले किसी भी परीक्षार्थी को कोविड की वजह से परीक्षा देने से वंचित नहीं किया जाएगा। ऐसे परीक्षार्थियों को अलग कमरे में परीक्षा दिलवाई जाएगी, परीक्षा केंद्रों पर चिकित्साकर्मी भी मौजूद रहेंगे, जिनकी निगरानी में परीक्षार्थी अपनी परीक्षा दे सकेगा। डूंगर कॉलेज बीकानेर की ओर से 8 सितंबर को पीटीईटी परीक्षा का आयोजन प्रदेश के लगभग 2000 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा जिसमें राजधानी जयपुर के 181 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। परीक्षा में तकरीबन 6 लाख परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं जिसमें से तकरीबन 83 हजार परीक्षार्थी राजधानी जयपुर के परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में शामिल होंगे। चार वर्षीय बीएबीएड एवं बीएससी बीएड तथा दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में प्रदेश के लगभग 1445 महाविद्यालयों में 150000 सीटों पर प्रवेश के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया जाना है। एक पारी में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होने वाली परीक्षा में कोविड प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी परीक्षार्थियों को मास्क पहन कर परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना होगा। परीक्षा समन्वयक डॉ.जीपी सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सेनेटाइजर की व्यवस्था की गई है। हर परीक्षार्थी का हाथ सेनेटाइज करने के बाद ही उसे अंदर प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में भी सामाजिक दूरी के नियम की पालना पर फोकस किया जाएगा।

#### साथ लाना होगा ऑरिजनल आईडी प्रूफ

**डॉ.** सिंह के मुताबिक परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं लेकिन यदि किसी परीक्षार्थी के एडमिट कार्ड पर उसकी फोटो और साइन नहीं छपे हैं तो वह आठ सितंबर से पहले अपनी मेल आई और मोबाइल नंबर के साथ एक प्रार्थना पत्र डूंगर कॉलेज बीकानेर को मेल कर सकते हैं। साथ ही उन्हें परीक्षा में अपना ऑरिजनल आईडी कार्ड लेकर आना होगा जिससे उन्हें परीक्षा केंद्र पर प्रवेश मिल सकेगा।

श्रीमद जयाचार्य के महाप्रयाण दिवस पर श्रद्धा स्मरण

## धार्मिक दृष्टि से पर्युषण महत्वपूर्ण समय -आचार्य महाश्रमण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भीलवाड़ा।** तेरापंथ धर्मसंघ के 11 वें अधिशास्ता परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी के मंगल सान्निध्य में पर्वाधिराज पर्युषण का शुभारंभ हुआ। पर्युषण का प्रथम दिन खाद्य संयम दिवस के रूप में मनाया गया। पर्युषण अध्यात्म साधना का एक महान पर्व है। भाद्रव कृष्णा द्वादशी तेरापंथ के चतुर्थ आचार्य श्री जीतमल जी के महाप्रयाण से भी जुड़ी हुई है। परम श्रद्धेय गुरुदेव के उद्बोधन से पूर्व मुख्यमुनि महावीर कुमार जी द्वारा गीत एवं साध्वीवर्या संबुद्ध यशा जी द्वारा श्रीमद जयाचार्य पर वक्तव्य दिया गया।

मंगल प्रवचन में गुरुदेव ने कहा पर्युषण का समय बहुत महत्वपूर्ण समय होता है। हम देखें तो धार्मिक दृष्टि से वर्ष भर में एक अपेक्षा से चातुर्मास का अधिक महत्व होता है। चातुर्मास एक ऐसा समय है जब चारित्रआत्माएं विहार आदि नहीं करके एक ही स्थान पर चार मास प्रवास करते है। चातुर्मास में भी श्रावण-भाद्रव और फिर पर्युषण का सबसे अधिक महत्व है। पर्युषण धर्माराधना का एक अच्छा क्रम है। सकल जैन समाज इस अवसर पर विशेष रूप से धार्मिक साधना करता है। भगवान महावीर की अध्यात्म यात्रा का भी पर्युषण काल में प्रवचन आदि द्वारा आख्यान किया जाता है। गुरूदेव ने आगे कहा कि जैन धर्म में आत्मवाद का सिद्धांत अध्यात्म का आधारभूत सिद्धांत है। आत्मा ऐसा तत्व है जो शाश्वत है। जितनी आत्माएं अनंत काल से संसार में विद्यमान है उतनी ही अनंत काल तक रहेगी। कोई नई आत्मा जन्म नहीं लेती है। वही आत्मा थी है और रहेगी। इस आत्मवाद के सिद्धांत से पूर्वजन्म-पुनर्जन्म की बात भी सिद्ध हो सकती है। मोक्ष प्राप्ति से पूर्व आत्मा जन्म-मरण करती रहती है। जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकरों में भगवान महावीर इस अवसर्पिणी के अंतिम तीर्थंकर हुए। वें कोई एक ही दिन में तीर्थंकर नहीं बने, उनकी पृष्ठभूमि में कितनी ही साधना और तप है।

## भाजपा महिला मोर्चा प्रताप मंडल ने किया जिलाध्यक्ष का अभिनंदन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भीलवाड़ा।** महिला मोर्चा प्रताप मंडल अध्यक्ष मधु बाला अग्रवाल ने जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू पालीवाल को माला पहनाकर मुंह मीठा कराकर आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि इस मौके पर जिला महामंत्री बाबूलाल टाक, मुरलीधर जोशी, जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, जिला कार्यक्रम प्रभारी प्रह्लाद त्रिपाठी, जिला आईटी अजीत सिंह, जिला संयोजक मन की बात विजय हिंगोरानी, पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हमिद मोहम्मद शैख पार्षद ओम गगरानी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा गोवर्धन सिंह कटार, तथा रतन लाल गुर्जर, मंडल महामंत्री करेड़ा संजय तिवारी, महिला मंडल अध्यक्ष शांता गुजर,सोनिया पारीक, कमल पालीवाल, आदि भाजपाइ कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। तेली ने नव नियुक्त महिला पदाधिकारियों को जिले में भाजपा महिला संगठन को मजबूत करने का व पार्टी की रीति नीति के अनुसार चलने का निर्देश दिया।

### पर्युषण बैर भाव के समापन का अवसर है-डॉ समकित मुनि

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जैन धर्म के सबसे बड़े पर्व पर्वाधिराज पर्युषण के चौथे दिन खातर महल में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में साध्वी विशुद्धि म सा ने अंतगड़ सूत्र का मूल वाचन किया और साध्वी विशाखा म सा ने सुंदर गीतिका के माध्यम से पर्युषण पर्व और गुरु की महिमा बताई। प्रवचन में आगमज्ञाता,वाणी के जादूगर डॉ समकित मुनि ने कहा कि पर्युषण पर्व दुश्मनी के रास्ते बंद करने का पर्व है ।यदि हमने यह रास्ता बंद नहीं किया तो दुआ आने के रास्ते बंद हो जाएंगे। डॉक्टर समकित मुनि ने कहा कि जिनके साथ बोलचाल बंद हो, जिनका घर आना जाना बंद हो उनसे अवश्य हमें क्षमा याचना करना चाहिए । उन्होंने कहा कि जीवन में होल्ड करने की आदत वैर के रिश्ते को कई जन्मों तक बनाए रखती है ।हम कई बार व्यवहार में किसी से झगड़ा होने पर कह देते हैं कि "मैं तुझे बाद में देख लूंगा ",यह होल्ड करने की आदत हमें सदैव सफलता से पीछे रखती है ।उन्होंने उपस्थित श्रावक श्राविकाओं से कहा कि संकल्प करो कि इस जिंदगी के पाप को अगले जन्म में लेकर नहीं जाएंगे। यही पर्व पर्युषण की सच्ची आराधना होगी । उन्होंने तपस्या, प्रवचन, दान और पुण्य को एक माध्यम बताया है जिनकी वजह से हम क्षमा याचना की स्टेज तक पहुंच पाते हैं ।

प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स अवार्ड 2021 में हुआ शिक्षकों का सम्मान

# माता-पिता जैसी भूमिका शिक्षक की भी होती है

### 60 शैक्षिक संस्थानों के प्रिंसिपल्स एवं टीचर्स का हुआ सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** थार सर्वोदय संस्थान और सिम्पली जयपुर की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष में आयोजित दसवें प्रिंसिपल एंड टीचर्स अवार्ड 2021 में 60 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित विजयशंकर मेहता ने कहा कि गुरु सम्मान की परंपरा वैदिक काल से चली आ रही है और हमारी संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर माना गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के पूर्ण व्यक्तित्व विकास में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका माता-पिता की होती है, उससे कहीं अधिक भूमिका शिक्षक की भी होती है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालयों में अध्यापक संस्कारित युक्त शिक्षा विद्यार्थियों को देंगे, तो निश्चित रूप से हमारे देश में शिक्षा और संस्कार का त्रिकोण पूरा होगा। कार्यक्रम आयोजक सोमेंद्र हर्ष ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

#### देशभर के शिक्षकों का सम्मान

होटल चंद्रा इम्पीरियल में आयोजित किये गए इस सम्मान समारोह में प्री प्ले स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, कॉलेज / यूनिवर्सिटीज एव इंस्टिट्यूट, हाई सेकेंडरी स्कूल प्राइवेट एव सरकारी और सभी शैक्षिक संस्थाओं के शिक्षकों का सम्मान किया गया जिसमे दिल्ली के साथ साथ जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, पाली, बाड़मेर, अजमेर, टोंक एवं राजस्थान के विभिन्न शहरों और ग्रामीण इलाको के शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वंशिका राठौड़ और ओमिषा पंवार ने गणेश वंदना और घूमर पर नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन परिधी ने किया।

#### 5 शख्सियतो लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

शिक्षा के क्षेत्र में 30 वर्षों से अधिक योगदान देने वाली 5 शख्सियतों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। थार सर्वोदय संस्थान की अध्यक्ष अंशु हर्ष ने बताया कि डॉ एन के माहेश्वरी (सोमानी कॉलेज), ब्रह्मदेव बोड़ा (आदर्श विद्या मंदिर), राजेंद्र कुमार व्यास (हनवंत स्कूल एव गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नारनाडी), नीलम सिंघवी (श्री हनवंत सीनियर सेकेंडरी स्कूल), मधुकर हर्ष (आदर्श विद्या मंदिर) को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## 300 गणेश की मूर्तियां वितरित करेगा आकृति कला संस्थान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भीलवाडा।** स्थानीय आकृति कला संस्थान, भीलवाड़ा व एल.एन.जे. समूह के सहयोग से आगामी गणेश चतुर्थी पर कोरोना को ध्यान में रखते हुये सभी भक्तों को अपने घर पर ही ईको फ्रेण्डली गणेश की मूर्तियां अपने घर पर ही स्थापित करने व जल प्रदूषण को बचाने के प्रयास के तहत आकृति कला संस्थान शहर में 100 प्रतिशत मिट्टी से निर्मित गणेश की प्रतिमाओं का वितरण करेगा। संस्थान के सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि इस श्रृंखला में मौलेला की प्रसिद्ध मृणशिल्पी नारायण कुम्हार द्वारा निर्मित गणेश की प्रतिमाओं को शहर के लोगों को अपने घर पर स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित करेगा, ताकि कोरोना में सार्वजनिक जगह पर भीड़ में नहीं जाना पड़े और मिट्टी से निर्मित गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन भी घर के गार्डन या गमले में भी कर सकते है, जिससे पर्यावरण को नुकसान भी ना हो, और भगवान गणेश की आराधना कर सके। संस्थान 6, 9, 10, 11, 12 व 18 इंच तक की मूर्तियां वितरित करेगा।

### अनुदान के लिए आवेदन 15 तक

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** ड्रिप/फव्वारा सिंचाई योजना में कृषकों से 15 सितम्बर तक आवेदन लेगें। कृषक ई-मित्र माध्यम से राज किसान साथी पोर्टल पर सूक्ष्म सिंचाई अनुदान योजना के लिये आवेदन कर सकते है। आवेदन के लिये जमाबंदी, नक्सा, गिरदावरी (छः माह से अधिक पुरानी न हो), खाते का बैंक विवरण, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, सादे कागज पर शपथपत्र व संबंधित विक्रेता या निर्माता का कोटेशन, पानी-मिट्टी की जांच रिपोर्ट आदि ऑनलाईन आवेदन के साथ लगानी होगी।

## बाबा रामदेव प्राकट्योत्सव पर ध्वजारोहण आज

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक समरसता के प्रतीक जन-जन के आराध्य लोकदेवता बाबा रामदेव का प्राकट्योत्सव 8 सितम्बर को मनाया जाएगा। मसूरिया मंदिर और रामदेवरा मंदिर के कपाट 7 सितम्बर को श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह बंद करने के आदेश के कारण बाबा रामदेव अवतरण दिवस मनाने जातरुओं के समूह पहले ही शीश नवाने पहुंचने लगे हैं। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इस बार मसूरिया मेला पहले ही स्थगित किया जा चुका है।

#### सार्वजनिक जागरण भी स्थगित

बाबा रामदेव अवतरण दिवस की पूर्व संध्या पर 7 सितम्बर को जोधपुर के रामदेव मंदिरों सहित सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह बाबा के जीवन प्रसंग पर आधारित 'जम्मे' (जागरण) का आयोजन भी स्थगित कर दिए गए है। बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान जोधपुर की ओर से रावण चबूतरा मैदान में प्रति वर्ष होने वाली भक्ति संध्या भी स्थगित कर दी गई है।

#### 108 ज्योत से होगी श्रृंगार आरती

मसूरिया स्थित बाबा रामदेव के गुरु बालीनाथ के समाधि मंदिर में आज 'बाबा की बीज' को पंचामृत अभिषेक के बाद सुबह 4.15 बजे 108 ज्योत से श्रृंगार महाआरती होगी। मसूरिया बाबा रामदेव मंदिर का संचालन करने वाले पीपा क्षत्रिय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्र चौहान व सचिव मफतलाल राखेचा ने बताया कि 11 बजे कोविड गाइडलाइन अनुसार सीमित ट्रस्ट पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की ओर से मंदिर शिखर पर विधिवत ध्वजारोहण किया जाएगा।

### सम्मान समारोह आयोजित

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** घोडा देह वाले मिया साहब की दरगाह परीसर निम्बाहेड़ा में हज ख़िदमत कमेटी को जिला लेवल पर हाजियो की ख़िदमत करने के लिये जिला प्रशासन द्वारा स्वाधीनता दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह पर जिला कलेक्टर व राजस्थान सरकार के मंत्री उदय लाल जी आंजना द्वारा सम्मानित किया गया है इस खुशी में हज ख़िदमत कमेटी के सदर जनाब हाजी गुलाम मुस्तफा मुल्तानी की तरफ से दावत रखी गयी है। जिसमे हज ख़िदमत कमेटी के सभी मेम्बरान ने हिस्सा लिया। चित्तौड़गढ से शहर काजी मुस्तफा साहब, सलीम अशरफी साहब,हाजी गुलाम हुसेन साहब हज ट्रेनर,आल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी के सचिव हाजी लियाकत अली शोरगर, ck ग्रुप के डायरेक्टर व हज ख़िदमत कमेटी के सरक्षक वसीम भाई मेव परवेज अहमद (शिब्बी भाई) उपाध्यक्ष नगर पालिका, जाहिद भाई बैट्री वाले, भदेसर के अन्जुमन ईस्लाम कमेटी के सदर जनाब हकीम मंसुरी, शाहरुख खान, चाँद खान, आल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी के नायब सदर जनाब अ. अली बुख़ारी (कपासन), अल्पसंख्यक अधिकारी मंजूर अली पठान, जाशमा से याकूब अली पठान, डॉक्टर मंसूर अकील गोरी, डॉ. अवेश, हज ख़िदमत कमेटी के सदर हाजी गुलाम मुस्तफ़ा मुल्तानी, आल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष हाजी अब्दुल्ला खान, सचिव हाजी अख्तर पटेल, उबेद ठेकेदार, इशरत उस्ताद, डॉ. आसिफ रहमान, आयज़ खान अनवर मेव ज़ाकिर सेठ, सादिक हुसैन, जाकिर हुसैन, नायब सदर हाजी भुरू जागीरदार, शकील खान, अब्दुल कलाम एड., लियाकत मेव, हाजी असलम जागीरदार, रिज़वान नीलगर, हाजी कल्लू बा, सलीम खान, अज्जू भाई कुरैशी, मतलूब अजमेरी हाजी जाहिद खान सत्तार मुल्तानी, अकील खान, आज़ाद मेव, जाकिर मंसुरी, शोयब मंसुरी ने शिरकत की।

ANCHOR | सामाजिक सरोकार

# प्रधानाचार्य एवं ग्रामीणों के हौसले ने बदल दी सरकारी स्कूल की सूरत

### क्षेत्र के निजी स्कूलों को भी पीछे छोड़ रहा है यह दाता का सरकारी विद्यालय

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**दांता (जालौर)।** सच्ची लगन व मेहनत और सभी को साथ लेकर कार्य किया जाए तो मुश्किल से मुश्किल कार्य संभव है। ऐसा ही काम हुआ सांचौर निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांता में ग्रामीणों का सहयोग एवं प्रधानाचार्य रघुनाथ बिश्नोई के कुशल नेतृत्व एवं सामूहिक प्रयासों व स्टाफ की मेहनत एवं विद्यालय के परीक्षा परिणाम की बदौलत प्रधानाचार्य के कार्यभार संभालने के बाद अड़ोस-पड़ोस गांव के विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। ग्राम पंचायत दाता के रा उ मा वि के प्रधानाचार्य रघुनाथ बिश्नोई द्वारा कार्य संभालने के बाद ग्रामीणों के साथ मिलकर स्कूल प्रांगण में बैठकें आयोजित की ओर स्कूल की समस्या जुटाई एवं स्कूल दशा और दिशा बदलने के लिए सर्वप्रथम एसएमसी और एसडीएमसी समितियों का गठन कर समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर व्हाट्सएप ग्रुप बनाएं जोकि स्पेशल ग्रुप (दाता स्कूल सेवा समिति) एवं सर्वप्रथम नामांकन पर विशेष जोर दिया इसके लिए स्कूल के शिक्षकों की टीम बनाकर ग्रामीणों से ढाणी ढाणी जाकर संपर्क कर नामांकन वर्दी की जिसका नतीजा सामने आया एक साथ 100 के करीब विद्यार्थियों की नामांकन वर्दी हुई ।नामांकन बढ़ा तो बाद विद्यार्थियों के लिए उत्तम शिक्षण संसाधनों की पूर्ति के लिए ग्रामीणों से निवेदन कर व्यवस्थाएं की इसके बाद ग्रामीण भी आगे आए और कमरों की कक्षा कक्ष में फर्नीचरओं व डिजिटल कक्षा में हेतु प्रोजेक्टर, टीवी, प्रिंटर कंप्यूटर अन्य समस्त भौतिक संसाधनों से इस विद्यालय को फली पुलित कर दिया और प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व के बदोलत राज्य सरकार की समसा योजना से दो बड़े होल स्वीकृत कराए इस तरह भामाशाह का भी सहयोग लेकर चार 4 कमरों का कार्य निर्माणाधीन प्रगति पर है। और इस सत्र में भी विद्यालय का नामांकन बढ़ा है जो 500 के करीब है। प्रधानाचार्य सहित स्टाफ ने अध्ययन कार्य में मेहनत की जिसका परिणाम रहा की जिसकी बदौलत मुख्यमंत्री मेधावी लैपटॉप योजना के अंतर्गत कहीं विद्यार्थियों को लैपटॉप मिले और भी कई सरकारी योजना से लाभान्वित हुए हैं। और पूरे जिले में इस विद्यालय का नाम रोशन हुआ जोकि सांचौर क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में यह एक स्कूल अपने आप में मिसाल के रूप में खड़ी है।

प्रधानाचार्य ने कार्यभार संभालने के बाद ग्रामीणों गांव के भामाशाह एवं सरकारी योजना से विद्यालय विकास के लिए करीबन एक करोड़ से ज्यादा रुपए के विकास कार्य करवाए। जिससे विद्यालय में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और नजदीकी क्षेत्रों के निजी स्कूलों को भी पीछे छोड़ रहा है। विकास कार्य में संस्था प्रधान कक्ष, कंप्यूटर लैब प्रत्येक कक्षा कक्ष में पंखे एवं लाइट उपलब्धता एवं कक्षा 6 से 12 तक फर्नीचर युक्त कक्षा कक्ष एवं ग्राम पंचायत के बजट के सहयोग से ब्लॉक बिठाकर कैंपस, खेल स्टेडियम एवं चार दिवारी का ऊंचाई बढ़ाकर रंग रोगन और वाटर कूलर लगवा कर पानी पीने की उत्तम व्यवस्था एवं विद्यालय में विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधे लगाकर वृक्षारोपण एवं बाल वाटिका का निर्माण कर कई प्रकार के भौतिक विकास अगणित कार्य करवाए हैं। जिसकी बदौलत यह विद्यालय जिले में अपने आप में एक प्रेरणा के रूप में विकसित विद्यालय खड़ा है।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758


# जैसी कलाकार की कल्पना, गणपति का वैसा ही सहज आकार


राजधानी जयपुर में गणेश चतुर्थी के लिए विनायक की प्रतिमा को रंग के रूप में आस्था प्रबल करता एक मूर्तिकार। जागरूक जनता @ **रवि गौतम**

## कोरोनाकाल में गणेश चतुर्थी : घर में कैसे पधारेंगे गजानन जी, मूर्तिकार परेशान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कहीं एकदंत गणपति, कहीं नृत्य करते गणपति, कहीं मां पार्वती की गोद में विराजित तो कहीं पिता महादेव की अर्चना करते गणपति, किसी-किसी जगह पर लोकनायक विनायक महाराज की तरह सिंहासन पर आसीन हैं और वरद मुद्रा से कृपा बरसा रहे हैं। जैसी-जैसी कलाकार की कल्पना, गणपति वैसा ही सहज आकार ले लेते हैं और देखने वाली की दृष्टि भी उन्हें कई रूपों में देखती है। कोई देखता है उन्हें संत हितकारी की तो कोई देखता है, अंधों को आंख और कोढ़ी को काया देने वाले नाथ की तरह तो कहीं कोई माया भी मांग लेता है। मूर्तिकार मिट्टी को श्रद्धा में भिगोता जाता है और भगवान का निर्माण होता जाता है।




विनायक ज्वैलर्स
since 2005
22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 — Silver Utensiles
Certified — राशि रत्न
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

ANCHOR | गुरुत्वीय बल से हलचल पैदा कर रहा है एक अज्ञात पिंड

# अज्ञात पिंड बन सकता है सौरमंडल में नौंवा ग्रह!

### नेप्च्यून की कक्षा के बाहर होने के संकेत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बेंगलूरु।** प्लूटो की कक्षा से दूर एक ऐसे अज्ञात पिंड के अस्तित्व का पता चला है जिसे सौरमंडल के नौंवें ग्रह का दर्जा मिल सकता है। यह अज्ञात पिंड नेप्च्यून की कक्षा के बाहर सौरमंडल के सदस्य वामन ग्रहों की कक्षा में हलचल पैदा कर रहा है। भारतीय ताराभौतिकी संस्थान के प्रोफेसर (सेनि) रमेश कपूर ने बताया कि यह हलचल गुरुत्वाकर्षण बल के कारण है। अब तक मिले संकेतों से वैज्ञानिक सौरमंडल में एक नए ग्रह की मौजूदगी के प्रति गंभीर हो गए हैं। नेप्च्यून की कक्षा के बाहर कई पिंड खोजे गए जो सूर्य का परिभ्रमण करते हैं। इन्हें कायपर बेल्ट के पिंड कहा जाता है। ऐसे कुछ पिंडों (सेडना, एरिस आदि वामन ग्रहों) की कक्षाओं में आशा के विपरीत उनकी गतिविधि में सूक्ष्म विचलन पाए गए हैं। ये विचलन किसी अज्ञात पिंड के गुरुत्व बल के ही कारण हो सकते हैं। इसे सौरमंडल का अज्ञात किंतु नौंवा ग्रह मान लिया गया। गणनाओं के आधार पर यह पता चला कि यह पिंड पृथ्वी से लगभग 10 गुणा भारी और 4 गुणा बड़ा हो सकता है। किंतु वर्तमान में यह अपनी कक्षा में सूर्य के सापेक्ष दूरतम बिंदु के आसपास होना चाहिए जो कि लगभग 1 हजार एयू (1-एयू यानी पृथ्वी एवं सूर्य के बीच की दूरी यानी 15 करोड़ किमी) है। दरअसल, वर्ष 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ (आइएयू) ने अपनी महासभा के दौरान ग्रहों के लिए नए मानक गढ़ दिए। इससे वर्ष 1930 से सौरमंडल के नौवें ग्रह के रूप में विख्यात प्लूटो ग्रह की अवनति हो गई। प्लूटो को बौने ग्रहों की श्रेणी में डाल दिया गया। बहुत से वैज्ञानिक अभी भी जतन कर रहे हैं कि कैसे भी आइएयू प्लूटो को फिर से ग्रहों की श्रेणी में रख दे।

### बड़े ग्रहों पर भी डाला प्रभाव

प्रोफेसर कपूर ने बताया कि पिछले कुछ दशकों से ऐसे ईशारे मिल रहे हैं जिनके अनुसार प्लूटो की कक्षा से दूर कोई अज्ञात पिंड है। इसे खोजने में कई वैज्ञानिक बड़े चाव से जुटे हुए हैं। इस अज्ञात पिंड के विषय में अनुमान डॉक्टर माइक ब्राउन और बेटिजिन ने दिए थे। यह सुझाया गया कि इसका परिभ्रमण काल 1700 वर्ष हो सकता है और इसने सौरमंडल के बड़े ग्रहों की कक्षाओं को सूर्य के सापेक्ष 6 डिग्री तक झुका दिया है। वर्ष 2016 में आकाश में 20 गुणा 20 डिग्री का एक क्षेत्र पहचाना गया किंतु इसकी अनुमानित चमक बेहद क्षीण होने कारण यह एक बड़ी समस्या बन गई।

### धरती से 6 गुणा भारी

पिछले 5 वर्षों में काफी अध्ययन के बाद कुछ ही दिन पूर्व इन्ही दो वैज्ञानिकों का एक नया शोध पत्र इस विषय में आया जिसे खगोल विज्ञान की महत्वपूर्ण पत्रिका एस्ट्रोनोमिकल जर्नल में प्रकाशित किए जाने के लिए स्वीकृत किया गया है। इन्होंने बाहरी सौरमंडल के कायपर बेल्ट पिंडों की गतिविधि पर विशेष ध्यान दिया और नौंवें ग्रह के विषय में अधिक सटीक आंकड़े सुझाए हैं। नए अनुमानों में महत्वपूर्ण बात यह आई है कि यह पिंड अनुमानों के बजाय ज्यादा नजदीक और अधिक चमकीला है। इसका भार पृथ्वी से 6 गुणा अधिक होना चाहिए। सूर्य से इसकी निकटतम दूरी 300 एयू और अधिकतम दूरी 450-500 एयू के बीच होनी चाहिए। इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के मुकाबले 16 डिग्री झुकी है। यह प्लूटो के मुकाबले 600 गुणा कम चमकीला है। इन वैज्ञानिकों का कहना है इस अज्ञात पिंड को देखा तो जा सकता है किंतु इसे ढूंढ पाना बेहद मुश्किल है।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ
अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
कीमत का 150%
तक लोन करवायें...
IDFC FIRST Bank
ICICI Bank Home Loans khayaal aapka
BAJAJ Bajaj FinServ Limited
MAGMA Investing in the smallest dream
TATA CAPITAL We only do what's right for you
HeroFinCorp.
sk FINANCE
Mahindra Finance
HDFC BANK We understand your world
*स्कीम जयपुर के लिए।
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666
housing mortgage loan also available
शर्तें लागू

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

श्रावण, पक्ष - शुक्ल, तिथि - द्वितीया, संवत 2078 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | 8 सितम्बर - 14 सितम्बर, 2021 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## राहुल के पायलट को बड़ी जिम्मेदारी देने के संकेत

**पायलट को जन्मदिन की बधाई देते हुए राहुल गांधी ने लिखा- आने वाला साल आपके लिए शुभ हो; इस बधाई को माना जा रहा सियासी मैसेज**




**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सचिन पायलट को 44 वें जन्मदिन पर देश-प्रदेश के कई नेताओं ने फोन और सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी। नेताओं की बधाइयों में सबसे ज्यादा चर्चा में राहुल गांधी की फेसबुक पर पायलट की दी हुई बधाई है। राहुल गांधी ने सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई देते हुए अगला साल शुभ होने की कामना की। जानकार इस बधाई में सियासी मायने देख रहे हैं और इसे पायलट को बड़ी जिम्मेदारी सौंपने से जोड़कर देख रहे हैं। दो लाइन की यह शुभकामना दिन भर सियासी हलकों में चर्चा का विषय रही। सचिन पायलट को लंबे समय से पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी देने की चर्चा होती रही है। पायलट कैंप की मांगों का समाधान भी अब तक नहीं हुआ है। पिछले दिनों बंगलुरू में मीडिया से बातचीत में पायलट ने कहा था कि किसे क्या बनाना है यह सब कांग्रेस हाईगमान तय करता है। हम अजय माकन और वरिष्ठ नेताओं से लगातार संपर्क में हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने पायलट को जन्मदिन पर बधाई देते हुए अगला साल शुभ होने के बारे में लिखा तो इस पर कयास लगने शुरू हो गए हैं।

### बीटीपी विधायक रौत और गहलोत समर्थक हुड़ला पायलट से मिले

पायलट के जन्मदिन पर उनके समर्थक विधायकों के अलावा बीटीपी विधायक राजकुमार रौत और गहलोत समर्थक निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुड़ला ने बंगले पर पुहंचकर बधाई दी। सचिन पायलट को जन्मदिन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अलावा कई मंत्रियों, कांग्रेस-बीजेपी के नेताओं ने फोन और सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी।

### दिन भर समर्थकों की भीड़

सचिन पायलट के बंगले पर सिविल लाइंस इलाके में दिन भर समर्थकों का आना-जाना लगा रहा। भीड़ ज्यादा होने के कारण पायलट के बंगले की तरफ जाने वाली सड़क पर सुबह से ही ट्रैफिक बंद कर दिया गया था।

**मुख्यमंत्री गहोलत ने बजट घोषणा पर लगाई मोहर**

## प्रदेश के 20 जिलों की सड़कें हाईवे में होंगी

### 1656 किलोमीटर लंबाई में हाईवे का बिछेगा जाल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में 1656 किलो मीटर लंबाई की सड़कों को हाईवे में अपग्रेड किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 20 जिलों की ग्रामीण, मुख्य जिला सड़कों और दूसरी सड़कों को स्टेट हाईवे में अपग्रेड कर विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जो पीडब्ल्यूडी ने रखा था।

### 20 ज़िलों की 1656 किलोमीटर लम्बी सड़कें हाईवेज़ में होंगी अपग्रेड

स्टेट बजट 2020-21 में प्रदेश के दूर दराज के इलाकों को जोड़ने वाली ग्रामीण,अन्य जिला और मुख्य जिला सड़कों का हाईवे में अपग्रेडेशन करने की घोषणा की गई थी। जिलों से प्रत्साव मिलने के बाद उन पर विचार और एनालिसिस कर 1712 किलोमीटर से ज्यादा लंबाई की सड़कों को अपग्रेड करने की मंजूरी दी गई है। इनमें से करीब 56 किलोमीटर लंबाई की सड़कें ओवरलैप हो रही हैं। जिस कारण स्टेट हाईवे घोषित होने वाली इन सड़कों की वास्तविक लंबाई 1656 किलोमीटर ही रहेगी।

### अलग-अलग ज़िलों से होकर गुज़रने वाली सड़कें बनेंगी स्टेट हाईवेज़

अप्रूव्ड हुए प्रस्ताव के मुताबिक बाड़मेर ज़िले में 181 किलोमीटर लम्बी 2 सड़कें, सवाईमाधोपुर और करौली से गुज़रने वाली 199 किलोमीटर लम्बी 2 सड़कें, टोंक और सवाईमाधोपुर से होकर करौली ज़िले तक जाने वाली 158 किलोमीटर लम्बी सड़क, नागौर से अजमेर होकर जयपुर ज़िले में जाने वाली 172 किलोमीटर लम्बी सड़क, धौलपुर और करौली से गुज़रने वाली 137 किलोमीटर लम्बी सड़क स्टेट हाईवे घोषित की जाएगी। दौसा, अलवर और सवाईमाधोपुर से गुज़रने वाली 88 किलोमीटर लम्बी सड़कों, भीलवाड़ा से राजसमंद होकर अजमेर जिले तक जाने वाली 75 किलोमीटर लम्बी सड़क, भीलवाड़ा से अजमेर होकर नागौर जिले तक जाने वाली 69 किलोमीटर लम्बी सड़क, कोटा और झालावाड़ से गुजरने वाली 60 किलोमीटर लम्बी सड़क और बारां से कोटा होकर झालावाड़ जिले तक जाने वाली 49 किलोमीटर लम्बी सड़क को भी स्टेट हाईवे बनाया जाना भी प्रस्तावित है।

### हाईवे बनने से आर्थिक और सामाजिक तौर पर होगा फायदा

प्रस्ताव के मुताबिक़ बूंदी जिले में 152 किलोमीटर से ज्यादा लम्बाई की 21 सड़कें, झालावाड़ में 63 किलोमीटर लम्बी 14 सड़कें, बारां में 73 किलोमीटर लम्बी 5 सड़कें, पाली में 56 किलोमीटर लम्बी 6 सड़कें और बीकानेर में 93 किलोमीटर, जोधपुर में 28 किलोमीटर,जयपुर जिले में 15 किलोमीटर लम्बाई की 1-1 सड़क भी स्टेट हाईवे घोषित की जाएंगी। बड़ी संख्या में सड़कों को स्टेट हाईवे घोषित करने के इस निर्णय से समझा जा रहा है कि गांव की आबादी को आने-जाने में सहूलियत होगी। साथ ही इकोनॉमिकली और सामाजिक तौर पर भी फायदा होगा।

## बाड़मेर बीजराड़ सरहद पर सड़क हादसा, रोड़ पर खड़े ट्रक के अंदर घुसी बाइक, बाइक सवार तीनों युवकों की मौत

**बाड़मेर @ जागरूक जनता।** बाड़मेर जिले के बीजराड़ थानान्तर्गत बीजराड़ सरहद हाईवे पर दर्दनाक हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। हाईवे पर खड़े हाइबो (ट्रक) के बीच मोटरसाइकिल अंदर घुस गई इससे बाइक पर सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों युवक चौहटन अस्पताल लाए गए, जहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। दरअसल, मंगलवार रात करीब 9 बजे मोटरसाइकिल सवार भारत माला रोड़ से बीजराड़ गांव की तरफ आ रहे थे। अंधेरा होने के कारण सड़क पर खड़ा हाईबो (ट्रक) दिखा नहीं और मोटरसाइकिल हाइबो के पीछे से अंदर घुस गई इससे बाइक पर सवार नगाराम (25) पुत्र लधाराम, हरिराम (27) पुत्र भोजाराम निवासी मिठड़ाऊ, रमेश (20) पुत्र चांदाराम निवासी बिजराड़ गंभीर रूप से घायल हो गए।

## तालिबान की सरकार में कोई महिला नहीं

**भारत से बातचीत करने वाले स्टेनेकजई उप विदेश मंत्री बने**




**नई दिल्ली।** 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर पूरी तरह कब्जा करने के तीन हफ्ते बाद तालिबान ने अपनी सरकार का ऐलान कर दिया है। मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद को मंत्रि परिषद का प्रमुख यानी नई सरकार का मुखिया बनाया गया है। सरकार का नाम इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान होगा। तालिबान के प्रमुख शेख हिब्दुल्लाह अखुंदजादा सुप्रीम लीडर होंगे। उन्हें अमीर-उल-अफगानिस्तान कहा जाएगा।

मंगलवार की शाम को जिस सरकार का ऐलान किया गया, उसमें कुल 33 मंत्री शामिल हैं। महिलाओं को हक देने की बात कहने वाले तालिबान ने अपनी सरकार में किसी महिला को शामिल नहीं किया है। हालांकि, दोहा में भारत से बातचीत करने वाले शेर मोहम्मद स्टेनेकजई को उप विदेश मंत्री बनाया गया है।

### अमेरिका के मोस्ट वॉन्टेड को गृह मंत्री बनाया

तालिबान ने अपनी सरकार में सिराजुद्दीन हक्कानी को गृह मंत्री बनाया है। आतंकी संगठन हक्कानी नेटवर्क का चीफ सिराजुद्दीन अमेरिका की आतंकी लिस्ट में मोस्ट वॉन्टेड है। अमेरिका ने उस पर करीब 35 करोड़ रुपए का इनाम घोषित किया है। सिराजुद्दीन हक्कानी का नेटवर्क पाकिस्तान से ऑपरेट होता है। दुनियाभर में कई आतंकी वारदातों के पीछे इसका हाथ रहा है।

### अभी केयरटेकर सरकार, स्थाई के लिए बातचीत जारी

तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि अभी एक केयरटेकर कैबिनेट सरकार की जिम्मेदारी संभालेगी। यानी यह अंतरिम सरकार है। तालिबान का कहना है कि समावेशी सरकार के गठन को लेकर चर्चा चल रही है। तालिबान ने बिना किसी समारोह के सरकार की घोषणा की है, समारोह बुधवार को हो सकता है। तालिबान की अंतरिम सरकार की लिस्ट इस तरह है..

**प्रधानमंत्री** - मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद
**डिप्टी PM 1** - मुल्ला बरादर
**डिप्टी PM 2** - अब्दुल सलाम हनाफी
**गृह मंत्री** - सिराजुद्दीन हक्कानी
**रक्षा मंत्री** - मोहम्मद याकूब मुजाहिद
**वित्त मंत्री** - मुल्ला हिदायतुल्ला बदरी
**विदेश मंत्री** - मौलवी आमिर खान मुतक्की
**शिक्षा मंत्री** - शेख मौलवी नूरुल्ला मुनीर
**न्याय मंत्री** - मौलवी अब्दुल हकीम।

## दिल्ली-जयपुर हाइवे पर रेवाड़ी में बनेगा फ्लाइओवर

**रेवाड़ी @ जागरूक जनता।** रेवाड़ी के दिल्ली-जयपुर हाइवे पर बावल चौक फ्लाईओवर का टेंडर जल्दी फाइनल होने जा रहा है। 15 सितंबर को बावल चौक व मसानी बैराज पर जयपुर की ओर 2 लाइनें और बनाने का टेंडर खोल दिया जाएगा। मसानी ब्रिज पर दो लाइन अतिरिक्त बनने के बाद जयपुर की तरफ से आने वाले वाहनों के कारण लगने वाले जाम से लोगों को काफी राहत मिलेगी। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बावल चौक जिसको बनीपुर चौक भी कहा जाता है उसका टेंडर लगा दिया गया है, 15 सितंबर को टेंडर ओपन होने जा रहा है। राव ने कहा कि वे इस समस्या को लेकर लगातार केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री गडकरी जल्दी योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। बावल चौक के साथ बिलासपुर चौक फ्लाईओवर व मानेसर एलिवेटेड फ्लाईओवर का टेंडर भी 15 सितंबर को ओपन कर दिया जाएगा।

**खाचरियावास ने गड़करी को लिखी चिट्ठी**

## जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे की हालत खराब, मरम्मत करवाएं

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी को चिट्ठी लिखी है। जिसमें नेशनल हाईवेज़ की खराब हालत के कारण उन्हें दुरूस्त कराने की मांग रखी है। साथ ही टोल टैक्स में हो रही बढ़ोतरी भी रोकने की मांग की है। परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा है कि जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग देश के सबसे व्यस्त नेशनल हाईवे में शामिल है। मरम्मत के बिना आए दिन इस हाईवे पर सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। साथ ही लगातार दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बन रही हैं।

### टोल टैक्स में बढ़ोतरी भी रोकने की मांग

एक तरफ टोल टैक्स में आए दिन बढ़ोतरी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग मरम्मत के बिना जर्जर हालत में हो गए हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर शाहजहांपुर, मनोहरपुर और दौलतपुरा टोल पर टोल टैक्स तो बढ़ा दिया गया। लेकिन सर्विस प्रोवाइडर कंपनी हाईवे की ठीक से मरम्मत नहीं करवा रही । इससे प्रदेश की जनता को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ANCHOR **सीएस निरंजन आर्य ने कलेक्टर्स को लगाई फटकार**

## सख्त लहजे में कहा-हर महीने मीटिंग लेकर प्रपोजल करें मंजूर

**एग्री प्रोसेसिंग, बिज़नेस और एक्सपोर्ट को गम्भीरता से लेने के निर्देश**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य के मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने सभी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर्स को एग्री प्रोसेसिंग, एग्री बिज़नेस और एग्री एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम को गम्भीरता से लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नाराज़गी जताई है कि बहुत से कलेक्टर्स मीटिंग तक नहीं करते हैं और ना ही प्रस्तावों पर स्वीकृति जारी कर रहे हैं। उन्होंने हर महीने डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी की बैठक कर प्रस्तावों की मंजूरी देने के निर्देश कलक्टर्स को दिए हैं। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने कलेक्टर्स को साफ कहा है कि राजस्थान सरकार एग्री प्रोसेसिंग, एग्री बिज़नेस और एग्री एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना को बढ़ावा देना चाहती है। प्रदेश में खेती,किसानी की तस्वीर बदलने में एग्री प्रोसेसिंग बड़ा रोल निभा सकती है।

### कलेक्टर्स हर महीने कमेटी की बैठक लेकर प्रपोज़ल मंज़ूर करें

मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने शासन सचिवालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी डिविज़नल कमिश्नर्स और डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर्स के साथ अलग-अलग स्कीम्स का रिव्यू किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस नीति से राजस्थान एग्री प्रोसेसिंग, एग्री बिज़नेस और एग्री एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए देश में सबसे ज्यादा बढ़ावा और सहूलियतें मुहैया कराने वाला राज्य है। लेकिन योजना लागू कराने में कलेक्टर्स का महत्वपूर्ण रोल है। इसलिए कलेक्टर्स हर महीने डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी की बैठक कर प्रस्तावों को मंज़ूर करें। उन्होंने कम प्रगति वाले जिलों के कलक्टर्स को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। निरंजन आर्य ने मुख्यमंत्री स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज प्रमोशन स्कीम और राजस्थान इनवेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम यानी रिप्स-2019 की समीक्षा करते हुए डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर्स को प्रभावी तौर पर स्कीम को धरातल पर उतारने और परफॉर्मेंस देने के निर्देश दिए।

### महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह के प्रोग्राम का रिव्यू

इस दौरान महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह के तहत हो रहे कार्यर्क मों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए इंस्टीट्यूशनल लेवल पर काफी काम किए गए हैं। उन्होंने गांधी दर्शन समिति के डेडिकेटेड और अनुभव रखने वाले गैर सरकारी सदस्यों की मदद से गांधीजी का संदेश जनता तक पहुंचाने के लिए इफेक्टिव और इन्नोवेशन के काम करने के भी निर्देश दिए।

### कृषि विभाग ने 358 केस मंज़ूर कर 121 करोड़ रुपये का ग्रांट जारी किया

इस मौक़े पर कृषि विभाग ने 358 केस मंज़ूर कर 121 करोड़ रुपये का अनुदान भी जारी किया। कृषि विभाग के प्रमुख सचिव भास्कर ए सावंत ने एग्री प्रोसेसिंग, एग्री बिज़नेसस और एग्री एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत प्रदेश में 1471 करोड़ रुपए निवेश के 756 केस मिले हैं। जिनमें से 358 को मंज़ूर कर 121 करोड़ रुपए का ग्रांट जारी किया गया है। इन पर 593 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। जबकि 754 करोड़ रुपए इनवेस्टमेंट के दूसरे केसों में मंज़ूरी के लिए प्रोसेस जारी है।



## जागरूक खबरें

### आयुर्वेद चिकित्सा मे रस भस्मो का विशेष महत्व पर हुआ मंथन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग मे जारी सीएमई के दूसरे दिन बीएचयू यूनिवर्सिटी वाराणसी से प्रोसेफर व चीफ डॉक्टर आनन्द चौधरी ने मंगलवार को मुख्य अतिथि वक्ता के तौर पर शिरकत की। सीएमई आयोजन सचिव डॉ संजय अग्रवाल ने बताया कि प्रो.चौधरी ने आयुर्वेद चिकित्सा मे वर्तमान दृष्टिकोण से रसभस्मो की उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ साथ रस भस्मो की निर्माण विधि -प्रकिया, रस भस्मो के मानकीकरण का ज्ञान, आयुर्वेदिक फॉर्मेकोपिया तथा फॉर्मेकोविजिलेन्स ( औषधि सतर्कता का सामान्य ज्ञान) इत्यादि महत्वपूर्ण विषयो पर उपस्थित चिकित्सकों व छात्रो को विस्तृत जानकारी दी। डॉ अग्रवाल ने बताया कि रस शास्त्र विभाग द्वारा 6 दिवसीय सीएमई का आयोजन होगा। जिसमे देश भर से करीब 30 आयुर्वेद चिकित्सक भाग ले रहे है। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,डॉ मोहर पाल मीना ,डॉ सखीता के एस,सीएमई कोर्डिनेटर डॉ राकेश सिंह,डॉ सुभाष यादव ,डॉ सोभनाथ यादव व पीजी छात्रसंघ महासचिव डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास के अलावा अन्य पीजी/पीएचडी स्कॉलर्स भी उपस्थित रहे।

### खेल से ही शारीरिक एवं मानसिक विकास- रोहिण



**भीनमाल @ जागरूक जनता।** स्थानीय शिवराज स्टेडियम भीनमाल में मिशन कौमी एकता संस्थान जालोर के तत्वावधान सात दिवसीय सम्भाग स्तरीय कौमी एकता क्रिकेट महाकुंभ का समापन युवा भाजपा नेता एवं प्रधान प्रतिनिधि भरतकुमार रोहिण के मुख्य आतिथ्य में सम्पन हुआ। कार्यक्र म की अध्यक्षता ग्राम विकास अधिकारी मदनलाल राणा ने की। वही सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश हिंगड़ा, सफाई कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष बादल भाई वाल्मीकि, मालानी फैशन कांतिलाल दर्जी, अधिवक्ता श्रवण ढाका, एसवीएम एज्युकेशन ग्रुप के निदेशक टीकमाराम भाटी बतौर विशिष्ट अतिथि के नाते उपस्थित रहे। प्रतियोगिता प्रभारी संतोषकुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में जोधपुर सम्भाग की 31 टीमों के 450 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आजाद क्लब विश्नोई समाज भाटीप की टीम में प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर ब्लैक पैंथर मेघवाल समाज बागोड़ा की टीम रही। इसी प्रकार खान हिट्स मुस्लिम कोटवाल समाज की टीम तृतीय स्थान, जूनियर नवाब मुस्लिम कोटवाल समाज की टीम चतुर्थ स्थान एवं एनाकोंडा स्पोर्ट्स मेघवाल समाज भीनमाल की टीम पांचवें स्थान पर रही। सभी टीमों को अतिथियों के हाथों पारितोषिक प्रदान किया गया।

**सम्भाग स्तरीय कौमी एकता क्रिकेट महाकुंभ का समापन**

## कैलाश मेघवाल का लेटर बम, कटारिया के खिलाफ खोला मोर्चा...

# बोले कटारिया की देखरेख में करोड़ों की हेराफेरी

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखा पत्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वसुंधरा राजे के करीबी पूर्व विधानसभाध्यक्ष कैलाश मेघवाल और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के जमाने से चली अदावत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। मेघवाल ने एक बार फिर कटारिया के खिलाफ लेटर बम फोड़ा है। इस पत्र में मेघवाल ने कटारिया को पद से हटाने की मांग की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे पत्र में मेघवाल ने कटारिया की महाराणा प्रताप और भगवान श्रीराम को लेकर की गई टिप्पणी का हवाला दिया गया है। मेघवाल ने लिखा है कि कटारिया के इस बयान से पार्टी को भारी नुकसान हुआ है। मेघवाल ने भाजपा विधायक दल की बैठक में कटारिया के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की बात कही है। मेघवाल ने इस चिट्ठी की एक प्रति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां सहित सभी विधायकों को भेजी है। मेघवाल ने विधायक दल की बैठक अध्यक्षता पूनियां से करने के लिए कहा है।




#### लाखों–करोड़ों की होती रही है हेराफेरी

मेघवाल ने पत्र में आरोप लगाया कि कटारिया खुद पर दाग नहीं लगने की बात करते हैं लेकिन कटारिया की छत्रछाया में पार्टी पद और टिकट बंटवारे में लाखों-करोड़ों रुपए की हेराफेरी होती रही है। अशोक परनामी ने लाखों रुपयों को वापस लौटवाया था। यदि आरएसएस का रक्षा कवच हट जाए और इसकी सार्वजनिक जानकारी हो जाए तो दर्जनों माई के लाल सामने आ जाएंगे।

#### वसुंधरा जा विरोध करने की कसम खाई थी

मेघवाल ने लिखा कि "2008 में गुलाब चंद कटारिया, घनश्याम तिवाड़ी, अरुण चतुर्वेदी और औंकार सिंह लखावत ने गंगाजल लेकर सौगंध खाई थी कि वसुंधरा राजे के पक्ष में कभी नहीं जाएंगे। कटारिया ने स्वयं के स्वार्थ साधने के लिए इस सौगंध को सबसे पहले तोड़ा और वसुंधरा राजे की शरण में चले गए।

#### यह लिखा है पत्र में

मेघवाल ने लिखा है कि कटारिया ने 13 अप्रेल को राजमसंद में एक चुनावी सभा में महाराणा प्रताप को लेकर बयान दिया था। इसके बाद उन्होंने खूब माफी भी मांगी, लेकिन उनके बयान के चलते रामसमंद में पार्टी को वोटों का खासा नुकसान हुआ। इस बयान का मामला ठंडा पड़ा भी नहीं था कि उन्होंने भगवान राम को टिप्पणी कर दी कि 'भाजपा नही होती तो भगवान राम समुद्र में होते'। कटारिया के इन बयानों की वजह से सर्व समाज ने तीखी प्रतिक्रियाएं दीं और उनका इस्तीफा तक मांगा गया। यही नहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में भी असंतोष उभरा।

#### कांग्रेस की सरकार लुंजपुंज

मेघवाल ने पत्र में कांग्रेस सरकार को लुजपुंज बताया और कहा कि कांग्रेस की गुटबाजी के बावजूद हम तीनों उप चुनाव नहीं जीत पाए। क्या गारंटी है कि कटारिया के बयानों का अस्तित्व भविष्य में समाप्त हो जाएगा। ऐसा होना बिलकुल असंभव है। मेघवाल ने पत्र में तीनों उप चुनावों का विश्लेषण भी दिया है।

#### सुंदर सिंह भंडारी के दबाव में दिया कटारिया को टिकट

मेघवाल ने पत्र में लिखा है कि 1977 में भाजपा के कई सीनियर नेताओं की उपेक्षा कर सुंदर सिंह भंडारी के दबाव में पार्टी ने गुलाबचंद कटारिया को टिकट दिया और वो जीत गए। तब से ही उनकी कार्यशैली अपना हित साधने की रही है। उन्होंने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की राजनीति हत्याएं करने के षड्यंत्र रचे। 1977 में ही भैरोसिंह शेखावत मंत्रिमंडल में मुझे शामिल किया गया, लेकिन कटारिया किस न किसी तरीके से मंत्री बनने के मंसूबे बांधते रहे।

#### 1979 में मेरे खिलाफ चरित्र हनन का विस्फोट हुआ

मेघवाल ने लिखा कि 1979 में मेरे खिलाफ चरित्र हनन के षड्यंत्र का विस्फोट किया गया। इसके पीछे कटारिया मुख्य पात्र थे। भाजपा नेताओं, सांसदों और विधायकों के पास इसकी प्रति पहुंचाई गई। प्रदर्शन हुए, पुतला दहन किया गया। छात्र जगत में अभियान की कमान आज के उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने संभाली थी। इसके बाद जांच हुई और इसे एक षड्यंत्र बताया गया। मैंने राजसमंद से चुनाव लड़ने से मना कर दिया था, जिसके बाद मुझे अजमेर से भैरोसिंह शेखावत ने चुनाव लड़वाया था।

#### भिंडर की प्रशंसा की

पत्र में मेघवाल ने कटारिया के चिर प्रतिद्वंद्वी भिंडर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि वल्लभनगर में उप चुनाव होना है मगर कटारिया ने भिंडर के द्वार बंद कर दिए हैं। मगर भिंडर ने आज तक आरएसएस के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की है।

## 325 जनों के सैम्पल लिए, सभी क्वॉरंटीन

# जयपुर की मेडिकल छात्रा कोरोना पॉजिटिव, कॉलेज बंद

### पाली मेडिकल कॉलेज का मामला, अब चलेगी ऑनलाइन क्लासेज, मेडिकल कॉलेज सैनेटाइज, छात्रा अस्पताल में भर्ती

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पाली मेडिकल कॉलेज में थर्ड ईयर की छात्रा की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इससे कॉलेज में हड़कंप मच गया है। छात्रा को बांगड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसकी हालत ठीक है। इधर, मेडिकल कॉलेज में क्लास बंद कर दी गई। एहतियात के तौर पर 325 छात्र-छात्राएं व स्टाफ के सैंपल लिए गए है। पॉजिटिव आई छात्रा सहित सभी स्टाफ व विद्यार्थियों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लग चुकी हैं।



#### पार्टी की, क्लास में भी गई, अब अस्पताल में

**जानकारी** के अनुसार 2018 बैच की यह छात्रा गत 1 सितंबर को अपने घर जयपुर से कॉलेज आई थी। तब से उसे सर्दी-जुकाम व हल्का बुखार था। उसका कोरोना टेस्ट किया गया तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जयपुर से आने के बाद वह कुछ विद्यार्थियों के सम्पर्क में आई और क्लास भी अटेंड की। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, मेडिकल कॉलेज की सभी क्लास व लाइब्रेरी को बंद कर दिया गया है। मंगलवार को कॉलेज परिसर में ही कैंप का आयोजन कर 325 जनों के कोरोना सैंपल लिए गए। सभी स्टाफ व विद्यार्थियों को 14 दिन तक क्वारेंटीन रहने को कहा गया है। बुधवार को ऑनलाइन क्लासेस शुरू होगी। मेडिकल कॉलेज में कुछ दिनों पहले एक फ्रेशर पार्टी हुई थी। इसमें सभी स्टूडेंट और कॉलेज का स्टाफ भी मौजूद था। इस पार्टी में पॉजिटिव आने वाली छात्रा भी थी, इस कारण सभी का सैम्पल लिया गया और क्वारेंटीन किया गया।

#### परिवार के लिए जाएंगे सैंपल

**छात्रा** के पॉजिटिव आने के बाद घरवालों को सूचना दी गई। इसके साथ ही जयपुर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी इस बारे में बताया गया है। जिसके बाद मंगलवार को छात्रा के घर वालों के भी सैंपल लिए जाएंगे।

## सम्पर्क संस्थान का भव्य गुरुवंदन अलंकरण समारोह सम्पन्न

# शिक्षक चिंतनशील, अध्ययनशील व प्रतिभाशाली होना जरूरी है-सिंह

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सामाजिक सरोकारो में सदैव अग्रणी सम्पर्क संस्थान के तत्वावधान में शिक्षक दिवस पर गुरुवंदन अलंकरण का आयोजन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। जयपुर स्थित होटल ग्रैंड सफारी में समारोह के मुख्य अतिथि राजस्व मंडल राजस्थान के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मोटिवेशनल सपीकर मनोज शर्मा, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डॉ ममता शर्मा, संस्थान अध्यक्ष अनिल लढ़ा तथा प्रदेश समन्वयक रेनू शब्दमुखर ने देश भर से आये 35 शिक्षकों को स्मृति चिन्ह व दुपट्टा पहनाकर गुरुवंदन अलंकरण से सुशोभित किया। इस अवसर पर डॉ.आरती भदोरिया ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने संपर्क संस्थान के मिशन सेव बेटी सेफ़ बेटी के साथ ही संस्थान द्वारा किये जा रहे साहितियक सामाजिक कार्यो की 21 वर्षो की निरंतर यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। रेनू शब्दमुखर ने गुरूवंदन अलंकरण को अपने आप में महती बताते हुए अपने जीवन को सफल बनाने वाले गुरु से अवगत कराया। राजेश्वर सिंह ने अपने अतिथि भाषण में कहा कि शिक्षक चिंतनशील, अध्ययनशील व प्रतिभाशाली होना जरूरी है।इस अवसर पर उन्होंने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शेक्षिक विचारों को समझने व अपनाने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डॉ.ममता शर्मा ने अपनेआप को विशिष्ट मानकर स्वयं का सम्मान करने व शिक्षक के रूप में अपनी सम्भावनाओ को बढ़ाने की बात कही।उन्होंने कहा कि हमे एपीजे अब्दुल कलाम साहब के व्यक्तित्व से सकारात्मक चिंतन सीखना चाहिए। शिक्षक को निरंतर स्वयं को परिमार्जित करते रहना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनोज शर्मा ने संपर्क संस्थान के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि नियत साफ़ हो तो कठिन लक्ष्य भी आसान हो जाता है। जीवन मे कभी निराश न होते हुए सदैव आगे बढ़ने व सकारात्मक रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संपर्क साहित्यिक संस्थान के साल भर विभिन्न गतिविधियां जैसे सावन महोत्सव, होली पर्यावरण दिवस, देशभक्ति कविता प्रतियोगिता आदि में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व विशेष पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन कोटा से आई हुई उद्घोषक डॉ रेनू श्रीवास्तव ने किया।



# अब 225 वर्गमीटर के भूखंड पर भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूरी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अब 300 की बजाय 225 वर्गमीटर व इससे बड़े भूखंडों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना जरूरी होगी। नगरीय विकास विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के बाद करीब 10 लाख भूखंड रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के दायरे में आ जाएंगे। यूडीएच की एक्सपर्ट कमेटी ने इस संबंध में यूडीएच मंत्री शांतिधारीवाल को सिफारिश की थी। जिसके बाद यह आदेश जारी किए गए हैं। प्रमुख सचिव यूडीएच कुंजीलाल मीणा की अध्यक्षता में गठित कमेटी का मानना था कि 300 वर्गमीटर व इससे बड़े भूखंडों की संख्या कम हैं, इसलिए इस क्षेत्रफल को घटाकर 225 वर्गमीटर किया जाना चाहिए। हालांकि पहले इसे 167 वर्गमीटर से शुरुआत करने का प्रस्ताव था, लेकिन ऐसे भूखंडों पर सेटबैक में ज्यादा जगह नहीं मिलने के कारण ऐसा नहीं हो पाया।

#### 2500 वर्गमीटर के भूखंड पर वेस्ट वाटर की रीसाइक्लिंग जरूरी

इसी तरह छोटे भूखंडों पर बनी इमारतों को भी इस आदेश के तहत जल संरक्षण के दायरे में लगाया गया है। अब 5000 वर्ग मीटर व उससे बड़े भूखंडों के बजाय 2500 वर्ग मीटर व उससे बड़े भूखंडों के लिए पर बनी इमारतों के लिए बाथरूम और रसोई के वेस्ट वाटर की रीसाइक्लिंग जरूरी होगी। इसमें टॉयलेट से निकलने वाला पानी शामिल नहीं होगा। टॉयलेट में उपयोग किए जाने वाले वॉटर क्लोजेट में ड्यूल प्लस बटन सिस्टम जरूरी होगा। ताकि जितनी आवश्यकता हो, उतना ही पानी खर्च किया जा सके। मॉडल बिल्डिंग बायलॉज यह प्रावधान जोड़ा गया है।

#### भूजल की गंभीर स्थिति..

- राजस्थान में जितना पानी रिचार्ज हुआ, उससे ज्यादा जमीन से पानी निकाला जा रहा है।
- प्रदेश में भूजल दोहन की दर 139.52 से बढ़कर 139.88 पहुंच गई है।
- राज्य के 248 ब्लॉक में से 25 ब्लॉक ही सुरक्षित श्रेणी में हैं।

## जयपुर बंद : हर वर्ग के व्यापारी से मांगा बंद के लिए समर्थन

# 50 हजार थड़ी-ठेले वाले भी होंगे शामिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम सीमा क्षेत्र में पांच नए ट्रेड लाइसेंस के विरोध में 11 सितम्बर को जयपुर बंद के समर्थन में हर वर्ग के व्यापारियों से समर्थन मांगा जा रहा है। इसी कड़ी में हैरिटेज सिटी थड़ी–ठेला यूनियन ने भी बंद का समर्थन किया है। शहर में करीब 50 हजार थड़ी ठेल संचालक हैं। यूनियन के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा ने कहा कि ट्रेड लाइसेंस गलत है। इसका विरोध किया जाएगा। वहीं,प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम्स सोसाइटी की जनरल बॉडी मीटिंग बुधवार को रात आठ बजे से जे.एम.ए. सभागार में होगी।

इधर, बंद की तैयारियों को फोर्टी कार्यालय में बैठक हुई। इसमें बताया गया कि फल, सब्जी से लेकर छोटे किराना व्यापारी, सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी ,हार्डवेयर एसोसिएशन, होलसेल कपड़ा एसोसिएशन, सेनेटरी एसोसिएशन, बिल्डिंग मटेरियल एसोसिएशन, पेन्ट ऐसोसिएशन, धुल्हा हाउस व्यापार मंडल में जाकर सम्पर्क किया है और बंद का समर्थन करने की अपील की है।

बैठक में चेंबर ऑफ कॉमर्स के मानद सचिव के एल जैन, फोर्टी के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेन्द्र बज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी, जयपुर व्यापार मंडल के संरक्षक रवि नैयर और पवन गोयल, राजस्थान दुकानदार संघ के किशोर कुमार टांक उपस्थित रहे।




# शुरू हो रही 261 गणपति स्पेशल ट्रेन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** गणपति महोत्सव को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 261 गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इससे इस त्योहार में लोगों की यात्रा आसान हो सकेगी। देश के कई हिस्सों में गणपति महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। कोरोना की लहर कमजोर होने के बाद करीब दो साल बाद इस महोत्सव को लोग मनाएंगे। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों का अपने घरों की ओर लौटना होगा। इसको देखते हुए रेलवे ने 261 गणपति स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय किया है। इनमें से कई ट्रेन अगस्त के अंतिम सप्ताह में शुरू हो चुकी है। योजना के तहत मध्य रेलवे 201 गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाएगा, पश्चिम रेलवे 42 गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाएगा, कोंकण रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) 18 गणपति स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। इन ट्रेनों का संचालन 20 सितंबर तक रहेगा। ये हैं विशेष किराए वाली पूरी तरह से आरक्षित ट्रेनें है। इन विशेष ट्रेनों में केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही चढ़ने की अनुमति होगी। वहीं भीड़ को कम करने के लिए मुंबई से चलने वाली विभिन्न ट्रेनों में स्लीपर श्रेणी के कोच लगाए गए हैं। रेलवे के अधिकारियों ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि बोर्डिंग, यात्रा और गंतव्य पर कोविड-19 से संबंधित सभी मानदंडों, एसओपी का पालन करें।

**रेलवे चला रहा 261 गणपति स्पेशन ट्रेन, यह ट्रेन 20 सितंबर तक चलेंगी**

## प्रदेश के बेरोजगारों के लिए खुशखबरी

# ग्राम विकास अधिकारी के 3896 पदों पर भर्ती

### आरएएस की तर्ज पर प्री व मेन परीक्षा

### आवेदन 10 सितंबर से 9 अक्टूबर तक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने ग्राम विकास अधिकारी के 3896 पदों पर भर्ती निकाली है। यह भर्ती आरएएस-भर्ती की तर्ज पर होगी। इसमें भी प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा होगी। प्री का आयोजन दिसंबर, जबकि मेन्स का फरवरी में प्रस्तावित है। बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में नॉन टीएसपी के 3222 और टीएसपी के 674 पद भरे जाएंगे।

भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 सितंबर से प्रारंभ होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 9 अक्टूबर है। चयन बोर्ड का कहना है कि प्री के अंक मेरिट में शामिल नहीं होंगे। केटेगरीवाइज पदों के 15 गुणा अभ्यर्थियों को मेन्स के लिए पात्र घोषित करेंगे।

#### समान पात्रता परीक्षा से बाहर हुई यह भर्ती

**पहले** सरकार ने ऐलान किया था कि इस भर्ती को समान पात्रता परीक्षा के जरिए किया जाएगा। लेकिन समान पात्रता परीक्षा में समय लग रहा था। भर्ती में देरी हो रही थी। इसलिए भर्ती को इस श्रेणी से बाहर कर दिया गया।

# 6 में से 5 जिलों में कांग्रेस के उप जिला प्रमुख बनें, जयपुर-भरतपुर में बड़ा उलटफेर

**भरतपुर में 17 जिला परिषद सदस्य होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को 3 वोट मिले,जयपुर, जोधपुर, दौसा, भरतपुर, सवाई माधोपुर में कांग्रेस के उपजिला प्रमुख तो सिरोही में भाजपा का उपजिला प्रमुख बना**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के 6 जिलों जयपुर, जोधपुर, सवाई माधोपुर, दौसा, भरतपुर और सिरोही जिले में मंगलवार को हुए उप जिला प्रमुख के चुनाव में कांग्रेस ने बड़ा उलटफेर करते हुए 6 में से 5 जिलों में अपने उप जिला प्रमुख बनवा लिए। सबसे बड़ा उलटफेर भरतपुर जिला परिषद में देखने को मिला जहां पर 17 जिला परिषद सदस्य होने के बावजूद भाजपा के तीन ही सदस्य वोट डालने पहुंचे जिससे कि कांग्रेस के जिला प्रमुख उम्मीदवार की जीत हो गई।

वहीं जयपुर जिले में भी बहुमत के बावजूद जिला प्रमुख का पद गंवाने वाली कांग्रेस ने उप जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा में सेंधमारी करके उप जिला प्रमुख का पद जीत लिया। इसके अलावा सवाई माधोपुर, जोधपुर, और दौसा में भी कांग्रेस अपना उप जिला प्रमुख बनाने में कामयाब हो गई, जबकि भाजपा केवल सिरोही जिले में ही उप जिला प्रमुख बना पाई।



#### भरतपुर में सबसे बड़ा उलटफेर

उप जिला प्रमुख के चुनाव में सबसे बड़ा उलटफेर भरतपुर को देखने को मिला हैं। भरतपुर जिला परिषद में कुल 37 सदस्य हैं जिनमें बीजेपी के 17 कांग्रेस के 14 सदस्य थे। अन्य सदस्य हैं लेकिन बड़ी बात यह रही कि 17 सदस्य होने के बावजूद भाजपा से केवल तीन ही लोग वोट डालने पहुंचे जबकि कांग्रेस के भी 8 ही लोग वोट डालने पहुंचे थे। ऐसे में 8 वोट लेकर कांग्रेस की उप जिला प्रमुख उम्मीदवार प्रियंका गुर्जर ने बीजेपी उम्मीदवार शिखा शर्मा को हरा दिया। जबकि जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा के जगत सिंह जिला प्रमुख बनें थे।

**जयपुरः** जयपुर उप जिला प्रमुख के चुनाव में भी उलटफेर हुआ है। यहां भी कांग्रेस ने भाजपा में सेंधमारी करके अपना उप जिला प्रमुख बना लिया। कांग्रेस के मोहन डागर 26 वोट लेकर उप जिला प्रमुख बने, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 25 वोट मिले थे।

**दौसा :** दौसा उप जिला प्रमुख के चुनाव में कुल 29 सदस्य हैं। यहां भी कांग्रेस के उप जिला प्रमुख के उम्मीदवार मानदाता मीणा ने बीजेपी उम्मीदवार ब्रजमोहन मीणा को हराया। मानदाता मीणा को 22 वोट मिले जबकि भाजपा उम्मीदवार को 6 ही वोट मिल पाए ।

**जोधपुर :** जोधपुर जिला परिषद में भी कांग्रेस का उप जिला प्रमुख बना है, यहां कांग्रेस के उप जिला प्रमुख के उम्मीदवार विक्र म बिश्नोई को 23 वोट मिले और भाजपा उम्मीदवार को शीला विश्नोई को 16 वोट मिले।

**सिरोही :** सिरोही जिला परिषद में भाजपा का उप जिला प्रमुख बना है। सिरोही में बीजेपी की उम्मीदवार मनीषा मीणा को 17 वोट मिले जबकि कांग्रेस को उम्मीदवार को तीन ही वोट मिल पाए।

**सवाई माधोपुर :** सवाई माधोपुर जिला परिषद में भी कांग्रेस का उप जिला प्रमुख बना है। कांग्रेस के उप जिला प्रमुख के उम्मीदवार बाबूलाल मीणा को 17 वोट मिले, जबकि भाजपा के उम्मीदवार पुखराज गुर्जर को 8 वोट मिले।

## जागरूक खबरें

### युवा मंडल रामपुरा ने अमृत महोत्सव मनाया

**पाली @ जागरूक जनता।** रोहट के निकटवर्ती रामपुरा गांव में नेहरू युवा केंद्र पाली की ओर से अमृत महोत्सव के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। इस महोत्सव को लेकर नवयुवक मंडल रामपुरा के सहयोग से को भैरु जी मंदिर प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव का आगाज फिट इंडिया,फ्रीडम रन के साथ किया गया। कायक्रम में वार्ड पंच धनाराम लोहार के मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित किया गया। लोहार ने कहा कि देश की आजादी में गौरव सैनानियों के योगदान को जान कर उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए साथ ही नवयुवक मंडल रामपुरा के अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश सैन ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फिट इंडिया फ्रीडम रन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम में सुमेर लाल साटीया अजय पटेल, ढलाराम पटेल, श्रवण सेन चंद्रप्रकाश मेघवाल, प्रकाश मेघवाल आदि मंडल सदस्य उपस्थित रहे, इस दौरान मंडल सदस्यों के द्वारा वॉलीबॉल मैच का भी आयोजन किया गया।

### पर्युषण पर्व में नन्हे मुन्ने बालक भी कर रहे है तप आराधना



**पाली @ जागरूक जनता।** जैन धर्म के सबसे बड़े महापर्व पर्युषण के कारण जैन मंदिरों, स्थानकों, उपाश्रयो में एवं हर जैन परिवार में धर्म आराधना का क्रम जारी है, पर्युषण पर्व के आठ दिनों में तपस्या का विशेष महत्व है इसी क्रम में तपस्वी लोग उपवास तप कर रहे है जिसमे निराहार रह कर सिर्फ गर्म पानी सूर्योदय के बाद से सूर्यास्त पूर्व तक पिया जाता है । इसी क्रम में शहर के अरिहन्त विला बिल्डिंग, टैगौर नगर निवासी बाल तपस्वी प्रत्यूष गुंदेचा पुत्र अनिल गुंदेचा ने 8 वर्ष की अल्प आयु में अपने जीवन का पहला उपवास पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस पर किया जिसका पारणा किया गया। तपस्वी को उनके परिजनों व मामा अरिहन्त चौपड़ा, एडवोकेट ने पारणा करवाया। चौपड़ा ने बताया कि 8 दिन तक सभी जैनी रात्रि भोजन व सचित का त्याग रखते है इस कारण हरि सब्जियों, जमीकंद,फल व बाज़ार की सामग्रियों का सेवन नही करते। अधिक से अधिक समय तप आराधना में लगाते हैं।

### महावीर इंटरनेशनल "अम्बिका" की प्रेरणा से "अंशिता" ने जीव दया कर मनाया जन्मदिन



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल की जोन चेयरपर्सन सरोज ढेलावत के मुख्य आतिथ्य में महावीर इंटरनेशनल अम्बिका के द्वारा कन्हैयालाल बम की सुपौत्री एवं अनिल कुमार व आजाद बम की सुपुत्री तथा अक्षित व दीक्षा बम की बहिन अंशिता बम का जन्मदिन गायों को हरा चारा खिलाकर गौ सेवा एवं कबूतरों को मक्का खिलाकर जीव दया कर मनाया गया। महावीर इंटरनेशनल अम्बिका की अध्यक्ष वीरा रेणु कोठारी ने बताया कि अंशिता बम के जन्मदिन के अवसर पर संस्था की प्रेरणा से उनके परिजनों द्वारा दोपहर 1.30 बजे श्री दिवाकर जैन कमल गौ शाला पर गायों को हरा चारा खिलाया गया। इसके पश्चात स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में बने जीव दया प्लेटफार्म पर पक्षियों को अनाज खिलाया गया। यहां मंडी व्यापारी कमलेश दुग्गड़ एवं अभिषेक वडारा का सहयोग रहा। इस अवसर पर निम्बाहेड़ा अम्बिका ग्रूप की चेयरपर्सन वीरा रेणु कोठारी, सचिव वीरा साक्षी सेठिया, रेखा पारख, डायेक्टर वीरा शिल्पा मांडोत, वीरा ईशा वाडारा, सदस्य वीरा अंतिम चोपड़ा, स्वाती सोनी, वीरा श्वेता सिंघवी, नीतू समदानी आदि मौजूद रही।

### हेल्पिंग पीपल ट्रस्ट की ओर से नि:शुल्क केंसर जांच शिविर आयोजित



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** हैल्पिंग पीपल ट्रस्ट उम्मीद की एक किरण की तरफ से मोटर मर्चेंट हॉल में कैंसर शिविर रखा गया ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पोहानी उपाध्यक्ष कमांडो सुनील नायल ने बताया जिसमें मरीजों की जांच केंसर स्पेसलिस्ट डॉ, धर्माराम पूनिया, डॉ, अशोक कलवर , डॉ, राजेन्द्र सिंघवी द्वारा कैंसर मरीजो को परामर्श दिया गया और ताकत के पाउडर पैकेट भी दिए गए। हेल्प केअर सोसाइटी सदयस्य जुगल अरोड़ा, बृजेश सिंघवी, मनोज डागा, ललित, माला चोहान, विमलेश सोलंकी, उमेश सोनी ,ललित लालवानी, गोविंद, जयसिंह चौहान आदि सदस्ययो का सहयोग रहा।

### उल्लास से मनाया शिक्षक दिवस



**सुमेरपुर @ जागरूक जनता।** छात्र परिषद् अरावली महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष कुसुम सिंह ने बताया कि नगर अध्यक्ष विशाल के सानिध्य में अरावली पी.जी. महाविद्यालय सुमेरपुर व आर्दश विद्या मंदिर विद्यालय सुमेरपुर के तमाम गुरुजनों को तिलक निकाल मोली बांधकर, पेन भेट कर शिष्टाचार से मनाया। विशाल बोराणा ने बताया कि शिक्षक दिवस पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाया, डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि पूरी दुनिया ही स्कूल है जहा हमे कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। बाल विद्यार्थी सबसे अधिक अपने शिक्षक का विश्वास और अनुसरण करते है इसलिए शिक्षक को सही, शुद्ध और सत्य बोलना चाहिए। इस अवसर पर अरावली महाविद्यालय के छात्र विशाल बोराणा, चेतन बरोलिया, विधि राजपुरोहित, इशा अग्रवाल, किरण सुथार, हितेश कुमावत, कार्तिक सुथार, गुलाम, आदिल, साक्षी सुथार, प्रिया सुथार व आर्दश विद्या मंदिर के पूर्व छात्र एड महिपाल सिंह राजपुरोहित, सूरज बोहरा, एड भंवरलाल मीणा, मीनाक्षी चांवरिया, टीना चांवरिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

### संतुलित आहार के लिए वाटिका में लगाए औषधीय पौधे

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय समन्वित अनुसन्धान परियोजना गृह विज्ञान की खाद्य एवं पोषण इकाई, अनुसंधान निदेशालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यलय, उदयपुर एवं वन विभाग, उदयपुर के संयुक्त तत्त्वाधान में ग्राम मदार, पंचायत समिति बडगांव में राष्टीय पोषण माह के तहत "उत्तम स्वस्थ्य के लिए औषधीय पौधे" थीम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण में वैज्ञानिक डॉ. विशाखा सिंह ने कृषक परिवरों को संतुलित आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दैनिक भोजन को संतुलित करने के लिए कुछ आसन उपायों के बारे में भी चर्चा की। वन विभाग, उदयपुर से उपस्थित से जसवंत और कुमारी मीरा ने औषधीय पौधे की देखरेख और उनके गुणों के बारे में विस्तृत चर्चा करी और सभी प्रशिक्षुओं को औषधीय पौधे को अपने घरों में रोपित करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में 25 कृषक परिवारों ने भाग लिया। प्रत्येक परिवार को वन विभाग द्वारा तैयार 4 प्रकार के औषधीय पौधों का किट बांटा गया।

# संगम विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए पूर्णतया तैयार : प्रो. सक्सेना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भीलवाड़ा।** समय की आवश्यकता है की आज विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक शिक्षा की जगह कौशल आधारित व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाए, जिससे उनकी रोजगार परखता एवं उद्यमशीलता का विकास हो सके। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के लिए संगम विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से तैयार है। उक्त विचार संगम विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो करुणेश सक्सेना ने प्रेस वार्ता में व्यक्त किए। यदि हम राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के इतिहास पर गौर करे तो पाते हैं की स्वतंत्रता के पश्चात देश की पहली शिक्षा नीति वर्ष 1968 में डॉ. डी एस कोठरी कमीशन के द्वारा लाई गई थी। यहाँ यह कहना प्रासंगिक होगा की डॉ. डी एस कोठरी उस समय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) के अध्यक्ष थे एवं मूलतः उदयपुर से आते है, तत्पश्चात दूसरी शिक्षा नीति वर्ष 1986 में प्रस्तुत की गई जिसके अंतर्गत 10+2+3 शिक्षा का ढांचा दिया गया। इस नीति में 1992 में आंशिक संशोधन किया गया। अब अनेक वर्षो के बाद 29 जुलाई 2020 को नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत ग्रोस एनरोलमेंट रेश्यो (जी ई आर ) जो वर्तमान में 27 प्रतिशत के आसपास है इसको तेजी से बढ़ाकर वर्ष 2035 तक 50 प्रतिशत तक ले जाने की योजना है। इसको प्राप्त करने के लिए अनेक नवीन विश्वविद्यालय, महाविद्यालय का निर्माण करना होगा तथा वर्तमान में स्थापित उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता एवं क्षमता, संवर्धन के लिए एक कार्य योजना बनानी होगी।

संगम विश्वविद्यालय लगभग एक दशक से गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करता आ रहा है। इसके पूर्व छात्र राष्ट्रीय स्तर पर कई संस्थानों में मुखियाओं के रूप में कार्यरत है इस विश्वविद्यालय को शीघ्र ही नेक के द्वारा उच्च ग्रेड प्राप्त करने की आशा है। संगम विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर राजीव महता ने बताया की संगम विश्वविद्यालय में शीघ्र ही कौशल विकास केंद्र तथा उधमता विकास केंद्र की स्थापना की जाएगी। कौशल विकास कार्यक्रम के तहत देश में 36 सेक्टर इंडिया काउंसिल कार्यरत है। संगमः विश्वविद्यालय इनके द्वारा संचालित अनेक कार्यक्रमों को प्रारम्भ करने की योजना भी बना रहा है।

प्रो. महता ने बताया की वर्तमान में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए, बीबीए, बीकॉम, स्कूल ऑफ साइंस के अंतर्गत बीएससी और एमएससी, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के अंतर्गत एलएलबी, एलएलएम, बी ए एलएलबी प्रोग्राम स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी के अंतर्गत बीएससी एग्रीकल्चर प्रोग्राम स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के अंतर्गत बीटेक, एमटेक बीसीए, एमसीए डिप्लोमा, फायर सेफ्टी डिप्लोमा प्रोग्राम स्कूल ऑफ फार्मेसी के अंतर्गत बी फार्मा, डी फार्मा, स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज के अंतर्गत बी ए एम ए प्रोग्राम स्कूल ऑफ चोकेशनल स्टडीज में फैशन, इंटीरियर, ग्राफिक्स प्रोग्राम चल रहे है। अन्य गतिविधियों में एनसीसी आदि भी क्रियान्वित है। विश्वविद्यालय द्वारा मेधावी एवम् गरीब छात्रों के लिएस्कॉलरशिप का प्रावधान भी किया जाता है जिसके अंतर्गत मेधावी छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति भी दी जाती है इसी तरह ऐसे विद्यार्थी जो पारिवारिक दृष्टि से आर्थिक स्थिति में कमजोर होते हैं उन्हें भी छात्रवृत्ति दी जाती है। छात्राओं के लिए जो कि तकनीकी शिक्षा में अध्ययन करना चाहती है अलग से छात्रवृत्ति का प्रावधान है। खेलकूद में भी राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर के विद्यार्थियों को भी स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है।

### सीआईडी इंटेलिजेंस के 142 पुलिसकर्मियों को मिला उत्कृष्ट सेवा का सम्मान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सीआईडी इंटेलिजेंस के 142 पुलिस अधिकारियों व उनके अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को राजस्थान इंटेलिजेंस ट्रेनिंग एकेडमी (रीटा), शास्त्री नगर के परिसर में महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस उमेश मिश्रा ने सेवा चिह्न देकर सम्मानित किया। इंटेलिजेंस के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्ष 2019 व 2020 में उनके किए गए कार्यो के लिए सर्वोत्तम सेवा, अति उत्तम सेवा व उत्तम सेवा चिन्ह के लिए चुना गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुलिस महानिदेशक इन्टेलीजेन्स उमेश मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों के कार्यो की सराहना की व भविष्य में भी पूर्ण मेहनत, निष्ठा से महत्वपूर्ण आसूचना संकलन कर अपनी सेवाओं को उत्कृष्ट बनाए रखने की अपेक्षा की जिससे सम्पूर्ण राज्य तंत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे व अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर महानिरीक्षक पुलिस सुरक्षा विशाल बंसल, महानिरीक्षक पुलिस इन्टेलीजेन्स रूपिन्दर सिंह, निदेशक रीटा ज्ञानचन्द्र यादव एवं पुलिस मुख्यालय के अन्य कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# आकाश एकेडमी में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**महेन्द्रगढ़।** बच्चों ने बड़े मनमोहक व रंगारंग कार्यक्रम किए। इस अवसर पर अध्यापक देवेंद्र बैरावास ने कहा कि शिक्षक समाज के लिए प्रेरणादाई है। शिक्षक समाज में सकारात्मकता के बल पर बच्चों को सफलता की ओर ले जाते हैं। छोटी-छोटी कतरनों से एक दर्जी ड्रेस बना देता है। छोटे छोटे पार्ट्स से मोटर मकैनिक गाड़ी बना देता है। फ्यूज एलइडी के वायर को जोड़ करके एक बिजली का काम करने वाला बल्ब बना देता है। मिट्टी से कुम्हार मटका बना देता है, उसी प्रकार एक बच्चे को अध्यापक अच्छा इंसान बनाता है।

भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 5 सितंबर 1888 को देश के पहले उप-राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। 1962 से हर साल देश के पहले उप-राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षा भविष्य की दिशा और दशा को बदल देती है। शिक्षा के बल पर समाज में बहुत बड़ा परिवर्तन होता है। एक अच्छा शिक्षक हमेशा सकारात्मक सोच के साथ बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं, जो समाज व देश को मान- सम्मान दिलाते हैं। एकेडमी बच्चों के गणित, अंग्रेजी, साइंस, सामाजिक, जनरल नॉलेज, सामान्य विज्ञान के बेसिक कंसेप्ट क्लियर करके उनको हिंदुस्तान के नामी स्कूलों में दाखिला के लिए प्रयास करती है। RIMC देहरादून, मिलिट्री स्कूल, सैनिक स्कूल, नवोदय स्कूल आदि के माध्यम से देश को भावी ऑफिसर, डॉक्टर, इंजीनियर बनने का बच्चों को मौका मिलता है। नितिन चेयरमैन ने कहा कि आज हम सभी शिक्षक दिवस मना रहे हैं। आज के दिन मैं सबसे पहले अपने एकेडमी के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देता हूं। हमारी संस्कृति में भी माता-पिता से भी ऊंचा दर्जा गुरु को दिया जाता है। एक तरफ जहां माता-पिता बच्चे को जन्म देते हैं, तो शिक्षक उनके जीवन को आकार व जीवन जीने की कला सिखाते हैं। एकेडमी अध्यापिका शीतल सोनम ने कहा कि शिक्षक हमेशा हमें मार्गदर्शन करते है, प्रेरणा देते हैं, और समाज में हमें एक अच्छा नागरिक बनाते हैं। शिक्षक हमारे जीवन की नींव को मजबूत करते हैं। वे बच्चों के लिए एक मां की तरह होते हैं। अध्यापक मनोज यादव ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि देश में सर्वश्रेष्ठ व होशियार छात्रों को शिक्षक बनना चाहिए। शिक्षक वह नहीं जो विद्यार्थी के दिमाग में तथ्यों को जबरन थोपें, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है, जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें। सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को भारत रत्न से भी नवाजा गया था। सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले को देश की पहली महिला शिक्षक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने लड़कियों की शिक्षा में अहम योगदान दिया था। विकास रामलवास ने सभी बच्चों व अध्यापकों को इस सफल कार्यक्रम के लिए सब का धन्यवाद किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस गरिमामय समारोह के शुभ अवसर पर नितिन चेयरमैन, विकास रामलवास, देवेंद्र बैरावास, कृष्ण सैनी, सुनीता राव, शीतल, मनोज कुमार व सोनम आदि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मंत्री आंजना ने ग्राम पंचायत मरजीवी में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**निम्बाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के सहकारिता एवं इन्दिरा गांधी नहर परियोजना मंत्री उदयलाल आंजना के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत मरजीवी में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। निम्बाहेड़ा उपखण्ड क्षेत्र की समीपवर्ती ग्राम पंचायत मरजीवी में स्थित स्थानीय राजकीय उच्च विधालय में राजस्थान सरकार के सहकारिता एवं इन्दिरा गांधी नहर परियोजना मंत्री उदयलाल आंजना के मुख्य आतिथ्य में नवनिर्मित कक्षा -कक्ष व अटल टिकरिंग लैब का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मंत्री आंजना को 15 किलो वजनी माला पहनाकर व साफा बांधकर एवं मंचासीन अतिथियों का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर मंत्री आंजना द्वारा मरजीवी ग्रामवासियों को विभिन्न क्षेत्र में विकास कार्यो का निर्माण कार्य करवाकर जिसमें सिंचाई विभाग में मरजीवी एनीकट, खेडा कट्टा बाउजी एनीकट, शोभावली एनिकट ,ग्राम पंचायत मरजीवी में शमशान में सीसी रोड कार्य, दो जीएलआर टंकी, मरजीवी एवं रिछमाता, शोभावली में सीसी रोड,भेरूखेड़ा में सीसी रोड, खारा में सीसी रोड़, नायक मोहल्ला में सीसी रोड़, सामुदायिक भवन खेड़ा जदीद एस.टी., एस.सी., विधुत विभाग में पॉवर ट्रांसफार्मर मरजीवी जी.एस.एस, पॉवर ट्रांसफार्मर शोभावली जीएसएस, सार्वजीनिक निर्माण विभाग भेरू खेड़ा डामरीकरण रोड़, चिकित्सा विभाग में वेलनेस सेन्टर मरजीवी , वेलनेस सेन्टर, खेड़ा जदीद (नयाखेड़ा) आदि महत्वपूर्ण कार्यो कि ग्रामवासियों को सौगात देकर उन विकास कार्यो का मंत्री आंजना द्वारा शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तमलाल झंवर, कपासन पचायत समिति प्रधान भैरूलाल जाट, नगर पालिका अध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा, पूर्व प्रधान एवं महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी गोपाललाल आंजना, पालिका उपाध्यक्ष परवेज अहमद उर्फ शिब्बी, पचायत समिति सदस्य पिकेश जैन, जिला एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोहर सिंह मीणा, विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत आंजना, विकास अधिकरी कुशलेश्वर सिंह, सरपंच डला किशनपुरा बाबुलाल धाकड़, उपसरपंच उदयलाल भील, फलवा सरपंच भोपराज टांक, सरपंच ढोरिया रमेश धाकड़, फाचर अहिरान सरपंच विक्रम अहिर, मांगरोल सरपंच गोपाल रूल, बाडी सरपंच गोपाल रेगर, पूर्व सरपंच मरजीवी रामलाल आंजना, पूर्व उपसरपंच डला दिनेश धाकड़, पूर्व सरपंच बडोली घाटा वेणीराम जाट, पूर्व सरपंच कारूण्ड गोपाल जाट, बरडा सरपंच प्रतिनिधि निर्भयराम रेगर, सरपंच प्रतिनिधि गादोला देवीलाल रावत, रानीखेड़ा सरपंच प्रतिनिधि श्यामलाल जाट सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागो के अधिकारीगण सहित क्षैत्र के बडी सख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# युवा पत्रकार अविनाश गौड़ की स्मृति में किया पौधरोपण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** शहीद पत्रकार स्व.अविनाश गौड़ की पावन स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर मित्र बंधुओं, सहकर्मियों द्वारा अविनाश गौड़ चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में व्यक्तिशः पौधारोपण के साथ स्मरण किया गया। मानसरोवर में वार्ड-85 में शिप्रापथ पर आक्सीजन हब बनाने के प्रकल्प में दिवंगत पत्रकार की स्मृति में योगदान स्वरूप व्यक्तिशः व अलग अलग स्थान पर 10-15 फुट ऊंचे एक व्यक्ति एक पेड़.. व्यक्तिशः पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ वरिष्ठ पत्रकार विजय बहादुर गौड़,श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष हरीश गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार मिथलेश जैमिनी, वार्ड-पार्षद हरिओम स्वर्णकार, जनजागृति समिति अध्यक्ष नीलम गौड़,119 समिति विकास समिति पदाधिकारीगण गुरजीत सिंह चावला, महेश गुप्ता, रामबाबू शर्मा, श्री ब्राह्मण समाज के सीता राम जोशी,लोकमंच मानसरोवर अध्यक्ष नीरज पांथरी, संस्थापक लोकेश कुमार, लाला, अरुण, प्रशांत सहित गणमान्य नागरिकों ने व्यक्तिशः पौधारोपण कर श्रध्दांजली दी। संघन वृक्षारोपण हेतु पौधे वार्ड-85 पार्षद हरिओम स्वर्णकार द्वारा उपलब्ध कराए गए । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हरीश गुप्ता ने कहा कि पत्रकार अविनाश गौड़ उनके दिल का टुकड़ा था और उसका संघर्ष उसका योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश जेमिनी ने कहा कि अविनाश गौड़ छोटी सी उम्र में हम सब को छोड़ कर चले गए थे लेकिन छोटी सी उम्र में बड़ा काम ने उन्होंने कर दिखाया था। उनकी माता नीलम गौड़ ने कहा कि उनका पुत्र श्री गंगानगर में अपराधियों के विरुद्ध कलम चलाता हुआ शहीद हो गया था। इस अवसर पर सब ने 2 मिनट मौन रखकर उनको याद भी किया। संस्था की ओर से नीम तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा आदि का वितरण भी लोगों में किया जाएगा।

# बॉस्केटबॉल व रोलर स्केटींग टीम ने जीते स्वर्ण पदक



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर।** एम्योचर फेडरेशन रोलर बॉस्केटबॉल इण्डिया के तत्वाधान मे बीते दिनों माउट लिस्ट्रा पब्लिक स्कूल आगरा,(यूपी) मे ऑल इण्डिया रोलर बॉस्केटबॉल व रोलर स्पीड स्केटीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे राजस्थान सब-जूनियर रोलर बॉस्केटबॉल की बालक व बालिका टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। राजस्थान रोलर बॉस्केटबॉल संघ महासचिव दिनेश शर्मा ने बताया की बालक टीम ने फाइनल मैच मे हरियाणा टीम को 6-1 बॉस्केट के अंक से हरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जिसमे कप्तान दक्षराज व जैविक धान ने 2 - 2 अंक व अंश शर्मा और हर्ष कोठारी ने 1-1 अंक बनाए। बालिका टीम ने फाइनल मैच मे मध्यप्रदेश टीम को 3-1 अंक से हरा कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विजेता खिलाडी इस प्रकार है- बालक टीमः- कप्तान दक्षराज चौरसिया, जैविक धान, गौतम, हर्ष कोठारी, अंश शर्मा, रिद्यम सदहल, नेचिकित गर्ग, अश, गगन, आर्यन गर्ग, लक्ष्यदीप सिद्धू, वंश अरोडा, सार्थक वासवानी। बालिका टीमः-आंचल जांगिड, परिधि टांक, स्वस्ति चौरसिया, सोनू रावत, सपना रावत, नन्दनी चौधरी, उमा गौड, भावना। टीम कोच मैनेजर- दिनेश शर्मा, खुशी। इसी के साथ निम्न खिलाडियो ने रोलर स्पीड स्केटीग की प्रतियोगिता मे भी हिस्सा लिया जिसमे स्वर्ण, रजत, व कास्य पदक प्राप्त किए। 300 व 500 मीटर रेस मे स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाडीः- स्वस्ति चौरसिया, वंश अरोड़ा, कार्तिक लाम्बा, दिव्याशु चौधरी, दक्ष राज चौरसिया, जैविक धान, हर्ष कोठारी। 300 व 500 मीटर रेस मे रजत पदक प्राप्त खिलाडीः- कुशाग्र जैन, अंश शर्मा, 300 व 500 मीटर रेस मे कास्य पदक प्राप्त खिलाडीः- सपना रावत, रिद्यम सदहल।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथी पूर्व पीसीसी मेम्बर व कांग्रेस प्रत्याशी हेमन्त भाटी ने विजेता खिलाडियो को पदक पहनाकर स्वागत किया व हेमन्त भाटी ने प्रत्येक खिलाडियो से अलग अलग बात की जिसमे खिलाडियो ने बताया कि हम पिछले पांच सालो से रोलर बॉस्कबॉल व दस साल से अधिक समय से रोलर स्केटीग व रोल बॉल खेलते हुए अजमेर शहर का विभिन्न प्रतियोगितो के द्वारा पदक प्राप्त कर अजमेर का नाम रोशन कर रहे है परन्तु आज तक अजमेर शहर मे रोल बॉल, रोलर स्केटीग का खेल मैदान अजमेर मे नही बना जिससे खिलाडियो को रोड पर ही अपनी प्रेक्टीस करनी होती है जिससे कई बार खिलाडी चोटील होते रहते है। इस पर हेमन्त भाटी ने खिलाडियो का आश्वत किया की वे बात उच्च अधिकारीयो तक पहुचाएंगे जिससे इस खेल का मैदान खिलाडियो का जल्द से जल्द स्मार्ट सिटी मे बन सके। इस मौके पर अन्तराष्ट्रीय रोल बॉल स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाडि किशोर कुमार मारोठियॉ व अभिभावक गण भी मौजूद थे।

### राजस्थान में 9 व 10 को अति भारी बारिश, 5 दिन का यलो अलर्ट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में मानसून की सक्रियता के मंगलवार से फिर बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र का असर कुछ घंटे के भीतर पूर्वी राजस्थान पर दिखाई देगा। इसे देखते हुए राजस्थान में 9 व 10 सितंबर को अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा 11 सितंबर तक भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का मानना है कि इस दौरान राजस्थान के कुछ जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज होगी। उधर, पश्चिमी राजस्थान के पाली और नागौर जिले में 9 से 11 सितंबर तक यलो अलर्ट जारी किया गया है।मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार मंगलवार को उदयपुर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश होगी। जबकि पश्चिमी राजस्थान के लिए कोई अलर्ट जार नहीं किया गया है। इसी प्रकार 8 सितंबर को उदयपुर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, सिरोही, झालावाड़ जिले में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जबकि पश्चिमी राजस्थान में कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। 9 सितंबर को उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिले में कहीं-कहीं अति भारी बारिश होगी। कोटा, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही जिले में भारी की बारिश होगी। जबकि पश्चिमी राजस्थान में नागौर व पाली जिले में मध्यम दर्जे की बारिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार 10 सितंबर को उदयपुर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा में कहीं-कहीं अति भारी बारिश होगी। बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, प्रतापगढ़, सिरोही में भारी बारिश होगी। उधर, पश्चिमी राजस्थान में पाली व जालौर जिले में मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

# जागरूक खबरें

## ऑनलाइन 'शिक्षक दिवस साहित्यिक महोत्सव' आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन "शिक्षक दिवस साहित्यिक महोत्सव" का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'परम आदरणीय शिक्षक' रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा शिक्षकों को समर्पित तथा शिक्षा देने वाली रचनाओं को प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपने आदर भाव को प्रकट किया। इस महोत्सव में चंचल जैन (मुंबई, महाराष्ट्र), ममता सिंह "अनिका" (बरेली, उत्तर प्रदेश) तथा संध्या शर्मा (मोहाली, पंजाब) की रचनाओं ने सभी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन "पुनीत शिक्षक श्रेष्ठ" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम निर्मला कर्ण, मुकेश बिस्सा, दीप्ति श्रीवास्तव खरे, कुसुम अशोक सुराणा, चंचल जैन, डॉ. उमा सिंह बघेल, कैलाश उप्रेती "कोमल", डॉ. ऋतु नागर, संध्या शर्मा, वाणी कर्ण, गरिमा, ममता सिंह "अनिका", प्रतिभा तिवारी, मीता लुनिवाल, सुनीता सिंह सरोवर रचनाकारों के रहे।

## पर्यावरण मित्रो का हुआ सम्मान



**चौम @ जागरूक जनता।** ट्री ग्रुप संस्थान इंडिया एवं अपना संस्थान जयपुर द्वारा होटल पार्क एवन्यु मे पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक के. के. भारद्वाज ने बताया की संस्थान द्वारा पूरे देश मे पर्यावरण संरक्षण के काम करने वाले पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान हर वर्ष करती है। राजस्थान से पेंतीस एवं अन्य राज्यों से पचीस लोगो का प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सह आयोजक अशोक कुमार शर्मा ने बताया की वृक्षारोपण, जल संरक्षण, पशु पक्षी संरक्षण से संबंधित कार्य करने वाले चेन्नई, ग्वालियर, भोपाल, भिवाड़ी सहित राजस्थान के अनेक जिलों से पर्यावरण प्रेमियों का चयन कर सात सत्रो के पूरे दिन के कार्यक्रम मे सम्मानित किया गया है। जयपुर जिले से सम्मानित अंजनी कुमार शर्मा ने अपने सम्मान का श्रेय वृक्षारोपण मे तन मन और धन सहयोग करने वाले सभी लोगो को दिया है।

## शिवलिंगो का भर्तरी धाम में किया विसर्जन



**चौमूं @ जागरूक जनता।** ब्राह्मण समाज जयपुर जिला देहात के तत्वावधान में मोरिजा रोड कागलिया वाले बालाजी मंदिर,चौमूँ में सामूहिक 31 जोड़ों के द्वारा हुए सामूहिक पार्थिव शिव रुद्राभिषेक के शिवलिंगो का विसर्जन भर्तरी धाम, अलवर में जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने आचार्य पं रामस्वरूप शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बहते हुए पानी में शिवलिंगो का विसर्जन किया तथा भोलेनाथ से क्षेत्र की कोरोना वैश्विक महामारी से मुक्ति व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की इस दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, तहसील संगठन मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

गोविंदगढ़ पंचायत समिति

# भाजपा के रामस्वरूप बने प्रधान

### विधायक रामलाल शर्मा की चाणक्य नीति से बना प्रधान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**चोमू @ सुशील अग्रवाल।** गोविंदगढ़ पंचायत समिति मै प्रधान पद पर भाजपा ने कब्जा लिया है। प्रधान पद के लिए गोविंदगढ़ पंचायत समिति में आज हुए मतदान में भाजपा रामस्वरुप यादव को 16 मत प्राप्त हुए वही कांग्रेस कैलाश यादव को 15 मत ही प्राप्त हुए। वही चुनाव परिणाम के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। कभी भाजपा की तो कभी कांग्रेस के प्रधान बनने के कयास लगते रहे। आज भी कांग्रेस का प्रधान बनने की हवा जोर पकडे रही। मतदान के परिणाम के बाद हवाओ पर विराम लगा।

आपको बता दे कि गोविंदगढ़ पंचायत समिति में कुल 31 वार्ड है जिनमे से भाजपा ने 14 वार्डो में , कांग्रेस ने 11 वार्डो में, रालोपा ने 3 वार्डो में व निर्दलीयों ने 3 वार्डो में जीत दर्ज की। बहुमत के लिए 16 सीटों की जरूरत थी ऐसे में किसी भी पार्टी को सपष्ट बहुमत नहीं मिला था। बिना निर्दलीयों के सहयोग से जादुई आंकड़े तक पहुंचना दोनों पार्टियों मुश्किल था। भाजपा ने यह आंकड़ा दो निर्दलीयों के सहयोग से पूरा कर प्रधान के पद पर कब्ज़ा किया। गोविंदगढ़ पंचायत समिति पर कब्ज़ा कर भाजपा नगरपालिका चुनावों का हिसाब कांग्रेस से चुकता कर लिया है। वही इस जीत से भाजपा विधायक रामलाल शर्मा की साख को चार चाँद जरूर लगे है। उनकी मेहनत के चलते ही भाजपा की प्रधान गोविंदगढ़ पंचायत समिति में बन पाई है। पंचायत चुनावो में रालोपा के उतरने से अबकी बार त्रिकोणीय संघर्ष रहा। इन चुनावो में रालोपा ने दोनों ही पार्टियों को खूब पसीना बहाने पर मजबूर कर दिया।

# जिला मजिस्ट्रेट ने त्योहारों पर कोरोना गाइडलाइन का पालन करने के दिए निर्देश

### एसडीएम ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं सभी तहसीलदार सहायक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** गणेश चतुर्थी, संवत्सरी, रामदेव जयंती व तेजा दशमी, जलझूलनी एकादशी एवं अनंत चतुर्दशी पर्व त्यौहार इसी माह है।

जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा ने एक आदेश जारी कर बताया कि कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के मद्देनजर कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने हेतु अतिरिक्त त्रिस्तरीय जन अनुशासन दिशा-निर्देश 5.0 जारी किए गए हैं। जिनके अनुसार राज्य के सभी धार्मिक आयोजनों पर वर्तमान में प्रतिबंध है। इसके अतिरिक्त गृह मंत्रालय, भारत सरकार व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कोविड-19 प्रबंधन के संबंध में समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की पालना सख्ती से कराया जाना आवश्यक है। जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा ने आदेश जारी कर उक्त पर्व/त्योहारों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड 19) महामारी के मद्देनजर उक्तानुसार जारी-दिशा निर्देशों की पालना के साथ-साथ उक्त पर्व/त्योहारों पर अतिसंवेदनशील/संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं बाजारों में विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखते हुए सांप्रदायिक सद्भाव तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले के सभी उपखंड मजिस्ट्रेट को उनके कार्यक्षेत्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट को सहायक ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि आप उक्त पर्व/ त्योहारों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के मद्देनजर उक्तानुसार जारी दिशा निर्देशों की पालना के साथ-साथ सांप्रदायिक सोहार्द, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे एवं जहां भी आवश्यक समझे वीडियोग्राफी करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि आप स्वयं मुख्यालय पर उपस्थित रहे एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता की बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ें। क्षेत्र में पदस्थापित भ.अ.नि. पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी को मुख्यालय पर उपस्थित रहने हेतु पाबंद करें। क्षेत्र के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी/चौकसी लगी जावे। अपने अधीनस्थ अधिकारियों/ कर्मचारियों को जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें। किसी भी प्रकार की संभावित अप्रिय घटना को तत्काल नियंत्रित करने हेतु समुचित कार्यवाही एवं सार्थक प्रयास करते हुए सूचना पुलिस कंट्रोल रूम एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ को दी जावे। इन्हें निर्देशित किया गया है कि वे इस दौरान सतत् निगरानी रखते हुए संबंधित अधिकारियों से समन्वय एवं सामंजस्य स्थापित करते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे तथा किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी तत्काल अधोहस्ताक्षरकर्ता को देंगे। क्षेत्र में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उक्त अनुसार नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट से सामंजस्य स्थापित कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखा जाना सुनिश्चित करेंगे।

# यूईएम, जयपुर में आईईएम कोलकाता के छात्रों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमू।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, यूईएम, जयपुर ने अपने कैंपस में बीटेक इलेक्ट्रिकल विभाग के छात्रों के लिए एक पूर्व औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया । यूनिवर्सिटी डीन प्रो डॉ अनिरुद्ध मुख़र्जी ने बताया की इस प्रशिक्षण में आईईएम कोलकाता कॉलेज के 21 छात्रों ने 7 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर अनुभवी प्रोफेसरों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया।

यूनिवर्सिटी डीन ने कहा की यूईएम, जयपुर में छात्रों को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के औद्योगिक अनुभवी प्रोफेसरो द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। इस अवधि के दौरान छात्रों को विभिन्न प्रकार के विद्युत उपकरणों और औद्योगिक उपकरणों पर प्रशिक्षित किया गया,जैसे कि केबल के प्रकार, लग्स, इंसुलेशन मेगरिंग (एलटी और एचटी दोनों), एमसीबी और एमसीसीबी, एमपीसीबी, एमसीसी (डीओएल, आरईवी / फीडर के लिए चयन और मरम्मत), स्टार / डेल्टा फीडर, हाउस वायरिंग, पंखे की मरम्मत, आदि।

यहां तक कि छात्रों ने 11KV / 4331 GSS डिजाइन, इरेक्शन, सभी उपकरणों की कमीशनिंग और कुल सबस्टेशन के डिजाइन पर भी ज्ञान प्राप्त किया। यूनिवर्सिटी उपनिदेशक-परियोजना संदीप अग्रवाल ने बताया की अब यूईएम, जयपुर ने इच्छुक छात्रों को यह मूल्यवान प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना बनाई है। पॉलिटेक्निक, आईटीआई, बीटेक कॉलेज से यदि कोई तकनीकी पृष्ठभूमि वाला है, और आसानी से नौकरी प्राप्त करना चाहता है तो वे आगामी प्रशिक्षण सत्र के लिए संपर्क कर सकते हैं और स्लॉट बुक कर सकते हैं। उम्मीदवार हमारे पाठ्यक्रम समन्वयक से निम्नलिखित फोन पर संपर्क करे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने में विधायक भी आवाज उठाएंगे



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भवानीमंडी।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के झालावाड़ जिला अधिवेशन में शिरकत करते हुए विधायक कालूराम मेघवाल ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकार सुरक्षा कानून की बहुत जरूरत है। इस कानून से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। आगामी मानसून सत्र में पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने के लिए वह विधानसभा में इस मामले को उठाएंगे। साथ ही पत्रकारों के हितों के लिए वे हर कदम पर सहयोग करेंगे। अधिवेशन में जार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि पत्रकारों के हितों के सुरक्षा के लिए विधानसभा में पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू कराना पहली प्राथमिकता है। सभी जिलों के जार पदाधिकारी ने जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखे गए हैं, जिसे जल्दी ही यह कानून लागू हो सके। जार के महासचिव संजय सैनी ने कहा कि पत्रकारों के आवास, मेडिक्लेम चिकित्सा अन्य सुविधाओं को दिलाने के लिए जार कृत संकल्प है। राज्य सरकार ने आवास समस्या का समाधान करने के रियायती दर पर जमीन आवंटन के लिये नगरपालिका स्तर तक प्रावधान कर रखा है। सभी को इसका लाभ लेना चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष कुश मिश्रा, सचिव भाग सिंह ने भी पत्रकार हितों, पत्रकरिता क्षेत्र में आ रही चुनौतियों व बदलावों पर अपने विचार रखे। जार के जिला अध्यक्ष भंवरसिंह कुशवाहा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। भवानी मंडी के वरिष्ठ पत्रकार प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अशोक श्रीश्रीमाल, दिलीप जैन ने बताया कि झालावाड़ में पत्रकारों का कार्यक्रम 15-20 साल में पहली बार हुआ है। जार ने पत्रकारों को संगठित किया है। इस मौके पर झालावाड़ के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। जार अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी पत्रकारों को हीरो मोटोकॉर्प द्वारा दिए गए एन95, सजिर्कल मास्क, सेनेटाइजर केन भेंट किए गए। बारां जार जिला ईकाई के सदस्यों के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष कुश कुमार मिश्रा को सेनेटाइजर केन, एन 95 मास्क, सर्जिकल मास्क दिए।

इस अवसर पर दिलीप सोनी, जगदीश पोरवाल, यशोवर्धन शर्मा, नितेश शर्मा, सुरेश सिंह पंवार,अनीस आलम, महेश परिहार,मनोज जैन, राजेह शर्मा, मुरली टेलर, तूफान सिंह, दिलीप श्रंगी, कमल सिंह परिहार, रोमेश व्यास, लोकेश मकवाना आदि मौजूद थे।

## कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** गत सप्ताह दिल्ली में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर डिफेंस में कार्यरत युवति की बर्बरता पूर्वक हत्या करने के मामले को लेकर सोशल डेमक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शहर के कलेक्ट्रेट सर्कल पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एसडीबीआई के जिला अध्यक्ष जाहिर मदनी ने बताया, कि दिल्ली में हुए घटनाक्रम से देश के सभी लोग आहत हैं। इस प्रकार की घटनाएं निंदनीय है। शहर के कलेक्टर चौराहा पर कैंडल जलाकर मृतिका को श्रद्धांजलि दी, साथ ही उन्होंने बताया कि एसडीबीआई की नेशनल डेलिगेशन मृतका के परिवार की कानूनी मदद करने के लिए इस दिल्ली पहुंचकर इस केस को फास्ट ट्रैक अदालत में मांग कर रही है। हम सभी मृतका को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। इस दौरान महासचिव अनवर हुसैन राष्ट्रीय किसान मोर्चा के मांगीलाल सोलंकी, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद रशीद, विधानसभा सचिव जफर खान, समाज सेवी मोहम्मद इस्माइल मंसूरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांवलिया सेठ को दो दिन में 5.50 करोड़ का चढ़ावा

# दान की गिनती में अभी दो से तीन दिन और लगेंगे, पहले दिन तो गिनते-गिनते थक गए थे कर्मचारी, दूसरे दिन आधे ही मंदिर पहुंचे

### श्रीसांवलिया जी में दूसरे दिन भी नोटों की गिनती जारी रही। दानपात्र से निकली 95 लाख रुपए से अधिक की राशि की गिनती कर ली गई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** प्रख्यात कृष्ण धाम श्रीसांवलिया जी मंदिर में सोमवार को अमावस्या पर भंडारे से श्रद्धालुओं के चढ़ावे की राशि की गिनती दूसरे दिन भी हुई। कर्मचारी कम थे, लेकिन भंडारे यानी दानपात्र से निकली 95 लाख रुपए से अधिक की राशि की गिनती कर ली गई। अब तक भंडारे से करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए गिने जा चुके हैं। पूरे देश में भारी मान्यता वाले इस मंदिर में लाखों भक्त आते हैं और भारी मात्रा में चढ़ावा चढ़ाते हैं। इसमें न केवल कैश होता है, बल्कि सोने-चांदी के जेवर से लेकर सोने-चांदी के बर्तन, नारियल और अनगिनत तरह की सामग्री शामिल होती है।मंदिर मंडल के कर्मचारियों का कहना है कि अभी भी गिनती में दो-तीन दिन और लग सकते हैं। मंदिर के चढ़ावे की गिनती के दूसरे दिन 95 लाख 9 हजार 500 रुपए की गिने गए हैं। इसे मिलाकर अब तक भंडारे से कुल 5 करोड़ 48 लाख 57 हजार 500 की राशि प्राप्त हो चुकी है। गिनती के कारण सोमवार को भी मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन बन्द रखे गए।

### राजभोग की आरती के बाद खोला था भंडारा

रविवार को कृष्ण चतुर्दशी पर राजभोग आरती के बाद भंडार खोला गया था। रविवार को पहले दिन भंडार से निकाले गए 4 करोड़ 53 लाख 48 हजार रुपए की गिनती हुई। शेष राशि और सिक्कों की गिनती बाकी थी, जिनकी गिनती सोमवार को की गई।

### आज खुले भक्तों के लिए दर्शन

मंदिर मंडल के अनुसार इन दोनों दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बहुत रहती है, लेकिन गिनती के कारण मंदिर के पट भक्तों के लिए बंद रखे गए। कृष्ण चतुर्दशी पर हर वर्ष मेला भरता है, लेकिन इस बार भी कोरोना के कारण मेले को स्थगित रखा गया। मंदिर के पट मंगलवार को खुजने के बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### कर्मचारियों के कम होने से कम हुई गिनती

मंदिर में रविवार को नोटों की गिनती के समय कर्मचारी भी लगभग 120 थे, लेकिन सोमवार को घटकर 50-60 रह गए। इसलिए कम राशि की गिनती हो सकी। दूसरे दिन सिर्फ 95 लाख 9 हजार 500 रुपए की गिनती की गई। जबकि बाकी छोटे नोटों की गिनती करने में अब भी दो-तीन दिन लगेंगे। बताया जा रहा है कि करीब 1.5 करोड़ के नोट अब भी बाकी है। कार्यालय में नगद और मनीऑर्डर से 72 लाख 71 हजार 149 रुपए भेंट में आए।

# कुसुम बहिन ने किया जार प्रदेश टीम का स्वागत



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भवानी मंडी जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार के झालावाड़ जिला अधिवेश में आए जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष कुश कुमार मिश्रा, महासचिव संजय सैनी, सचिव भाग सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक श्री श्री माल, जिलाध्यक्ष भवँर सिंह कुशवाहा, तूफान सिंह,हेमंत जायसवाल व लोकेश मकवाना आदि जार के पदाधिकारियों का भवानी मंडी आदित्य विहार कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पर कुसुम बहिन ने स्वागत किया। इस अवसर जार राजस्थान के प्रतिनिधियों को गुलदस्ते भेंटकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला जाग्रति मिशन की अध्यक्ष संगीता जैन ने संचालन किया। इस अवसर पर जार पदाधिकारियों ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम में सुरेश जैन, पार्षद राजकुमार गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, मीता आहूजा आदि कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

ANCHOR | मिसाल

# घर से मिलने वाली पॉकेट मनी से सिद्धार्थ सोनी ज़रूरतमंद बच्चों की मदद करते है

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** आज हम आपको राजस्थान के उदयपुर स्थित एक ऐसे युवाओं के समूह के बारे में बताने जा रहे हैं जो घर से मिलने वाली पॉकेट मनी और दोस्तों, परिचितों से मदद मांगकर उन बच्चों के चेहरों पर खुशियां बिखेरने का काम कर रहे हैं जिनको स्कूल में घर की ओर से ऐसी सुविधाएं नहीं मिल पाती है।सिद्धार्थ सोनी जो सिद्धम संस्थान के संस्थापक है, सिद्धम संस्थान उदयपुर में गेर सरकारी संगठन है।

सिद्धम संस्थान मिलकर बना है, सिद्धार्थ सोनी, भरत बोराणा, करिश्मा सोनी, आदित्य शर्मा, विक्रम तंवर,शालिनी सिसोदिया,अभिजीत सिंह, नरेन्द्र सिंह नरुका, गौरव वर्मा, प्रद्युम्न सिंह और गजेन्द्र सिंह, जैसे लोगो से। सिद्धम संस्थान के सिद्धार्थ सोनी ने शुरुआत आज से करीब 4 साल पहले सुखाड़िया विवि के आर्ट्स कॉलेज से हुई थी। उस समय इन सबकी उम्र 22 से 24 की रही होगी और उस समय से ही सिद्धार्थ सोनी की टीम ने पॉकेट मनी एकत्र कर जरूरतमंद बच्चों तक बैग, शूज, स्टेशनरी आदि पहुंचाना शुरू कर दिया था।

सिद्धार्थ सोनी और युवाओं ने इतनी कम उम्र में समाज के उन वर्गों के लिए कुछ कर गुजरने का ज़िम्मा उठाना जो अपनी ज़रूरतों की भरपाई खुद नहीं कर पाते है, अपने आप में ही काबिल-ए-तारीफ़ काम है। सिद्धार्थ सोनी और सिद्धम संस्थान की टीम से अब शहर के युवा भी जुड़ रहे हैं, साथ ही शहर के कुछ लोग भी मदद के लिए आगे आने लगे हैं। सिद्धम संस्थान ने अब अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया है।

### कैसे काम करते है ये?

सिद्धार्थ सोनी और सिद्धम संस्थान की टीम मिलकर हर महीने 500-500 रुपये जमा करते हैं, जो कि सबको देने होते हैं, हालांकि कोई ज्यादा देता है तो कभी कोई नहीं भी दे पाता है। उसके बाद ये सभी मेंबर्स अपनी इच्छा से इन 500 रुपयों के आलावा और रुपयें भी डाल सकते हैं। इन रुपयों से ये लोग ग़रीब-बेसहारा, सरकारी स्कूलों, कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ-साथ अन्य ज़रुरतमंदों बच्चों में स्टेश्नरी, जूते, खाने की चीज़ें खरीद कर बाँटी जाती है। सिद्धार्थ सोनी ने बताया इस काम को ये पिछले 4 साल से कर रहे है। हालांकि इस सत्र स्कूल से ज्यादा मांग को देखते हुए टीम ने क्राउड फंडिंग का भी सहारा लिया है। एक स्कूल से शुरू हुआ उनका यह काम आज 8 स्कूलों तक जा पहुँचा है। इस साल भी टीम की ओर से करीब 700 स्वेटर, 500 जूते और स्टेशनरी बांटी जा चुकी है।

### बच्चों को पढ़ाते भी है

सिद्धार्थ सोनी ने बताया सिद्धम संस्थान के मेंबर्स खेल के माध्यम से इन बच्चों को पढ़ते भी है। ढीकली स्कूल से इस काम की शुरुआत की थी। इस दौरान न सिर्फ़ पढाया जाता है बल्कि साफ़ रहना और खेल खेलने के महत्त्व को भी बताते है। इस नए शुरू किए गए प्रोजेक्ट को अब और स्कूलों तक ले जाने की कवायद की जा रही है। अब इनकी टीम का मकसद ज्यादा स्कूलों तक पहुंचना है जिसके लिए यह फंड एकत्र कर रहे हैं। अगर आप भी उनकी इस मुहिम में जुड़ना चाहते हो या किसी प्रकार की मदद करना चाहते हो तो 9649057572 या सिद्धार्थ सोनी 7742212984 पर कॉल कर सकते हैं।

### क्राउड फंडिंग भी करती है टीम

सिद्धम संस्थान पॉकेट मनी के अलावा क्राउड फंडिंग का भी सहारा लेती है। इसमें ये लोग शहर के लोगों से अपील करते हैं और उनसे इच्छानुसार राशि लेते हैं। कम से कम ग्यारह रुपयों का डोनेशन आप कर सकते हैं। आप ऊपर दिए नम्बर पर बात करके फंड या वस्तु भी दान कर सकते हैं। साथ ही आप वालंटियर बनकर भी उनकी इस मुहिम में सहयोग कर सकते हैं।

## जागरूक खबरें

### नर्मदा नीर को लेकर आंदोलन जारी




**परशुराम सेवा समिति ने एसडीएम के तिलक व स्वस्तिवाचन कर सौपा ज्ञापन**

**भीनमाल @ जागरूक जनता।** नर्मदा नीर संघर्ष समिति द्वारा नर्मदा के पानी की मांग को लेकर स्थानीय एसडीएम कार्यालय के समक्ष आयोजित बेमियादी धरना प्रदर्शन ओर पीएम व सीएम के नाम हस्ताक्षर अभियान के 23 वे दिन मंगलवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान परशुराम सेवा समिति (श्रीमाली ब्राह्मण समाज) भीनमाल द्वारा धरना देकर ज्ञापन सौंपा गया। परशुराम सेवा समिति अध्यक्ष महेश बोहरा के नेतृत्व में पीएम व सीएम के नाम तहसीलदार रामसिंह राव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पेयजल संकट से निजात दिलवाने के लिए वर्ष 2013 से लंबित नर्मदा परियोजना ईआर प्रोजेक्ट का कार्य इसी वर्ष पूर्ण करवाकर नर्मदा का पानी उपलब्ध करवाया जाए।इससे पूर्व ढोल नगाड़ों के साथ मांगो के समर्थन में नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर महेश ठाकुर, निलेश दवे, शेखर व्यास, हिंतेश ठाकुर, धीरज बोहरा, श्यामशुन्दर दवे, मयुर बोहरा, दिपक त्रिवेदी, अरविंद बोहरा, कैलाश बोहरा, मुकेश बोहरा, दामोदर, सुरेश बोहरा, कुलदीप ओझा, सुभाष बोहरा, लेखराज त्रिवेदी, दिनेश ठाकुर, महेश दवे, चन्द्रशेखर ओझा, शैलेष दवे, अंकित बोहरा, दिनेश बोहरा, संकेत बोहरा, कल्पेश ओझा, मनीष ठाकुर सहित बडी संख्या मे परशुराम सेवा समिति के सदस्य मौजूद थे।रैली के दौरान युवाओं के हाथों में मांगो को लेकर नारो से लिखी तख्तियां थामी हुई थी। इधर धरना प्रदर्शन के 23 वे दिन सरकार व प्रसाशन की आंखे नही खुलने ओर धरने को हल्के में आंकने से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के वाशिन्दों में दिनों दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है।यदि यही स्थिति रही तो आंदोलन बड़ा रूप धारण कर सकता हैं।

### ब्राह्मण समाज द्वारा किया गया पार्थिव महा रुद्राभिषेक संपन्न



**चौमू @ जागरूक जनता।** समाज राजस्थान जयपुर जिला देहात द्वारा आयोजित पार्थिव महा रुद्राभिषेक एवं महाआरती कार्यर्क म कागलिया वाले बालाजी मंदिर, मोरीजा रोड, चौमू पर श्री श्री 108 श्री गिरधारी दास जी महाराज के सानिध्य में व कर्नल बजरंग सिंह के मुख्य आतिथ्य में आचार्य पंडित छोटी लाल शर्मा ने 21 विद्वानों द्वारा संपन्न करवाया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर शाल व राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से क्षेत्र की सुरक्षा व देश की खुशहाली के लिए किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला प्रभारी अशोक आचार्य, जिला संरक्षक पंडित रविंद्र आचार्य, जिला संगठन मंत्री पं. रामस्वरूप शर्मा, कार्यकारी सदस्य नरेंद्र कुमार शर्मा, तहसील उपाध्यक्ष डॉ रामप्रकाश शर्मा, तहसील महासचिव भवानी शंकर शर्मा, डॉ सीताराम कुमावत, सुनीता शर्मा, देनम चतुर्वेदी, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, एडवोकेट मुकेश शर्मा चोमू नगर अध्यक्ष आशा शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**पीपाड़ पंचायत चुनाव परिणाम 2021 : कांग्रेस ने लहराया परचम**

# 25 वर्षीय सोनिया चौधरी बनी प्रधान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**पीपाड़ शहर।** राज्य के 6 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए हुए तीन चरणों के चुनाव के सभी परिणाम सामने आ गए हैं। सुबह से ही थानाधिकारी बाबूलाल राणा ने पुरे परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दूसरे घर में कांग्रेस पार्टी को बंधा जीत का सेहरा पीपाड़ सिटी पंचायत समिति में सोनिया जयंत चौधरी बनी प्रधान जिसमें कांग्रेस को मिले 13 मत बीजेपी के भीयाराम विश्नोई को मिले 10 मत। जिसमें वोटिंग के बाद रिटर्निंग अधिकारी दुदाराम हुड्डा ने प्रधान सोनिया चौधरी को विजय घोषित किया।

इस मौके पर प्रधान सोनिया चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जागरूक जनता के साक्षात्कार में कहा कि उनके द्वारा किए गये वादो पर और पार्टी के वादो पर वह खरा उतरेगी और युवाओ के लिए खेल मैदान, स्वच्छ भारत, शिक्षा, शौचालय, मीठे पानी, पक्की सड़के व किसानो के हित में काम करेगी और एक आदर्श पंचायत समिती के तौर पर जनता की उम्मीदो पर खरा उतरेगी।पंचायत चुनाव में गांवों की नई सरकार बनने के बाद खुशी का माहौल है। सोमवार को सोनिया के प्रधान बनने के बाद समर्थकों ने जमकर गुलाल उड़ाया,व अतिशबाजी कर घर तक जश्न मनाया गया। युवा वर्ग डीजे पर नाचते-गाते हुए खुशियां मनाते हुए दिखाई दिए। पार्टी कार्यकर्ताओ और परिवार के सदस्यो ने लड्डू बांटकर एक दूसरे के साथ खुशी जाहिर की। वहीं सोमवार को भी दिनभर गांवों में जश्न का माहौल रहा, प्रधान बनने पर लोगों का परिवार के सदस्यों का बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

#### सफल बिजनेस वीमन अब राजनीति में

**प्रधान** सोनिया चौधरी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खास पाली के पुर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ की पौत्री है और वर्तमान पीपाड़ शहर सरपंच संघ की अध्यक्ष व खारिया खंगार की सरपंच प्रमिला चौधरी की पुत्र वधू है इन्होंने शिक्षा के अन्दर इन्जीनियरिंग कर रखी है और एक बिजनेस वीमन भी है यह राजनीति में इनका पहला कदम है। मात्र 25 वर्ष की है प्रधान सोनिया। इन्होंने वार्ड 16 साथीन से चुनाव लड़ा वर्तमान निवास खारिया खंगार है।

#### भड़ियार व मुण्डेल पर भारी पड़ी महिला शक्ति

**कांग्रेस** की ओर से गोवर्धन राम भड़ियार व पूर्व उपजिला प्रमुख हीरालाल मुंडेल प्रधान की दौड़ में प्रमुख दावेदार थे। लेकिन उनको प्रधान का टिकट नहीं मिला। बाड़े बंदी में भी साथ में नही गये और वोटिंग के दौरान दोनो अलग-अलग अकेले ही आए।

# एयू बैंक का दो दिवसीय लोन मेला आयोजित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक की और से दो दिवसीय लोन मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत अंबेडकर सर्किल स्थित शाखा पीपाड़ शहर में बीते दिनों दो दिवसीय लोन मेले का आयोजन होगा। जिसमें ए यू बैंक मैनेजर सुनील शर्मा ने बताया कि ए यू बैंक लोन मेल जिसमें टु व्हीलर, कार, ट्रेक्टर, पिकअप ओर अन्य सभी प्रकार के नए ओर पुराने वाहन, मकान लोन, व्यवसायिक लोन, मॉर्गेज लोन आकर्षक ब्याज ओर कम प्रोसेसिंग फीस के साथ उपलब्ध होंगे साथ ही एयू बैंक की विभिन्न स्कीमों के बारे में अवगत कराया। इस योजना के अंतर्गत ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा साथ ही उक्त ग्राहकों को बैंक की अन्य सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। इस अवसर परप्रवीण सिंह, वसीम अकरम, अभय गौड़, भुर सिंह, नरपत सिंह, मोहम्मद आसिफ, विकास आर्य, चन्दन सिंह, विकास चन्द्र, अशोक बर्फा, हितेश पुरोहित, रामकिशोर टाक, रोहित, अरविंद सिंह, एल एम जे पीपाड़ मैनेजर दीपक शर्मा, थाना राम देवड़ा, धनराज मुंडेल जवासिया एवं अन्य अतिथि गण उपस्तिथ थे । सभी अतिथियो ने प्रबंधक सुनील शर्मा सहित बैंक स्टाफ को धन्यवाद दिया और कहा कि बैंक द्वारा ग्राहकों को कई प्रकार के लोन की सुविधाएं दी जा रही है जिससे ग्राहकों को फायदा होगा सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा।

# गंभीरी नदी: नगरपरिषद ने निभाई अपनी जिम्मेदारी, सफाई शुरू



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** मंगलवार को नगर परिषद की टीम ने गंभीरी नदी की सफ़ाई का कार्य आखिर शुरू कर दिया। जोकि के महीनों से अपनी सफ़ाई की बाट जो रही थी। लेकिन नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा आंखे मूंद रखी रखी। शहर के बीचोबीच से गुजरने वाली गम्भीरी नदी की पुलिया से प्रशासन के कई अधिकारी भी आयेदिन गुजरते है। और इसमें फ़ैली गंदगी को दूर से ही देख जा सकता है, लेकिन बहुत देर बाद इसकी सफ़ाई की याद आयी। आयुक्त रिंकल गुप्ता ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस वर्ष वर्षा ॠतु कम होने से शहर की गंगा कहे जाने वाली गंभीरी नदी की सतह पर कांजी एवं जलकुंभी जमा हो गई थी। इसको लेकर सभापति संदीप शर्मा ने निर्देश जारी कर गंभीरी नदी के सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर आगामी 1 सप्ताह में समाप्त किए जाने के निर्देश दिए थे। उसी के अनुपालन में मंगलवार परिषद की टीम गंभीरी नदी पर पहुंची गंभीरी नदी में पांच नावे एवं 40 श्रमिक लगाकर गंभीरी नदी से महाराणा प्रताप सेतु मार्ग की ओर जमा जलकुंभी एवं कांजी को साफ किए जाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया परिषद द्वारा गंभीरी पुलिया के सड़क मार्ग पर भी आ रहे झाड झंकार को साफ किए जाने की कार्रवाई की जा रही है इसका सभापति संदीप शर्मा ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया एवं तकनीकी अधिकारियों को कार्य पूर्ण सुरक्षा के तय मापदंडों के अनुसार शीघ्र समाप्त किए जाने के निर्देश दिए।

### शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत शिक्षाविदों का किया सम्मान



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) द्वारा कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कांसली स्थित श्री हिरोड़ा हनुमान मंदिर परिसर में सेवानिवृत शिक्षाविदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर संगठन की ओर से सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार यादव व बृजभूषण कौशिक एवं पूर्व सीबीईओ सुभाष चंद शर्मा का माला व साफा पहनाकर एवं बैग भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने निष्ठापूर्ण कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में पूर्ण समर्पण का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक प्रधानाध्यापक हरिपाल यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्रीराम लहकरा, संरक्षक सुभाष चंद शर्मा व पुष्कर मल रावत, एसीबीईओ अनिल यादव, उप कोषाधिकारी रामेश्वर प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष रूपचंद सैनी, दयाराम चौरडिया, आरपी शार्दुल सिंह यादव, आरपी राजेन्द्र प्रसाद सैनी, सोहन लाल यादव, दीनदयाल यादव,अरविन्द यादव आदि मौजूद रहे।

## अग्रवाल सम्मेलन ने किया शिक्षकों का सम्मान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सादुलपुर।** अन्तरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलनमें शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने किया। अंतरराष्ट्रीय संयोजक अजयकांत गर्ग ने प्रभावशाली वक्तव्य दिया और शिक्षकों के महत्व को बतकाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. फाल्गुनी रहे। दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सपना बंसल ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर वंदना से किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ-साथ कुछ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शामिल की गई। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय अग्रवावल सम्मेलन के अन्तरराष्ट्रीय सचिव प्रदीप सराफ, अंतरराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गणेश भारतीय अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष मीना गोयल, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी मनीषा मित्तल, सदस्यता वृद्धि अभियान की राष्ट्रीय संयोजक आरती रामगढ़िया और मैसूर जिला इकाई की अध्यक्ष अंशु अग्रवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में चेन्नई अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**संसदीय क्षेत्र में रेल एवं संचार विषयों पर चर्चा**

# सांसद जोशी की केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़/ नई दिल्ली।** चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रोनिक्स एवं सुचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ भेट के दौरान संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ की रेलवे एवं संचार से संबधीत विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

सांसद प्रवक्ता रघु शर्मा ने बताया की जोशी ने केन्द्रीय रेल, संचार तथा इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से संसदीय क्षेत्र में नवीन स्वीकृत बड़ीसादड़ी -नीमच रेलमार्ग के कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुये इस कार्य की गति को बढाने का आग्रह किया इसके साथ ही प्रस्तावित दिल्ली-मुम्बई बुलेट ट्रेन जो कि संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ से होकर गुजरनी प्रस्तावित है को लेकर चर्चा की। इस त्वरित रेल सेवा का लाभ उदयपुर-चित्तौड़गढ़ समेत आस-पास के क्षेत्र वासियो को देश की राजधानी दिल्ली एवं आर्थिक राजधानी मुम्बई को जाने हेतु सभी वर्गो को लाभ मिलेगा।

इसके साथ ही सांसद जोशी के प्रयासों से पुर्व में महाराणा प्रताप एवं झाला मन्ना पर डाक टिकिट जारी हो चुका हैं तथा वर्तमान में मेवाड़ के वीर शिरोमणी राव जयमल राठौड़ पर स्वीकृत हुए डाक टिकिट के 17 सितम्बर को विमोचन कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की तथा डाक टिकिट की स्वीकृती के लिए धन्यवाद दिया। इसके साथ ही सांसद जोशी ने दशम अवतार भगवान परशुराम जी पर डाक टिकट जारी करने के संबंध संचार मंत्री को बताया की 'कृण्वन्तो विष्वमार्यम' का घोष दसो दिगन्त में गूंजाने वाले महाऋषि जामदास्य श्री परशुराम जी का जन्म दिवस अक्षय तृतीया को हुआ।

सारस्वत क्षेत्र, कुंभा (काबुल), आदिस्थान (अफगानिस्तान), वाल्मिकी, कष्यप देष (कष्मीर), मुजारत (हिन्दुकुष), गिरीद्वार (खैबर), बल्ज, कपिषा, कंदहार (गान्धार), परशुपुर (पेषावर), रूसरू (रूस), आटवक (अटक), बृद्धग (बिलोचिस्तान), आर्याना (ईरान), शाकद्वरप (षकस्थान), वर्णु (बन्नु), बृजिस्थान (वजीराबाद), पार्थिया (खुराषान), परसुदेष (पर्षिया फारस) एवं कश्यप सागर (केस्पियन सागर) आदि दुर्गन क्षेत्रो में स्वयं जाकर आर्य-अनार्य जनो का राजनितिक -सांस्कृतिक एकीकरण कर 'कृण्वन्तो विष्वमार्यम' मंत्र को सिद्ध किया। जामदस्य परशुराम ने अनेक शास्त्रो की रचना की। शास्त्रो के साथ ही कई ब्रह्मस्त्र, दिव्यास्त्र, रूद्रास्त्र को सिद्ध किया। पाशुपत अस्त्र, भुषुण्डी (बन्दुक), शतहनी (तोप) का आविष्कार भगवान श्री परशुराम ने किया, भगवान श्री परशुराम जी ने परवर्ती वाममार्गीय साधना का परिष्कार कर परशुराम तन्त्र विकसित किया। परशुराम सशस्त्र दृष्टि के प्रयोक्ता थे। दशरथी राम और कृष्ण की तरह जमदास्य राम ने सत्युग व त्रैता के संधिकाल में जनसाधारण एवं जनजातीयो को संगठित कर पापाचारी, उद्ण्डी, आर्य संस्कृति विनाषक हैदयराज कार्तवीर्य सहस्त्राजुन का नाश किया। परशुराम के जन्मदिन वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) से ही सतयुग अवसान व त्रैतायुग का प्रारम्भ माना जाता है। इन्ही कारणों से भगवान परशुराम जी पर डाक टिकीट जारी किये जाने का सांसद जोशी ने केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया।

**राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा कैलेंडर किया जारी**

# 6 महीने में होगी 9 प्रतियोगी परीक्षा, 50 लाख से ज्यादा अभ्यार्थी होंगे शामिल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने प्रदेश में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। जिसके तहत सितंबर 2021 से फरवरी 2022 तक राजस्थान में 9 प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेशभर के लगभग 50 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें सात परीक्षाएं इसी साल दिसंबर तक जबकि दो परीक्षाएं अगले साल फरवरी में आयोजित की जाएंगी।

वहीं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने का युवाओं ने भी स्वागत किया है। जयपुर के जयदेव शर्मा ने बताया कि पिछले लंबे समय से परीक्षाओं का शेड्यूल जारी नहीं हुआ था। जिससे अभ्यार्थी भी असमंजस की स्थिति में थे। लेकिन अब जब एक साथ 9 परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया गया है। तो अभ्यर्थी को समय रहते परीक्षा की जानकारी मिल गई है। जिससे अभ्यार्थी सही समय पर परीक्षाओं की तैयारी कर सकेगा।

- 12 सितंबर - कृषि अभियंता सिविल डिग्री संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 2020
- 18 सितंबर - कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती 2021
- 23-24 अक्टूबर - पटवार सीधी भर्ती परीक्षा 2019
- 29-30 और 31 - अक्टूबर शीघ्र लिपिक सीधी भर्ती परीक्षा 2018 (फेज 2)
- दिसंबर 2021 - संगणक भर्ती परीक्षा 2021
- दिसंबर 2021 - सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा 2021
- दिसंबर 2021 - ग्राम सेवक/ ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा (प्रारंभिक)
- फरवरी 2022 - कृषि अभियंता (कृषि अभियांत्रिकी) सीधी भर्ती परीक्षा 2021
- फरवरी 2022 - ग्राम सेवक/ ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा 2021 (मुख्य)

## गहलोत के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु किया हवन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़ /जयपुर।** राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ जिला चित्तौड़गढ़ के द्वारा जिला कलक्टर कार्यालय के बाहर ध्यानाकर्षण हेतु मुख्यमंत्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु हवन का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ शाखा चितौडगढ़ के जिलाध्यक्ष राकेष कुमार मौड़ द्वारा बताया गया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों के मांगपत्र पर सरकार के उदासीन रवैये के चलते संघर्ष की रूपरेखा तय की गई है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री महोदय को अपनी मांगों की ओर ध्यानाकर्षण हेतु जिला कलक्टर के मुख्य द्वार के बाहर मुख्यमंत्री के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना हेतु हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने भाग लिया जिसमें चन्द्रषेखर सोनी पंचायतीराज, नेपाल सिंह पशुपालन, राजेन्द्र कुमार, नायक महिला बाल विकास, इन्द्र कुमार अभय तलेसरा कृषि जिलेसिंह वन विभाग, रामेष्वर बुनकर बीमा विभाग, समरवीर सिंह जल संसाधन, दलपतसिंह भूजल, गजराज सिंह आबकारी, महावीर सिंह परिवहन सहित नीलु शर्मा किषन लाल माली राजस्व, जिलाध्यक्ष राकेष कुमार मौड़ ने सभी मंत्रालयिक कर्मचारियों के साथ हवन करते हुए मुख्यमंत्री के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना के लिए यज्ञ में पूर्णाहुति दी तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों की सभी मांगों के आदेष शीघ्र जारी करने की मांग की। आगामी 15 सितम्बर को जिले के सभी मंत्रालयिक कर्मचारी जयपुर महारैली में भाग लेंगे।

ANCHOR **कृषि कानूनों का विरोध**

# संसद सत्र की तर्ज पर जयपुर में जुटेगी 'किसान संसद'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर में देशभर के किसानों के हुए %शक्ति प्रदर्शन% के बाद अब सभी की नज़रें 15 सितंबर को जयपुर में बुलाई गई किसान संसद पर टिकी हुई हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर होने जा रही इस किसान संसद में किसान नेता राकेश टिकैत के अलावा विभिन्न राज्यों और विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। ख़ास बात ये है कि किसान संसद का आयोजन ठीक संसद सत्र की तर्ज़ पर होगा।



#### प्रश्नकाल और शून्य काल भी होगा

संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान नेता हिम्मत सिंह गुर्जर ने बताया कि जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में 15 सितंबर को बुलाई गई किसान संसद की कार्यवाही ठीक संसद सत्र की तरह चलेंगी। इसमें प्रश्न काल से लेकर शून्य काल सहित संसद की तरह विभिन्न सत्र आयोजित किये जायेंगे। फिलहाल इस एक दिवसीय आयोजन की रूपरेखा और अन्य तैयारियों पर काम किया जा रहा है।

#### सांसद की तरह पहुंचेंगे किसान प्रतिनिधि

आयोजनकर्ताओं का कहना है कि किसान संसद में शामिल होने वाले किसान प्रतिनिधि एक सांसद के रूप में जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम पहुंचेंगे। इसके लिए उनसे बाकायदा एक हाईटेक तरीके से एन्ट्रीज़ मंगाई जा रही हैं। किसान संसद में शामिल होने के लिए सभी प्रतिनिधियों से एक गूगल फॉर्म अनिवार्य रूप से भरवाया जा रहा है।

#### 'हां' पक्ष और 'ना' पक्ष भी होगा

किसान संसद में संसद की तर्ज़ पर दो लॉबी भी दिखाई देंगी। यहां 'हां' पक्ष और 'ना' पक्ष खासा आकर्षण का केंद्र रहेंगे। हालांकि संसद में पहुंचे किसान सांसदों को इन दो वर्गों में कैसे विभाजित किया जाए फिलहाल इस पर मंथन जारी है। किसान संसद के अंतिम प्रारूप को आयोजन के दिन से दो-तीन दिन पहले जारी किया जाएगा।

#### टिकैत सहित विभिन्न राज्यों से जुटेंगे किसान

किसान नेता हिम्मत सिंह गुर्जर ने बताया कि जयपुर में आयोजित हो रही किसान संसद में किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता व किसान नेता राकेश टिकैत भी मौजूद रहेंगे। उनके अलावा किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी, डॉ दर्शन पाल सिंह, बलबीर सिंह राजेवाल, जोगेंद्र सिंह उगरहा, गुजरात से पाटीदार नेता अल्पेश कठीरिया और दिनेश बामनिया सहित देश के विभिन्न राज्यों से किसान प्रतिनिधि संसद में शामिल होने के लिए यहां आएंगे। आयोजन से ठीक एक दिन पहले यानी 14 सितंबर तक सभी राज्यों से 'किसान सांसद' जयपुर पहुंच जाएंगे।

#### जनहित से जुड़े मुद्दों पर रहेगा फोकस

जानकारी के अनुसार 'किसान संसद' में प्रमुख रूप से केंद्र के तीन कृषि कानूनों के मुद्दे पर तो चर्चा होगी ही, इसके अलावा बढ़ती महंगाई और सार्वजनिक उपर्क मों के निजीकरण सहित जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मसलों पर भी चर्चा होगी। इन अभी मुद्दों पर किसान सांसद अपने पक्ष रखेंगे। एक दिनी संसद के विभिन्न सत्र करीब 8 घंटे तक चलेंगे।

#### लोगों को जागरूक करेंगे 'किसान सांसद'

किसान संसद के आखिर में संभवतया कई प्रस्ताव भी पारित किये जाएंगे। प्रस्ताव में किसान संसद की ओर से लिए गए फैसले शामिल होंगे। इस आयोजन के बाद 'किसान सांसद' गांव-गांव शहर-शहर जाकर लोगों को जागरूक करने की ज़िम्मेदारियाँ संभालेंगे। खासतौर से कृषि बिलों की खामियों को लेकर जनता के बीच जाने पर ज़ोर दिया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट का जन्मदिन



## क्षेत्र में लगाये गये 11 हजार पौधे, जगह-जगह फल व भोजन के पैकेट का किया गया वितरण

## पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर के नेतृत्व में जयपुर जाकर दी पायलट को जन्मदिन की बधाई

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का 44 वाँ जन्मदिन मंगलवार को क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस उपलक्ष्य में कांग्रेस नेता व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर के नेतृत्व में हरित राजस्थान का संदेश देते हुए विभिन्न ग्राम पंचायतों व कस्बे में 11 हजार पौधे लगाये गये।

उल्लेखनीय है कि गुर्जर ने एक पेड़-एक कार्यकर्ता अभियान चलाकर क्षेत्र में पौधों का वितरण किया था। पायलट के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता, पायलट समर्थक, पायलट फैंस व जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता निरन्तर जुटे रहे। क्षेत्र में जगह-जगह फल, भोजन पैकेट व जरूरतमंदों को कपड़े का वितरण किया गया।साथ ही विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री भी बांटी गई। उल्लेखनीय है कि पायलट के जन्मदिवस को लेकर प्रदेश भर में 10 लाख पौधे लगाने व 44 हजार युनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया था।मंगलवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में भी पायलट के जन्मदिन को लेकर बड़े ही उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा, सांगटेड़ा, खेडकी मुक्कड़, पनियाला, केशवाना, गोनेड़ा, जयसिंहपुरा, चिमनपुरा, देवता, बखराना, कल्याणपुरा खुर्द, पूतली, सुन्दरपुरा, दांतिल, नारेहड़ा, सरूण्ड, अमाई, नांगल पण्डितपुरा, चतुर्भुज सहित नगर पालिका कोटपूतली क्षेत्र में लगभग 11 हजार पौधे लगाये गये। वहीं दूसरी ओर सांवत गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ता पायलट को बधाई देने के लिए जयपुर भी पहुँचे।जहां उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी गई। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान जीवराज मुनीम, पूर्व पार्षद मनोज पायला, मुकेश गुरूजी, महेश मुक्कड़, रामसिंह पायला, सतपाल, राकेश, विजय कसाना, कमल, कृष्ण, अमरसिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बहुमत नहीं आने के बावजूद कांग्रेस ने दुगुने वोटों से बनाया प्रधान

## कोटपूतली पंचायत समिति में कांग्रेस की नेहा देवी ने 18 मत प्राप्त कर भाजपा की मिनाक्षी देवी को 9 मतों से किया पराजित



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** पंचायती राज ईकाईयों के चुनाव में प्रधान पद का चुनाव काफी रोचक तरीके से सम्पन्न हुआ।कोटपूतली पंचायत समिति में आये सदस्य परिणामों में भाजपा की बढ़त के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने दुगुने से ज्यादा मत प्राप्त करते हुए अपना प्रधान बना लिया।जबकि पावटा पंचायत समिति में सदस्य पद चुनाव परिणाम में मामला बराबरी पर छूटने के बावजूद भी भाजपा के पक्ष में रहा।जहाँ नजदीकी मुकाबले में भाजपा का प्रधान निर्वाचित हुआ। दोनों ही जगहों पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने स्थानीय समीकरणों के हिसाब से अपना समर्थन दिया।कोटपूतली पंचायत समिति में कांग्रेस,जबकि पावटा पंचायत समिति में भाजपा को रालोपा ने अपना समर्थन देते हुए प्रधान बनाने का रास्ता साफ किया। कोटपूतली पंचायत समिति के परिणामों पर गोर किया जाये तो यहां सदस्य पद चुनाव परिणाम में कांग्रेस को 8,भाजपा को 9,रालोपा को 3 व निर्दलियों को 7 सीटें मिली थी।चुनाव परिणामों के आने के बाद से ही कांग्रेस व भाजपा के साथ-साथ रालोपा ने भी प्रधान पद पर अपनी ताल ठोक दी थी।प्रधान पद हेतु कांग्रेस ने वार्ड नं. 3 से सदस्य निर्वाचित हुई नेहा गुर्जर को अपना प्रत्याशी बनाया,वहीं भाजपा में वार्ड नं. 14 से सदस्य निर्वाचित हुई मिनाक्षी घोघड़ व वार्ड नं. 27 से सुमन देवी गुर्जर में संघर्ष देखने को मिला। एनवक्त पर भाजपा ने वार्ड नं.14 से मिनाक्षी घोघड़ को अपना प्रत्याशी बनाया।सोमवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही कांग्रेस की नेहा देवी के अलावा मिनाक्षी घोघड़ व सुमन देवी गुर्जर दोनों ने ही भाजपा व निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपने अलग-अलग नामांकन दाखिल किये।बाद में भाजपा द्वारा मिनाक्षी घोघड़ को टिकिट दिये जाने पर सुमन गुर्जर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में डटी रही। मतदान प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व ही निर्दलीय सुमन गुर्जर व रालोपा ने अपना समर्थन कांग्रेस प्रत्याशी नेहा गुर्जर को दे दिया। जिससे कांग्रेस पार्टी बहुमत में आ गई।घोषित चुनाव परिणामों में कांग्रेस की नेहा गुर्जर ने 18 मत प्राप्त करते हुए भाजपा की मिनाक्षी घोघड़ को 9 मतों से पराजित किया।मिनाक्षी घोघड़ को कुल 9 मत ही प्राप्त हुए। चुनाव परिणामों में भी भाजपा की 9 ही सीटें आई थी।ऐसे में निर्दलियों के अलावा रालोपा के भी कांग्रेस के समर्थन में आ जाने पर कुल 18 मत प्राप्त कर नेहा गुर्जर प्रधान बनी है। वहीं दूसरी ओर पावटा पंचायत समिति में हुए कड़े मुकाबले में भाजपा की पूजा चौधरी ने 12 मत प्राप्त करते हुए अपने निकटवर्ती कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका यादव को एक मत से पराजित किया।जहाँ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा भाजपा को समर्थन दिया गया। अगर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की दो पंचायत समितियों की बात की जायें तो कोटपूतली में कांग्रेस व पावटा में भाजपा का प्रधान बनने के कारण मामला संतुलित नजर आ रहा है।हालांकि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की बूंदी देवी गुर्जर प्रधान बनी है।

### अंतिम समय तक चलती रही कशमकश

भाजपा टिकिट फाईनल होने के बाद मैदान में शेष बचे कांग्रेस प्रत्याशी नेहा गुर्जर,भाजपा प्रत्याशी मिनाक्षी घोघड़ व निर्दलिय प्रत्याशी सुमन गुर्जर के खेमों में मतदान प्रक्रिया शुरू होने से पहले तक कशमकश चलती रही। बाद में निर्दलिय प्रत्याशी सुमन गुर्जर व रालोपा सहित अन्य निर्दलिय सदस्यों ने अपना समर्थन कांग्रेस पार्टी को दे दिया।

### भाजपा सदस्यों की गाड़ी पर पत्थर फेंकने को लेकर गरमाया मामला -

हालांकि मतदान प्रक्रिया बेहद शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न हुई।लेकिन मतदान के लिए कथित रूप से पंचायत समिति आ रही भाजपा सदस्यों की गाड़ी पर पत्थर फेंके जाने का मामला भी सामने आया।भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि महिला सदस्य को रोकने के लिए गाड़ी पर पथराव किया गया।हालांकि बाद में मामला सदस्यों के परिजनों द्वारा ही गाड़ी को रूकवाने का सामने आया। इस दौरान एक बार तो मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को हल्का बल प्रयोग करते हुए खदेड़ दिया।

### एसडीएम सुनीता मीणा ने दिलवाई निर्वाचन की शपथ -

नवनिर्वाचित प्रधान नेहा गुर्जर को निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सुनीता मीणा ने निर्वाचन की शपथ दिलवाते हुए निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। नव निर्वाचित प्रधान ने प्रैस से बातचीत में महिला हितों के लिए कार्य करने व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत दूर करने की बात कही।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान एडीएम जगदीश आर्य,तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा व बीडीओ शशीबाला सहित अन्य मौजूद रहे।नव निर्वाचित प्रधान को पुलिस जाप्ते द्वारा पंचायत समिति से उनके घर तक छुड़वाया गया।

### चाक-चौबंद रहा पुलिस प्रशासन -

मतदान प्रक्रिया के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्थायें चाक-चौबंद नजर आई।इसके लिए एएसपी कार्यालय व न्यायालय परिसर के सामने बैरीकेडिंग भी की गई थी। मतदान के दौरान पंचायत समिति के सामने से यातायात बंद रहा। इस दौरान कोटपूतली,पनियाला व सरूण्ड थाना क्षेत्र सहित 200 आरएसी जवानों का जाप्ता तैनात किया गया था।मौके पर एएसपी रामकुमार कस्वां,डीएसपी दिनेश यादव व एसएचओ दिलीप सिंह शेखावत स्वयं मॉनीटरिंग करते नजर आये।

### पहली बार कोटपूतली में गुर्जर महिला बनी प्रधान

कोटपूतली पंचायत समिति में पहली बार गुर्जर समाज से महिला प्रत्याशी प्रधान निर्वाचित हुई है। आंकड़ों पर गोर किया जाये तो इस बार पंचायत समिति में भी महिला प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है। 27 में से 20 पंचायत समिति सदस्य महिला हैं। कोटपूतली पंचायत समिति में वर्ष 2005 से ही महिला प्रत्याशी प्रधान बन रही हैं। वर्ष 2005 में एससी महिला सीट पर भाजपा की शर्मिला आर्य,वर्ष 2010 में एसटी महिला सीट पर कांग्रेस की बबीता मीणा व वर्ष 2015 में ओबीसी महिला सीट पर भाजपा की मंजू देवी यादव प्रधान बनी थी।इस बार सीट सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित थी।

# फिजियोथेरेपी से मिल रही फिर से जीने की आस

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 8 सितम्बर विश्व में वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे के उपलक्ष्य में मनाया जाता है! फिजियोथेरेपी मेडिकल साइंस की ऐसी प्रणाली है जिसकी सहायता से जटिल रोगो का इलाज संभव होता है। फिजियोथेरेपी में जहाँ एक ओर ऑस्टिओ अथराइटिस (गठिया) और स्पाइनल इंजरी जैसी जटिल बीमारियों का इलाज है वहीं किसी भी प्रकार का साइड इफ्फेक्ट ना होना इसको आकर्षक बनाता है।



**डॉ. केसर चौधरी**
विभागाध्यक्ष, फिजियोथेरेपी विभाग यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी, जयपुर
@jagrukjanta.net

वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे के उपलक्ष्य में डॉ. केसर चौधरी का कहना है दुनिया के लगभग 26त्न वयस्क पूर्ण रूप से सक्षम नहीं है। भारत में सबसे अधिक लोग रोड एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं।हमारी जीवन शैली दिन प्रतिदिन तेज होती जा रही है।जिसके लिए हमें आसान और कारगर विधि का प्रयोग जरूरी है। किसी भी प्रकार का दर्द व्यक्ति की रोजमर्रा के जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है इसलिए सही समय पर सही तरीके से इसका उपचार आवश्यक है फिजियोथेरेपी में हम मरीज की मांशपेशियों की गतिविधि समझ उसका इलाज करते है। स्पोर्ट्स प्लेयर, सीनियर सिटीजन और बड़ी चोट का इलाज इस विधि द्वारा बहुत आसानी से किया जाता है। मरीज को दर्द से दीर्घकालीन छुटकारा दिलाते हैं उन्होंने कहा की समय के साथ साथ लोगो का रुझान फिजियोथेरेपी की तरफ बढ़ता जा रहा है। हम अपने सेंटर्स पर दुनिया की सबसे उत्कृट मशीनों द्वारा इलाज कर रहे है। विगत 7 सालों में हमने हजारों मरीजों का सफल इलाज किये हैं और भविष्य में फिजियोथेरेपी के प्रचार प्रसार पर भी काम करते रहेंगे। डॉ.चौधरी कई राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित भी है वर्ल्ड कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ फिजिकल थेरेपी ने 8 सितम्बर को वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे घोषित किया है। जिससे लोगो में इसके प्रति जागरूकता बढे और वर्तमान समय की जीवन शैली के अनुरूप उन्हें बिना किसी दुष्प्रभाव के इलाज संभव हो सके।



# मित्र की प्रेरणा से, मंजिल हासिल की, मित्रता निभाने के लिए

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** धौलपुर निवासी नर्सिंग ऑफिसर रामनरेश बघेल पिछले दो वर्ष से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में नर्सिंग ऑफिसर पद पर निरंतर मरीजो की सेवा करते रहे और साथ ही मित्र मनीष सैनी दौसा निवासी लोटवाड़ा गाँव के रहने वाले बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में नर्सिंग ऑफिसर पद पर निरन्तर रूप से सेवा दे रहे है। मनीष सैनी से प्रेरणा एवँ हर पल नयी दिशा मिलती रही और मैंने भी आज बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में नर्सिंग ऑफिसर स्थायी पद की नियुक्ति के लिये परीक्षा उत्तीर्ण करके नियुक्ति हासिल कर ली है अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। इस मुक़ाम हांसिल का श्रेय सर्वप्रथम मेरे माता पिता एवँ मेरे गुरुजन एवँ मेरे प्रिय मित्र मनीष सैनी एवं बड़े भाई प्रमोद को है। जीवन में बिना लक्ष्य के काम करने वाले लोग हमेशा सफलता से दूर रह जाते हैं जबकि सच तो यह है कि इस तरह के लोग कभी सोचते ही नहीं कि उन्हें क्या करना है? मानें तो जो छात्र अपना लक्ष्य बना कर चलते हैं वे बहुत जल्दी अपनी मंजिल को प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि उन्हें किस रास्ते पर जाना है। अगर सफलता एक पौधा है तो लक्ष्य ऑक्सीजन है।

1. लक्ष्य एकाग्र बनाता है।
2. आपकी प्रगति का मापक है लक्ष्य।
3. लक्ष्य आपको अविचलित रखेगा।
4. लक्ष्य आपको प्रेरित करेगा।

तो मित्रो, बिना लक्ष्य के आप कितनी भी मेहनत कर लो सब व्यर्थ ही रहेगा, जब आप अपनी पूरी ऊर्जा किसी एक लक्ष्य पर लगाओगे तो निश्चय ही सफलता आपके कदम चूमेगी।

## पंचायत समिति कोटपूतली के उप प्रधान चुनाव में भाजपा ने किया बड़ा उलटफेर

# भाजपा की मंजू रहीसा 13 मत प्राप्त कर बनी उप प्रधान

## कांग्रेस खेमे में दिखी फूट,पार्टी प्रत्याशी माया को मिले 9 मत

## कोटपूतली पंचायत समिति के इतिहास में पहली बार बनी गुर्जर महिला प्रधान एवं उप प्रधान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** पंचायती राज ईकाईयों के चुनाव में मंगलवार को कोटपूतली पंचायत समिति में सम्पन्न हुए उप प्रधान के पद पर भाजपा ने बड़ा उलटफेर करते हुए जीत का परचम लहराया है।उल्लेखनीय है कि सोमवार को हुए प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी नेहा गुर्जर ने 18 मत प्राप्त करते हुए भाजपा की मिनाक्षी घोघड़ को 9 मतों से पराजित किया था। जिसके बाद मंगलवार को उप प्रधान के चुनाव में भी कांग्रेस के बाजी मारने के कयास लगाये जा रहे थे।लेकिन सोमवार को जो अंतर्कलह भाजपा के खेमे में सामने आई थी।ठीक उसी तरह की फूट मंगलवार को कांग्रेस के खेमे में दिखाई देने से पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा।उप प्रधान चुनाव में भाजपा ने बाजी पलटते हुए गुर्जर प्रत्याशी मंजू रहीसा को अपना उम्मीदवार बनाया था।मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही वार्ड नं. 23 से जीत कर आई मंजू देवी रहीसा ने भाजपा व निर्दलीय,वार्ड नं. 1 की माया ने निर्दलीय व कांग्रेस,वार्ड नं. 6 की बीना देवी ने कांग्रेस,वार्ड नं. 21 की विमला ने निर्दलीय व कांग्रेस,वार्ड नं. 12 की सुमन कुमारी यादव ने कांग्रेस,वार्ड नं. 17 की माया देवी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।जिसके बाद भाजपा की ओर से वार्ड नं. 23 की मंजू देवी रहीसा व कांग्रेस की ओर से वार्ड नं.1 की माया को अपना प्रत्याशी घोषित किया गया।इस प्रकार कुल 6 प्रत्याशियों द्वारा 9 नामांकन दाखिल किये गये।जिसके बाद वार्ड नं. 21 की विमला ने अपना नामांकन वापस ले लिया।नाम वापसी के बाद भाजपा व कांग्रेस के अलावा निर्दलीय के रूप में बीना देवी,माया देवी व सुमन कुमारी यादव मैदान में डटे रहे।उप प्रधान के चुनाव को लेकर कांग्रेस खेमे में फूट देखने को मिली।हालांकि मतदान प्रक्रिया शुरू होने से पहले निर्दलीय सुमन कुमारी यादव व बीना देवी द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन दे दिया गया।जबकि वार्ड नं. 17 की माया देवी निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में डटी रही।हालांकि मतदान के नतीजों में कांग्रेस खेमे में क्रॉस वोटिंग भी दिखाई दी।जिसके चलते भाजपा की मंजू देवी रहीसा ने 13 मत प्राप्त करते हुए कांग्रेस की माया को 4 मत से पराजित किया।कांग्रेस की माया को 9 मत व निर्दलीय माया देवी को 5 मत प्राप्त हुए।वहीं दूसरी ओर पावटा पंचायत समिति में भी भाजपा के राजेन्द्र सिंह शेखावत ने 17 मत प्राप्त करते हुए उप प्रधान की सीट पर कब्जा जमाया है।उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी सुमन देवी को 12 मतों से पराजित किया।इस प्रकार कोटपूतली व पावटा पंचायत समिति में प्रधान पद की बात की जाये तो क्रमशः कांग्रेस व भाजपा एवं उप प्रधान पद पर भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत हांसिल की है।कुल मिलाकर पंचायती राज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का ही दबदबा देखने को मिला है।यहां ज्यादातर निर्दलीयों व रालोपा ने स्थानीय समीकरणों के हिसाब से अपना मतदान किया।कोटपूतली पंचायत समिति के 70 वर्षो के इतिहास में पहली बार प्रधान व उप प्रधान के पद पर गुर्जर समाज के प्रत्याशियों को जीत हांसिल हुई है। इसमें भी बड़ी बात यह है कि दोनों पदों पर महिला उम्मीदवारों ने अपनी जगह बनाई है।आंकड़ों पर गोर किया जाये तो इस बार पंचायत समिति में भी महिला प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है।27 में से 20 पंचायत समिति सदस्य महिला हैं।कोटपूतली पंचायत समिति में वर्ष 2005 से ही महिला प्रत्याशी प्रधान बन रही है।वर्ष 2005 में एससी महिला सीट पर भाजपा की शर्मिला आर्य,वर्ष 2010 में एसटी महिला सीट पर कांग्रेस की बबीता मीणा व वर्ष 2015 में ओबीसी महिला सीट पर भाजपा की मंजू देवी यादव प्रधान बनी थी। इस बार सीट सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित थी।

### एसडीएम सुनीता मीणा ने दिलवाई शपथ

नवनिर्वाचित उप प्रधान मंजू देवी रहीसा को निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सुनीता मीणा ने निर्वाचन की शपथ दिलवाते हुए निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा।उन्होंने प्रैस से बातचीत में महिला हितों के लिए कार्य करने व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत दूर करने की बात कही।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान एएसपी रामकुमार कस्वां व तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।नव निर्वाचित उप प्रधान को पुलिस जाप्ते द्वारा पंचायत समिति से उनके घर तक छुड़वाया गया।

### चाक-चौबंद रहा पुलिस प्रशासन

मतदान प्रक्रिया के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्थायें चाक-चौबंद नजर आई।इसके लिए एएसपी कार्यालय व न्यायालय परिसर के सामने बैरीकेडिंग भी की गई थी। मतदान के दौरान पंचायत समिति के सामने से यातायात बंद रहा।इस दौरान कोटपूतली,पनियाला व सरूण्ड थाना क्षेत्र सहित 200 आरएसी जवानों का जाप्ता तैनात किया गया था।मौके पर एएसपी रामकुमार कस्वां,डीएसपी दिनेश यादव एवं एसएचओ दिलीप सिंह शेखावत स्वयं मोनिटरिंग करते दिखाई दिये।

# ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के छात्र लोकेश का सैनिक स्कूल में चयन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** कस्बे के अमाई रोड़ पर स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत छात्र लोकेश गुर्जर का जारी किए गए सैनिक स्कूल के परिणाम में उतीर्ण होने पर विद्यालय परिवार की ओर से माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की निदेशिका रीतु शर्मा ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सैनिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है।जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत छात्र लोकेश गुर्जर पुत्र मोदीराम गुर्जर का सैनिक स्कूल इंफाल में अध्ययन के लिए चयन हुआ है।इस अवसर पर विद्यालय के सचिव राजीव शर्मा ने विद्यालय परिवार की ओर से छात्र लोकेश गुर्जर का माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं शर्मा ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की।इस दौरान राजीव शर्मा ने सभी अध्यापकों को भी शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों को मेहनत व लगनपूर्वक पढ़ाई करवा कर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर सभी शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।इस मौके पर उमेश कुमार,मदन सर,दीपक कुमावत,टविंकल,शशि प्रभा शर्मा,सुनीता सैनी, सचिन टेलर,संतोष सेन आदि अध्यापक व अध्यापिका मौजूद रहे।इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने भी सैनिक स्कूल के लिए चयनित छात्र को बधाइयां देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नि:शुल्क सेनेटरी पैड का वितरण निरन्तर जारी



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान टीम द्वारा ग्रामीण महिलाओं को निरन्तर नि:शुल्क सेनेटरी पैड का वितरण कर स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान संयोजक रवि कुमार शर्मा ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को पाटन के निकटवर्ती ग्राम कोला की नांगल में फील्ड ऑफिसर सुप्यार देवी,अध्यक्ष वंदना देवी,शारदा देवी,रेखा शर्मा की अध्यक्षता में बालिकाओं व महिलाओं को नि:शुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।इस दौरान प्रेम देवी, खामोश देवी,राजबाला देवी,पिंकी देवी सहित अनेक महिलायें मौजूद रही।

## आज यहां होगा कोविशिल्ड वैक्सीन टीकाकरण

**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** क्षेत्र में आज बुधवार को विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोविशिल्ड वैक्सीन का टीकाकरण किया जायेगा। बीसीएमओ डॉ.रामनिवास यादव ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों के कोविशिल्ड वैक्सीन की प्रथम व द्वितीय दोनों डोज लगाई जायेगी।इस दौरान बनेठी,चाँदोली, रामसिंहपुरा, देवता, सुदरपुरा, द्वारिकपुरा,पनियाला,खड़ब,कारौली, कैरोड़ी, सरूण्ड, बसई, रघुनाथपुरा, राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल, राजकीय सरदार जनाना अस्पताल, शुक्लावास के स्वास्थ्य केन्द्रों पर वैक्सीन लगाई जायेगी।

ANCHOR

## भोपालगढ़ में रक्तदान शिविर एवं कोरोना योद्धा सम्मान

# रक्तदान महादान है, सेवा के कार्यों में आगे आएं युवा-दास

## नवनिर्मित सार्वजनिक विश्रामगृह का हुआ लोकार्पण

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**भोपालगढ़।** आज हम सभी अपने लिए जीवन जी रहे हैं। जीवन जीने का महत्व तो तब है, जब हम दूसरों के लिए कुछ करें। इसका सीधा व सरल माध्यम रक्तदान है। उससे हम दूसरे का जीवन बचा सकते हैं। रक्तदान ही है महादान, दूसरों का जीवन बचाने में सुख मिलता है। यह बात स्थानीय राजीव गांधी युवा क्लब में सोमवार को समाजसेवी स्व. गोरधनराम सोलंकी की प्रथम पुण्यतिथि पर क्षेत्र के प्रमुख रामस्नेही रामधाम खेड़ापा के पीठाधीश्वर महंत आचार्य पुरुषोत्तमदास महाराज एवं रतकुड़िया भाकर स्थित लोकसंत सदुरु भोलाराम महाराज की देवरीधाम के उत्तराधिकारी युवाचार्य संत रामदास शास्त्री के सानिध्य में रक्तदान शिविर एवं कोरोना योद्धा सम्मान समारोह हुआ। साथ ही यहां बनाए गए सार्वजनिक विश्रामगृह का लोकार्पण एवं जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भी वितरित की गई। कार्यक्रम संयोजक राजीव गांधी युवा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष शिवकरण सैनी ने बताया कि सुबह 9 बजे से आयोजित रक्तदान शिविर एवं कोरोना योद्धा सम्मान समारोह में युवाओं का उत्साह खूब नजर आया और दिन भर में 121 युवाओं ने रक्तदान किया। जिन्हें आई एस आई मार्का के हैलमेट वितरित किए गए। वहीं इस दौरान समाजसेवी शिवकरण सैनी एवं परिजनों की ओर से क्लब के बाहर सड़क किनारे राहगीरों के लिए बनाए गए सार्वजनिक विश्रामगृह का भी खेड़ापा पीठाचार्य शास्त्री एवं देवरीधाम के संत शास्त्री ने लोकार्पण किया। साथ ही 5 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भी दी गई। इस मौके पर आशीर्वचन प्रदान करते हुए खेड़ापा पीठाचार्य शास्त्री ने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर और कोई पुण्यकार्य नहीं है। साथ ही इनके गुजरने के बाद भी जो लोग सार्वजनिक कार्यों के माध्यम से इनकी यादगार बनाए रखते हैं, वे बड़े भाग्यशाली होते हैं। कार्यक्रम को देवरीधाम के उत्तराधिकारी युवाचार्य संत रामदास शास्त्री ने भी रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाया । इस मौके पर रातियों की ढाणी कबीर आश्रम के महंत मांगूदास महाराज, सुखदेव महाराज, पूर्व पंचायत समिती सदस्य जयप्रकाश देवड़ा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव बंशीलाल देवड़ा, कालूराम सोलंकी, पुखराज सोलंकी, हीरालाल सोलंकी, अर्जुन राम भाटी, डूंगर राम सोलंकी, युवा उद्यमी मधुभाई बिश्नोई, महेन्द्रप्रताप एमपी देवड़ा, भंवरलाल देवड़ा, रामसुख सोलंकी, राजीव गांधी युवा क्लब के सचिव हेमसिंह सोलंकी, बादर राम देवड़ा, भारमल गुरु, रामस्वरूप देवड़ा, ओमाराम देवड़ा, सुमेर देवड़ा, आतिफ सिकंदर, नरसिंगराम सोलंकी, नथमल देवड़ा अशोक सोलंकी, श्याम सोलंकी, सुमेर भाटी, बाबूराम सोलंकी, चंपालाल सोलंकी, सुरेश परिहार, कैलाश देवड़ा, जगदीश देवड़ा एक्स आर्मी, किशोर सोलंकी, रामकिशोर भाटी, बाबूराम देवड़ा नागल वास, रामस्वरुप गर्ग समेत कई कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद थे।